बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 29, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 16

सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 15

## एक नजर

### रेरा ने खरीदार पर जुर्माना लगाया

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने अपनी तरह के एक अनूठे मामले में मंगलवार को एक खरीदार पर कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए जुर्माना लगाया। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि खरीदार ने संपत्ति की रजिस्ट्री में देरी के लिए मुआवजे की मांग करते हुए चौथी बार याचिका दायर की थी। नोएडा एक्सटेंशन में स्थित एक वाणिज्यिक परियोजना में आवंटी को कब्जा पहले ही मिल चुका है। उत्तर प्रदेश रेरा के एक अधिकारी ने कहा कि यह पहला मामला है जिसमें किसी खरीदार को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के लिए दंडित किया गया है।

### गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं। जिसमें कई छात्रों और अध्यायपकों को गिरफ्तार किया गया है।

### यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। अधिकारियों ने विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसने आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 डेज एमबीए'। कहा, किसी डिग्री का नामकरण, उसके संक्षिप्त रूप, अवधि और प्रवेश योग्यता सहित, यूजीसी द्वारा केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के साथ, आधिकारिक राजपत्र में एक अधिसूचना के प्रकाशन के माध्यम से निर्दिष्ट किया जाता है।

## पत्नी फंदे पर लटकी तो पति ने खुद को गोली मार कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में हुई घटना

**अमृत विचार :** रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में सोमवार देर रात पत्नी के फांसी लगाने के लगभग एक घंटे बाद पुलिसकर्मी ने सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। सिपाही चुनावी ड्यूटी से लौटा था। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद पहले पत्नी और फिर पति ने आत्महत्या कर ली।

देवकली निवासी जौहरी लाल पटेल का बड़ा बेटा मयंक पटेल (32) जीआरपी झांसी में तैनात था। कुछ दिन पहले वह पत्नी कुसुम (27) और डेढ़ साल के बेटे आर्यन उर्फ दादू के साथ गांव आया था। मयंक प्रथम चरण के चुनाव में बिजनौर ड्यूटी पर गया था और 21 अप्रैल को गांव लौटा था। 22 अप्रैल की रात उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद रात में ही कुसुम का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार लगभग एक घंटे बाद मयंक चुनाव ड्यूटी में नोयडा जाने की बात कहकर अपनी सरकारी रायफल लेकर घर से निकल गया।

घर से कुछ दूरी पर रायफल को अपनी ठुड्डी से लगाकर फायर कर दिया। इससे गोली सिर को भेदते हुए निकल गई और मयंक की मौके पर ही मौत हो गई। पति-पत्नी की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

## पहाड़ों में बारिश से मौसम सुहावना, तप रहे मैदान

संवाददाता, हल्द्वानी

- देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बारिश हुई। जिससे वहां तापमान में गिरावट आई है। इधर, मैदानी इलाकों में गर्मी बरकरार रही। हालांकि कुछ जगहों पर बादल छाने से शाम को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग ने पहले ही पहाड़ों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। मंगलवार को उत्तरकाशी जिले के मोरी में 4.5 मिमी, चंपावत जिले के पाटी में 3.5 मिमी, गंगोलीहाट में एक मिमी, पौड़ी जिले के भरसार में दो मिमी और पिथौरागढ़ में 3.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पहाड़ों में बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई वहीं वनाग्नि की घटनाओं से भी कुछ राहत मितने का अनुमान है। इधर मैदानी इलाकों में दोपहर तक गर्मी और लू रही। देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम के समय बादल छाने से मैदानी इलाकों में गर्मी से कुछ राहत मिली। आने वाले दिनों में तापमान में उछाल आने का अनुमान है।

## नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने अंगों के भीतर और सामान में छुपाया हुआ था।

# भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती

## कोर्ट ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने को मंत्रालयों से जवाब मांगा
- महंगी दवाएं लिखने वाले डाक्टरों को भी दी नसीहत



यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी।

सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं । इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था। पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता आईएमए से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा। इसने कहा कि आईएमए के सदस्यों के बारे में कई शिकायतें की गई हैं जो अत्यधिक महंगी दवाएं और उपचार लिखते हैं। पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को भी प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाएगा। न्यायालय ने आईएमए के वकील से कहा कि जब वे पतंजलि पर उंगलियां उठा रहे हैं, तो अन्य चार उंगलियां आप पर भी उठ रही हैं।

## कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ सरकारी बैंक नहीं जारी कर सकते एलओसी

मुंबई, एजेंसी

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

## दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**26 अप्रैल को होगा मतदान**

**अमृत विचार :** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं। चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का संख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अधिकारी ने बताया कि आयोग ने मतदान के दिन केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

## केजरीवाल की 7 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाई।



वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं।

## कोर्ट का आदेश बना जमानत कराने वाले गैंग के सात सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फर्जी दस्तावेजों की पूरी सामग्री लेकर चलते थे

**अमृत विचार :** आगरा एसटीएफ ने न्यायालय का फर्जी आदेश बनाकर मुजरिमों की जमानत कराने वाले गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी कागजातों को तैयार करने की अनेक सामग्री भी बरामद की गई है।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक जमानत के खेल की जानकारी मिलने के बाद टीम लगातार सक्रिय थी। पहले दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। इसके बाद इन्हीं से पूछताछ करते हुए बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह आगरा न्यायालय में चल रहे मुकदमों से सम्बन्धित अभियुक्तों (जो जेल में निरूद्ध है) की जमानत का 30-40 हजार रुपये में फर्जी रूप से जमानतदार लगाकर जमानत दिलाने का ठेका लेते हैं। गारंटरों को भी पांच-पांच सौ रुपये दिए जाते हैं। पूछताछ में पता चला कि कुछ दिन पहले गैंगस्टर एक्ट में बंद अजय निवासी नैनानाजाट थाना सदर की जमानत में निर्मल पुत्र गिरिराज सिंह निवासी भानपुर मेंनिया धौलपुर राजस्थान के नाम से तथा हरिओम ने रामकिशन पुत्र भूरा निवासी भानपुर मॅनिया धौलपुर राजस्थान के नाम से जमानत कराया था।

### ये मिले फर्जी दस्तावेज

आरोपियों के पास से 129 कूटरचित आधार कार्ड, 24 मोहरें, 35 वर्क रजिस्ट्रेशन व कूटरचित बीमा, एक लैपटाप, प्रिंटर, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, डीएल, आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों थानों और तहसीलों के कूटरचित रिपोर्ट, जमानत तस्दीक के लिए आख्या प्रेषण, उद्धरण खतौनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के 49 वर्क, नौ एटीएम कार्ड व 10 मोबाइल भी बरामद हुए हैं।

## मुंबई पुलिस ने गुजरात की तापी नदी से बरामद की दो पिस्तौल

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं। सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है।



# देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा
- सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया



अमरोहा में जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते पार्टी कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रहरा के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। अब देश में कही पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है। आज कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सपना कल्याण सिंह ने देखा, वह पूरा हो रहा है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा और बसपा ने प्रदेश में बंदरबांट शुरू की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली का नाम लिए बिना कहा कि जो संसद भवन में भारत माता की जय नहीं बोल सकता, उसे क्या आप संसद में भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हनुमान जयंती पर घर-घर जाकर सबको राम-राम करें।

## विमान में बच्चों को माता पिता के साथ मिलेगी सीट

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस सुनिश्चित करे कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता/ अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए।

## दूषित जल के शोधन को 12 जिलों में सुविधा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनजीटी ने अधिकारियों को सुधारात्मक उपाय के दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में गंगा और उसकी सहायक नदियों में दूषित जल के शोधन में व्यापक अंतर है, जबकि 12 जिलों में कोई शोधन सुविधा मौजूद नहीं है।

एनजीटी यह टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्रतापूर्वक सुधारात्मक उपाय करने को कहा। एनजीटी ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने के मामले पर सुनवाई की। इससे पहले उसने उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड से नदी के प्रदूषण पर विशेष जानकारी मांगी थी। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसमें 23 जिलों की जानकारी दी गई थी। इनमें बागपत, बुलन्दशहर, बलिया, मथुरा, सहारनपुर, ललितपुर, गोंडा, हमीरपुर, हाथरस, मऊ, अलीगढ, बरेली, एटा, जालौन, कासगंज, अंबेडकर नगर, शाहजहांपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, हरदोई, गाजीपुर और अयोध्या शामिल है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद भी शामिल हैं।

## एक नजर

### सपा ने राजेश को बनाया बरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सिंघल को बरेली लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुरादाबाद में सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश सिंघल को बरेली लोकसभा का प्रभारी बनाकर भेजा है।

### मामूली बात पर मारपीट ठेले वाले पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना क्षेत्र के कानून गोयान निवासी यश रस्तोगी की तहरीर पर पुलिस ने ठेले वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें यश रस्तोगी ने बताया कि बीते 17 अप्रैल को शाम वह बाजार से घर लौट रहे थे। मंडी बांस में एक व्यक्ति ठेला सड़क पर खड़ा करके माल ढोने रहा था। जिससे वहां जाम लगा हुआ था। यश ने बताया उसने ठेला एक ओर करने कहा तो वह मारपीट करने लगा। थाना मुगलपुरा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम के कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

# स्ट्रांग रूम का जिलाधिकारी ने देर रात किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के भाग्य मतदान के बाद ईवीएम में बंद हो गए हैं। सभी ईवीएम अब जिला प्रशासन की निगरानी में हैं। जिनकी सुरक्षा का जायजा लेने मंगलवार रात प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह मंडी समिति पहुंचे। जहां उन्होंने ईवीएम के रखरखाव के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी के कंट्रोल रूम में जाकर वहां तैनात अधिकारियों से सुरक्षा में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, पत्नी और बेटे सहित परिजनों को दी सांत्वना

# जिंदादिल व्यक्ति के जाने पर हमें रोना नहीं चाहिए : सीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद और मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिंदादिल इंसान के चले जाने पर शोक नहीं करना चाहिए। कुंवर सर्वेश सिंह निर्भीक और निडर व्यक्ति थे। वह बिना थके हुए लगातार काम करने वाले इंसान थे।

उन्होंने हर मदद मांगने वाले की मदद की। उनकी क्षेत्र में इतनी पकड़ थी कि किसी ने यह नहीं पूछा कि प्रत्याशी क्षेत्र में क्यों नहीं आए। किसी ओर से कोई शिकायत नहीं मिली। उनके क्षेत्र के लोगों का उनको पूरा समर्थन मुझे देखने को मिला। सांत्वना देते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आंखें भर आईं। इस प्रकार का दृश्य देखकर सभी लोग भावुक हो गए।



सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री।



पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के घर पर उनके पुत्र सुशांत सिंह से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

- **पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि देने के दौरान मुख्यमंत्री हुए भावुक**

पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि अर्पित करने मुख्यमंत्री लगभग 1:51 बजे ठाकुरद्वारा स्थित उनके गांव रतुपुरा पहुंचे। वहां सभी मौजूद लोग और परिजन मुख्यमंत्री के आने का इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर गांव से करीब एक किलोमीटर पहले ही बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद वह कार द्वारा गांव तक पहुंचे। इसके बाद कुंवर सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मुख्यमंत्री परिजनों के साथ बैठे और उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद के बेटे विधायक सुशांत सिंह और सर्वेश सिंह की पत्नी साधना सिंह सहित परिजनों को सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अमित सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह , डॉ. विशेष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# गरीबरथ 7 और समर स्पेशल 12 घंटे देरी से पहुंची

## यात्रियों का हाल बेहाल कर रही ट्रेनों की लेटलतीफी, दो से तीन घंटों की देरी से पहुंच रहीं प्रमुख ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अप्रैल के आखिर में गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी भी बढ़ने लगी है। जिसकी एक बड़ी वजह ट्रेनों की लेटलतीफी भी है। जी हां, पिछले काफी दिनों से ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। मंगलवार को भी गरीबरथ 7 और बीकानेर समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे की देरी से पहुंची।

होली और ईद के बाद से ट्रेनों में लगातार भीड़ बढ़ रही है। इस बीच गर्मी ने भी अपना सितम दिखाना शुरू कर दिया है। मई और जून में गर्मी और सताएगी। ऐसे में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। मौजूदा समय में गर्मी के मौसम में ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। प्रतिदिन पांच से 10 ट्रेनें दो से तीन घंटे की देरी से पहुंच रही हैं। जिससे यात्रियों का सफर कठिनाई भरा हो रहा है। इतना ही नहीं, गर्मी के मौसम में यात्रियों को घंटों तक ट्रेनों का इंतजार करना पड़ता है। वहीं रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें भी समय पर नहीं पहुंच रही हैं। मंगलवार को बीकानेर समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तीन मिनट की देरी से पहुंची। इसके अलावा हावड़ा अमृतसर मेल आठ घंटे और गरीबरथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से सात घंटे देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को गर्मी के दौरान ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा।



स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

- **होली और ईद के बाद से ट्रेनों में बढ़ रही है यात्रियों की भीड़, ट्रेनों की देरी से यात्री हो रहे परेशान**

| ट्रेन संख्या व नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|
| 04708 बीकानेर स्पेशल | 12 घंटे 3 मिनट |
| 13005 हावड़ा-अमृतसर मेल | 8 घंटे |
| 22446 कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक | 7 घंटे 41 मिनट |
| 04049 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल | 14 घंटे 45 मिनट |
| 14618 जनसेवा एक्सप्रेस | 5 घंटे पांच मिनट |
| 12203 अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस | 8 घंटे 15 मिनट |
| 13152 कोलकाता एक्सप्रेस | 5 घंटे 30 मिनट |
| 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस | 4 घंटे 17 मिनट |
| 15909 अवध-असम एक्सप्रेस | 1 घंटा 21 मिनट |
| 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस | 9 घंटे 1 मिनट |
| 19602 उदयपुर सिटी साप्ताहिक | 3 घंटे 13 मिनट |

### आनंद विहार से अयोध्या कैंट तक संचालित होगी समर स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे की ओर से गर्मी की छुट्टियों के लिए लगातार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को सफर करने में कोई परेशानी न हो। अब आनंद विहार से अयोध्या कैंट तक दो स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गर्मी में यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 04096 और 04095 का संचालन किया जाएगा। जिसमें ट्रेन संख्या-04096 आनंद विहार से अयोध्या कैंट तक 27 अप्रैल से 29 जून तक संचालित होगी। यह ट्रेन शनिवार से सोमवार के बीच चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या-04095 अयोध्या कैंट से आनंद विहार 28 अप्रैल से 30 जून तक संचालित होगी। यह ट्रेन रविवार व मंगलवार को चलेगी। जिसमें स्लीपर, वातानुकूलित तृतीय क्षेणी, वातानुकूलित द्वितीय और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के कोच शामिल रहेंगे।

### अवैध अस्पताल, नर्सिंग होम पर कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम व अस्पतालों के खिलाफ राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के पदाधिकारी मंगलवार को मंडलायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे। मंडलायुक्त के कार्यालय पर न मिलने पर संगठन के पदाधिकारी बिना ज्ञापन दिए लौट गए। राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के कार्यकर्ता मंडलायुक्त कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। वहां उन्होंने जनपद में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम और अस्पतालों के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के स्वामियों से चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत होने की बात कही। उन्हीं के संरक्षण में अवैध नर्सिंग होम संचालित कराने का आरोप लगाया। लेकिन मंडलायुक्त के कार्यालय में न होने पर वे बिना ज्ञापन सौंपे ही लौट गए। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैह ने बताया कि अवैध नर्सिंग होम व अस्पतालों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# पद्मश्री देने के लिए मैं भारत सरकार का आभारी: बाबूराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के शिल्पगुरु बाबूराम यादव शुरुआत से ही सुर्खियों से दूर रहकर लो प्रोफाइल में काम करते रहे। उन्होंने हमेशा दिखावे की जगह अपने काम को तरजीह दी। साल 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने उन्हें शिल्प गुरु के खिताब से नवाजा था। अब पद्मश्री अवार्ड पाकर गदगद हैं। अब बाबूराम यादव को पीतल नगरी के साथ-साथ अन्य शहरों से भी बधाइयां आ रही हैं।

पद्मश्री से नवाजे गए पीतल नगरी के बाबूराम यादव ने अपने गुरु अमर सिंह से नक्काशी की बारीकियां सीखीं थीं। उनके साथ वह लगभग डेढ़ दशक तक रहे और इस कार्य में पारंगत होकर अपने घर में काम करने लगे। उनके बनाए सजाटवी आइटम खासे पसंद किए जाते हैं। बर्तन हो या सुराही। फूलदान हो या अन्य आइटम बाबूराम का हाथ लगते ही दमक उठते हैं। उनके बनाए आइटम विदेशों में ड्राईंग रूम की शोभा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अमृत विचार से बातचीत के दौरान बताया कि पद्मश्री जैसा अत्यंत प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए हम जैसे लोगों तक भी निगाह जाएगी, ऐसा कभी सोचा नहीं था।

मुझे यह अंदाजा नहीं था कि इस अवार्ड के लिए मेरा नाम भी चयनित होगा। मैं हमेशा अपने काम को तरजीह देता था। अब मुझे यह अवार्ड मिल गया है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मान रहा हूं। इसके लिए मैं भारत सरकार का आभारी हूं।



बाबूराम यादव को सम्मान पत्र देतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

**सम्मान**

- **हमेशा सुर्खियों से दूर रहकर दी काम को तरजीह**
- **अपने गुरु अमर सिंह से नक्काशी की बारीकियां सीखीं**



**लापरवाही :** हम बच्चों को किसी भी वाहन से स्कूल भेजकर यह समझते हैं कि वह सुरक्षित अपने स्कूल पहुंच जाएगा। लेकिन यह तस्वीर इससे बिल्कुल परे हैं। मंगलवार की दोपहर डिप्टी गंज चौराहे के पास एक ई-रिक्शा चालक छोटी बच्ची को ई-रिक्शा के हैंडल के पास बैठाकर रिक्शा चलाता हुआ नजर आ रहा है। यह यातायात नियमों के खिलाफ तो है, साथ ही उस बच्ची के साथ अपनी जान को भी जोखिम में डाल रहा है। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम की सफलता को सौंपी जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन सदा शिव साईं मंदिर ट्रस्ट की बैठक सोमवार को रामलीला मैदान लाजपत नगर में हुई। अध्यक्षता श्याम मोहन अग्रवाल ने और संचालन सुनीत मोहन अग्रवाल ने किया।

बैठक में श्री साईं बाबा के 29वें स्थापना दिवस के वार्षिकोत्सव 1 मई को होगा। समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भजन-कीर्तन की जिम्मेदारी सारिका अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, अंजना शर्मा को व दोपहर 12 बजे आरती की जिम्मेदारी मंदिर के पंडित हरि गोपाल शर्मा, कृष्ण मोहन अग्रवाल, श्याम कृष्ण रस्तोगी को सौंपी गई। जबकि भंडारे की जिम्मेदारी सुनीत मोहन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल को व शाम को 6 बजे श्री सांई बाबा की पालकी शोभायात्रा की जिम्मेदारी कृष्ण मोहन अग्रवाल, हिमांशु शर्मा और अन्य भक्तों को सौंपी गयी।

# स्प्रिंगफील्ड कैपिटल्स ने 110 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रही मिनी आईपीएल लीग में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में स्प्रिंगफील्ड कैपिटल्स ने 22 यार्ड सुपर किंग्स को 110 रनों से मात दी। टीम के लिए अशरफ रजा ने ताबड़तोड़ 160 रन बनाए। दूसरे मैच में रॉयल्स ने बुल्स को 246 रनों से हरा दिया। टीम के लिए राजीव चौहान ने 5 विकेट लिए।

पहला मैच स्प्रिंगफील्ड कैपिटल्स और 22 यार्ड सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इसमें 22 यार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्प्रिंगफील्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 301 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अशरफ रजा ने 89 गेंदों पर शतक लगाते हुए 160 रन बनाए। वहीं 22 यार्ड के लिए कप्तान कार्तिक ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी 22 यार्ड की टीम निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 191 रन ही बना पाई और मैच 110 रनों से हार गई। टीम के लिए शमित दास 45, तनमय 32 और पवन कश्यप ने नाबाद 26 रनों की पारी खेली। वहीं स्प्रिंगफील्ड के लिए मोहम्मद शान, पीयूष ने 2-2 विकेट लिए। अशरफ रजा को उनकी शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरा मैच एसएस रॉयल्स चैलेंजर्स और कृष्णा बुल्स के बीच खेला गया। इसमें रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में सभी विकेट खोकर 302 रन बनाए। टीम के लिए अर्शिल 48, अभिनव शुक्ला 83, विश्वजीत ने 10 गेंद पर तूफानी 28 रनों की पारी खेली। जवाब में बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुल्स की पूरी टीम 16.3 ओवर में 56 रनों पर ढेर हो गई और मैच 246 रनों से हार गई। टीम के लिए मुनेंद्र ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। उन्होंने 14 रन बनाए। रॉयल्स के लिए राजीव चौहान 5, अंश भाटिया 4 और विश्वजीत वर्मा ने 1 विकेट लिया। राजीव चौहान को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, यश शुक्ला, सलिम अहमद, बदरुद्दीन सिद्दीकी, विपुल, शुभम, मोबिन मलिक आदि मौजूद रहे।




अशरफ रजा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी व अन्य।

- **टीम के लिए अशरफ रजा ने बनाए 160 रन, दूसरे मैच में रॉयल्स ने बुल्स को 246 रनों से रौंदा**

**परेशानी** पीली कोठी से मधुबनी पार्क तक के उपभोक्ता दोपहर से रात तक रहे परेशान, साढ़े आठ बजे पेड़ों को हटाकर सुचारु हुई आपूर्ति

# आंधी में विद्युत लाइनों पर गिरे पेड़, 1500 घरों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार की दोपहर को आई आंधी ने 1500 से ज्यादा घरों की बिजली गुल कर दी। तेज हवा में पेड़ टूटकर विद्युत लाइनों पर गिर गए। इससे मधुबनी पार्क से लेकर आदर्श नगर और पीली कोठी स्थित जिला अधिकारी आवास मार्ग पर रहने वाले उपभोक्ता करीब छह घंटे तक परेशान रहे। रात 8:30 बजे तक विद्युत लाइनों की मरम्मत हो पाई। उसके बार लोगों ने राहत की सांस ली।

मंगलवार की सुबह से तेज धूप रही, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम बिगड़ गया। तेज हवा के साथ आई आंधी से ढाई बजे मधुबनी पार्क के पास लगे ट्रांसफार्मर से कुछ ही दूरी पर 33 हजार केवी की लाइन पर पेड़ गिर गया। जिसके बाद बराबर में लगे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हुआ और मधुबनी कॉलोनी और आदर्श नगर कॉलोनी के 500 उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था अचानक चौपट हो गई। पीटीसी विद्युत केंद्र पर तैनात एसडीओ के अनुसार शाम चार बजे तक 33 हजार की विद्युत लाइन की मरम्मत के बाद ट्रांसफार्मर ठीक कर शाम चार बजे बिजली आपूर्ति सुचारु की गई। इसके कुछ ही देर बाद पीली कोठी नंदन स्वीट्स हाउस के सामने जा रही 11 हजार केवी के लाइन पर दो पेड़ गिर गए। एसडीओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि लाइन पर गिरे पेड़ों को काटकर हटाया गया। जिसके बाद टूटे तारों को जोड़कर रात साढ़े आठ बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारु की गई।



पेड़ गिरने से टूटे तारों को ठीक करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

### विद्युत अधिकारियों की मनमानी से बढ़ी परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी का कार्य कर रही कार्यदायी संस्था ने मंगलवार को कार्य करने के लिए शटडाउन प्लान दिया था। लेकिन, निर्धारित समय से दो घंटे पहले ही तीन विद्युत केंद्रों से जुड़े 6 मोहल्लों की बिजली आपूर्ति गुल हो गई। इससे 550 परिवारों को बिजली कटौती के संकट से जूझना पड़ा। महिलाओं को घरेलू कामकाज निपटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय की सूचना के बाद मंगलवार को सुबह 10 बजे होने वाली बिजली कटौती के स्थान पर सुबह 8 बजे बिजली सप्लाई गुल हो गई। ऐसा ही दौलत बाग विद्युत उपकेंद्र से जुडे.मोहल्ला दौलत बाग, नागफनी और दीवान के बाजार में दोपहर दो बजे बिजली कटौती दी गई थी। लेकिन 12 बजे विद्युत आपूर्ति ठप कर दी गई। इससे दीवान का बाजार के व्यापारियों को दिक्कतों को सामना करना पड़ा। इससे बिजली विभाग के खिलाफ व्यापारी वर्ग में रोष है।

# हल्की बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बीते कई दिनों से उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को मंगलवार दोपहर हल्की बूंदाबांदी से राहत मिली। इससे मौसम सुहाना हो गया है। काले बादलों ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई।

मंगलवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और बादल छा गए। इसके बाद बूंदाबांदी होने लगी। इससे उसम भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। पूरे दिन ठंडी हवाओं से मौसम खुशनुमा बना रहा। मौसम सुहाना होने से लोग घरों से बाहर निकले। बाजारों में भी रौनक बनी रही। रामगंगा विहार निवासी शीतल, राखी ने कहा की बहुत दिनों बाद मौसम में ठंड का अहसास है। बहुत अच्छा लग रहा है।



मंगलवार दोपहर आकाश में बादल छाने पर कुछ ऐसा दिखा नजारा। ● अमृत विचार

### गेहूं की फसल को नुकसान, खेत में कटी पड़ी फसल उड़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को मौसम ने करवट ली। काले बादल आसमान में छा गए और तेज हवा चलने लगी। इससे खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल खेत में इधर-उधर बिखर गई। क्षेत्र में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। मोहम्मदपुर निवासी रेविंद सिरोही ने कहा कि इस समय गेहूं कटाई जोरों पर है। गेहूं भीगने से उसका दाना जमीन पर गिर जाता है। सुखाने के बाद भी वह पहले जितना अच्छा नहीं रहता। वहीं किसान मनोज ने कहा कि पहले बारिश ने भी किसानों को नुकसान पहुंचाया था। इस बार भी किसानों को नुकसान होगा। तेज हवा से एक खेत की पुली दूसरे खेत में पहुंच गई है। काजीपुरा निवासी रोहताश का कहना है कि अगर और बारिश पड़ी तो किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान होगा।

## शहर में आज

- ब्यूटीफुल लेडीज क्लब की ओर से आईएमए भवन में कार्यक्रम शाम 4 :45 बजे।

## एक नजर

### हनुमान जी को लगाया 16 क्विंटल के लड्डू का भोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति कटघर बीच होली का मैदान में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर लाजपत नगर रामलीला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्थापिका एवं संयोजिका साध्वी राघवेंद्री महाराज के संरक्षण में कार्यक्रम हुआ। इसमें संत स्वामी आनंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर संकट हरण यज्ञ में श्री बालाजी महाराज को 16 क्विवंटल के लड्डू का भोग लगाया। इसमें 101 किलो का बालाजी महाराज का केक काटा गया। बाल रूप में हनुमान जी हवा में उड़ते हुए नजर आए। 101 छोटे-छोटे बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान सोनू बाबा, महंत सुंदर दास, तरन गिरी महाराज, लोकेशानन्द, रविंद्र नाथ गिरी महाराज, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, संतोष शर्मा, धर्मेश भदोरिया, अनुराग अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रविकांत वर्मा, मयंक माथुर, विपुल कुमार, विपुल अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

### केशरी नंदन को चोला चढ़ाकर लगाया भोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करोरी आश्रम ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को नीब करोरी आश्रम उमरी सब्जीपुर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखंड रामचरितमानस का पाठ हुआ। इसके बाद प्रभु श्री राम का राजतिलक किया गया। केशरी नंदन हनुमान जी को चोला अर्पित कर उनको महाभोग लगाया गया। इसके पश्चात हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में भक्तों ने श्रद्धा भाव की आहुति अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विपिन कुमार गुप्ता लोहिया, अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. संदीप, राज देवेंद्र सिंह बिष्ट, विनीत गुप्ता, गौरव अग्रवाल, जय देव यादव, विकास गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, पंडित पुष्पराज, परीश सक्सेना, हरिओम गुप्ता, विनोद राय, शैलेंद्र, प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, अशोक सिंह, नितिन गुप्ता, पूनम शर्मा, सीमा गुप्ता, लवी गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### बालाजी की वीरगाथा सुनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल की ओर से हनुमान जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल की संचालक अनीता श्रीवास्तव ने किया। इसमें सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान की वीर गाथा सुनी गई। इस दौरान रेनू अग्रवाल ने भक्तों को प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान मधु बंसल, सुमन, अनीता, पवन अग्रवाल, सरिता गुप्ता, अनीता अग्रवाल, साधना, सुधा खन्ना, कनक, वीना गुलाटी और साक्षी आदि मौजूद रहीं।


लाजपत नगर में श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से आयोजित हवन कार्यक्रम में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### चोला चढ़ाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हरथला सब्जी मंडी स्थित बालाजी दरबार पर मंगलवार को बालाजी दरबार सेवा ट्रस्ट द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ सम्पन्न होने के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरित किया गया। महंत सूरज सिंह ने हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके शक्ति एवं श्रीराम के साथ किए गए सहयोग का उल्लेख किया। प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि माता सीता के सिर पर लगे सिंदूर के बारे जब हनुमान जी ने जानना चाहा तो माता सीता ने कहा कि ये भगवान राम को प्रिय है। उनके दीर्घायु जीवन कामना के लिए मैं सिंदूर लगाती हूं। इसके बाद हनुमान जी ने संपूर्ण शरीर पर सिंदूर का लेपन कर लिया। पार्षद दिनेश गोला, तरुण शर्मा, पप्पू सैनी, कुशल शर्मा, खेम सिंह, हर्ष सैनी, कमल, कैलाश चन्द्र, सोमपाल आदि मौजूद रहे।


श्री बालाजी महाराज भक्तजन सेवा समिति की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

# मारुति नंदन का वंदन कर मांगी खुशहाली

## हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव, हर ओर बालाजी के जयकारों की गूंज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में श्री हनुमान की जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। भक्तों ने मारुति नंदन का वंदन कर घर और परिवार की खुशहाली मांगी। घरों व मंदिरों में विधि-विधान से बालाजी महाराज की आराधना की गई। जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया।

जनपद में मंगलवार को श्री हनुमान जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही भक्तों का मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम तक बालाजी महाराज के दर्शन और पूजन का दौर चलता रहा। सुबह हनुमान जी को चोला चढ़ाकर आरती उतारी गई। लड्डुओं का भोग लगाया गया। शाम को मंदिरों में भजन-कीर्तन होते रहे। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। बजरंग बली के जयकारों से मंदिर गुंजायमान होते रहे। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि मान्यता है कि हनुमान जी त्रेता युग से लेकर अभी तक जीवित हैं।

बजरंगबली को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक माना जाता है। मंगलवार को हनुमान जयंती मनाने को लेकर लोगों ने पहले से ही तैयारियां कर ली थी। भोर होते ही लोग स्नान करके साफ, सुथरे कपड़े पहनकर हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां पर हनुमान जी की मूर्ति के सामने घी का दीपक जलाकर हनुमान चालीसा, हनुमान बाहुक व पंचमुखी हनुमान जी का पाठ लिया। हनुमान चालीसा के बाद आरती उतारी। इसके बाद लड्डू का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।


दिल्ली रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में सजी राम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार


सिविल लाइंस में श्री कल्याणी मंदिर ट्रस्ट की ओर से आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### ढोल-नगाड़ों की थाप पर निकली बालाजी की शोभायात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री बालाजी महाराज भक्तजन सेवा समिति की ओर से मंगलवार को रेलवे कॉलोनी स्थित श्री मनोकामना हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा फायर ब्रिगेड रोड, ताड़ीखाना चौक, गुलजारी मल धर्मशाला, बुधबाजार, टाउनहॉल, बाजार गंज होते हुए श्री बालाजी हठीले हनुमान मंदिर पर महाआरती के बाद बनबटा गंज स्थित श्री शिव मंदिर पीपल वाले पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल रहीं। इसमें तीन अखाड़ें, दो बैंड और पीले वस्त्र पहने महिलाओं ने माहौल भक्तिमय कर दिया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान महंत राकेश, अतुल जौहरी, कपित गुप्ता, शंशाक गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### अटल घाट पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से चैत्र पूर्णिमा व श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रामगंगा मैया की भव्य महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट पर किया गया। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रति हिंदू समाज की गहरी आस्था है। रामगंगा मैया की दशा देखकर मन विचलित हो जाता है। राष्ट्रीय पुजारी परिषद सरकार से मांग करती है कि रामगंगा में मिल रहे गंदे नालों तुरंत बंद किया जाय। रामगंगा मैया में जानवरों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। कार्यक्रम में मनोज व्यास, राकेश अत्रि, पुजारी महेंद्र सिंह, पंडित विनोद शर्मा, आर्य संदीप त्रिवेदी, श्याम शुक्ला, अंकुर अग्रवाल, अनिल रस्तोगी, बबलू भटनागर, अज्जू भटनागर, सतीश अग्रवाल, विनोद रस्तोगी, पंडित मनमोहन शर्मा, आचार्य कामेश्वर मिश्रा, वंदना शर्मा, गीता पांडे, शकुंतला शर्मा, आदि मौजूद रहीं।


**बालाजी के साथ सेल्फी :** हनुमान जयंती पर शहर में जगह-जगह हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। लालबाग स्थित श्री बालाजी हनुमान टीले वाले मंदिर में एक युवती अपने आप को रोक न सकी और बालाजी के साथ सेल्फी लेने लगी। ● अमृत विचार

### संस्था ने प्रसाद वितरित कर कमाया धर्मलाभ

मुरादाबाद, अमृत विचार : महिला संस्था यप की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें राहगीरों को प्रसाद वितरण कर धर्मलाभ कमाया गया। इस धार्मिक कार्य में ग्रुप के सभी सदस्यों ने योगदान दिया। पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया और उसके बाद राहगीरों को प्रसाद का वितरण किया। भंडारे का आयोजन लाइनपार स्थित माता का मंदिर में संपन्न हुआ। नेहा मेहरोत्रा ने बताया कि संस्था की ओर से प्रति वर्ष भंडारे का आयोजन कराया जाता है। इस दौरान संजना भटनागर, शालीन गुप्ता, बीनू आहूजा, वांशी, शिवानी वर्मा, ऋतु गुप्ता, श्वेता गुप्ता, सानिया, वंदना, एकता, पराक्षी, मिली सिक्का, रजनी, चांदनी, कविता आदि मौजूद रहीं।

## जन्मोत्सव पर हनुमान जी का गुणगान


कानून गोयान में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


लालबाग स्थित श्री बालाजी हनुमान टीले वाले मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।



चूना व अबीर-गुलाल से हनुमान जी का चित्र बनाते चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्र।


हरथला स्थित महाकाली मंदिर में प्रसाद वितरित करते लव कंस्ट्रक्शन के सदस्य। ● अमृत विचार

### हनुमान जी की जयंती पर वितरित किया प्रसाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को महानगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बड़े, बुजुर्गों के साथ युवाओं में भी उत्साह देखने को मिला। लव कंस्ट्रक्शन के युवाओं ने भक्तों व राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। लव कंस्ट्रक्शन की ओर से हरथला में महाकाली मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरित किया गया। सदस्य निपुन चौधरी ने बताया कि वह हनुमान जी के बड़े भक्त हैं। प्रभु की कृपा से ही वह आज इस सेवा का अवसर पा सकें हैं। इस दौरान अमन चौधरी, विपिन विश्नोई, मुकुल शर्मा, विकुल चौधरी आदि मौजूद रहें।

# पाकबड़ा में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीबालाजी दरबार सेवा ट्रस्ट द्वारा यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया। भक्तों ने जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारों से माहौल को हनुमान मय कर दिया।

हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को बड़े मंदिर में महंत महाराज राहुल ने सुंदरकांड का पाठ किया और कई धार्मिक आयोजन हुआ। बड़े मंदिर में हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया। इसके अलावा मंदिर में विराजमान पंचमुखी सिंदुरिया हनुमान जी को चोला चढ़ाया। हनुमान जन्मोत्सव पर यज्ञ और भंडारा किया। हनुमान जन्मोत्सव में इशिका गुप्ता, साधना गुप्ता, विक्की गुप्ता, अमन गुप्ता, विशाल गुप्ता, सागर सगुण, अरुण, अर्पित संजीवपाल, लोकेश, मोहित वर्मा, अरुण दिवाकर, संजीव कुमार, मधु, आरती, मनोज, सागर, राजू और सुनीता पवन प्रतिज्ञा, सुशीला, मनजीत, चमन, अभिषेक, उज्जवल, संजीव गुप्ता, नीतुल गुप्ता, मधु रहे।


अगवानपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग।

### अगवानपुर में धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** रामलीला ग्राउंड के राममंदिर से हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राममंदिर से मोहल्ला कायस्तान, मोहल्ला विश्नोईयान, शुक्रवार का बाजार, सोमवार का बाजार, सैनियों वाला मंदिर, पुरानी पुलिस चौकी, तारा वाला कुंआ से होकर कर वापस राममंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, अंशुल गुप्ता, तुषार विश्नोई, अंचल शर्मा, सौरभ तोमर, प्रफुल प्रजापति, डॉ. राकेश कुमार विश्नोई, मास्टर जय कुमार, सरजू विश्नोई आदि लोग मौजूद रहे।

# घायल छात्रा की उपचार के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**हादसा**

- **सोमवार को स्कूल से लौटते समय बाइक से हुई थी टक्कर**
- **परिजनों ने कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में कराया था भर्ती**

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में घायल छात्रा की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

जनपद रामपुर के थाना अजीम नगर के गांव खिकौतिया बस्ती निवासी मेवाराम की 15 वर्षीय बेटी शीतल कक्षा आठ में पढ़ रही थी। बीते सोमवार को शीतल साइकिल पर सवार होकर स्कूल से घर लौट रही थी। इस बीच रास्ते में एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। इस हादसे में शीतल गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिवार के लोगों ने घायल छात्रा को मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया था।

जहां उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### दबंग ने महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मोहल्ले के दबंग युवक ने बालकनी में खड़े होकर सड़क पर जा रही महिला के साथ छेड़खानी की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि सागर सराय निवासी युवक अश्वनि छनपारिया दबंग है और वह आए दिन सड़क पर आती जाती महिलाओं व युवतियों से छेड़खानी करता हैं। महिला का आरोप है कि वह बीती 22 अप्रैल को किसी काम से बाजार जा रही थी। इस बीच आरोपी अश्वनि छनपारिया अपने घर की बालकनी में खड़ा था और उसने अश्लील हरकतें हुए छेड़खानी की।

**सख्ती** | मुरादाबाद संभाग में गेहूं के अवैध भंडारण व परिवहन को रोकने में जुटे अधिकारी

# 2329 किसानों से 14009 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संभाग के जिलों में पहले चरण के मतदान के बाद गेहूं खरीद में तेजी आने लगी है। वहीं गेहूं का अवैध भंडारण व परिवहन करने वालों के खिलाफ अधिकारी कारवाई में जुट गए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने जीरो प्वाइंट पर अवैध तरीके से गेहूं खरीद कर ले जा रहे दो ट्रालों को पकड़ा है।

मुरादाबाद संभाग के पांच जिलों में खाद्य विभाग के 68 क्रय केंद्रों पर 695 किसानों से 4524.77 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद 22 अप्रैल तक हुई है। जिसमें किसानों को गेहूं मूल्य के 1029.39 लाख रुपये के बदले 676.25 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है। वहीं पीसीएफ, यूपीएसएस, यूपीपीसीयू, नैफेड, मंडी, भारतीय खाद्य निगम आदि को मिलाकर कुल 418 केंद्रों में से 396 केंद्रों पर अब तक खरीद लक्ष्य 540000 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 14009.17 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। जबकि पिछले वर्ष 767.08 मिशन मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई थी। संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार ने बताया कि 2329 किसानों ने सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर अपना गेहूं बेचा है। किसानों को 3187.09 लाख रुपये में से 2093.62 लाख का भुगतान 22 अप्रैल तक किया जा चुका है। शेष भुगतान भी जल्द करने और खरीद में तेजी लाने व गेहूं का अवैध भंडारण व संचरण रोकने का निर्देश जिला खाद्य विपणन अधिकारियों व खरीद एजेंसियों के जिला प्रबंधकों व प्रभारियों को दिया है। बिना लाइसेंस गेहूं खरीद करने वाले अवैध आढ़तियों व व्यापारियों के खिलाफ कारवाई होगी। वहीं मुरादाबाद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने पाकबड़ा के हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास गेहूं लदा दो ट्राला पकड़ा है। जो अवैध तरीके से खरीद कर गैर जनपद भेजा जा रहा था। जो गेहूं पकड़ा गया है वह ट्राला रामपुर से आ रहा था और उसमें 1000 क्विंटल गेहूं लदा था। इस कारवाई के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, विपणन निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, विपिन श्रीवास्तव, दीपक कुमार और केंद्र प्रभारी प्रदीप कुमार मौजूद थे। इसके अलावा जनपद की सीमा में हो रहे गेहूं के अवैध संचरण पर भी कारवाई की गई। तहसील सदर क्षेत्र में 250 मीट्रिक टन, बिलारी तहसील क्षेत्र में 90 मीट्रिक टन, कांठ में 50 और ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में 20 मीट्रिक टन गेहूं टीम ने पकड़ा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि संबंधित थाने में ऐसा करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। गेहूं लदा ट्राला पुलिस के सुपुर्द किया गया है।


पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पर छापेमारी के दौरान कार्रवाई करते जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह व अन्य।

- **आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने को विभागीय अधिकारियों ने दी तहरीर**

एक नजर

## राष्ट्रीय रोलबाल प्रतियोगिता खेलेंगी वैष्णावी कश्यप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 16वीं सब जूनियर राष्ट्रीय रोलबाल प्रतियोगिता के लिए आरएसडी एकेडमी की वैष्णवी कश्यप का उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। इससे खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। भारतीय रोलबाल महासंघ के अंतर्गत उत्तराखंड रोलबाल संघ की ओर से 25 से 28 अप्रैल तक देहरादून स्टेडियम में 16वीं राष्ट्रीय रोलबाल प्रतियोगिता होने जा रही है। इसमें प्रतिभाग के लिए आरएसडी एकेडमी की वैष्णवी कश्यप का उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। जिला रोलबॉल संघ के सचिव व कोच शाहवेज अली ने बताया कि यह वैष्णवी की दूसरी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता होगी। पिछले वर्ष भी वैष्णवी उत्तर प्रदेश टीम का हिस्सा बनी थी। जिला रोलबाल संघ के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार ने वैष्णवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# बजरंग दल पदाधिकारियों ने मांस व खाल से भरी पिकअप पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में देर रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांस और खाल से भरी पिकअप पकड़ ली और मौके पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बजरंग दल के महानगर संयोजक अभिनव भटनागर ने बताया कि महानगर सह संयोजक मुगलपुरा के लालबाग निवासी दिनेश प्रजापति और गोरक्षा प्रमुख रजत ठाकुर देर रात जीरो प्वाइंट पर आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। इस बीच रामपुर दोराहे पर एक पिकअप खड़ी थी। जिसमें से काफी दुर्गंध आ रही थी। दोनों ने पिकअप चालक से दुर्गंध का कारण पूछा तो चालक और उसके साथी ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि दोनों वहां से फायर करके भाग गए। जिसके बाद दिनेश व रजत ने संगठन के अन्य पदाधिकारियों और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। मौके पर बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता पहुंच गए और सभी ने हंगामा शुरूकर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसएचओ कटघर तेजवीर सिंह ने किसी तरह उन्हें शांत कराया। अभिनव भटनागर ने बताया कि जब पिकअप वाहन को चेक किया गया तो उसमें मांस और खाल भरी पड़ी थी। जिसके बाद कार्रवाई करने की मांग को लेकर दिनेश प्रजापति की ओर से कटघर पुलिस को तहरीर दी गई। मौके पर बजरंग दल के सोनू, शिवम, अनकेत, गोविंदा, विशाल आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। इस संबंध में थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि पिकअप से जो खाल और मांस बरामद हुआ है, उसका नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल से बच्चा चोरी कर बेचने का आरोप

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कटघर की महिला ने कुछ दिन पहले सिविल लाइंस के अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन जन्म के तुरंत बाद सिविल लाइंस अस्पताल में कर्मचारी आशा ने बच्चे को चोरी कर लिया था और लगभग डेढ़ लाख रुपये में अगवानपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया।

नवजात के परिजन अगवानपुर पहुंचे, लेकिन जिस व्यक्ति ने बच्चा खरीदा था उसने बच्चा देने से इनकार कर दिया। नगर के गणमान्य लोगों ने दोनों लोगों का फैसला कराया। लेकिन बच्चा खरीदने वाले जाहिर अहमद पुत्र हमीद अहमद ने बताया कि मैंने आशा से डेढ़ लाख रुपये में बच्चा खरीदा था। लेकिन जहीर अहमद ने आशा का नाम बताने से इनकार किया है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष गुलरेज खान ने बताया कि मेरे घर इस मामले को लेकर कुछ लोग आए थे। जिनका फैसला हो गया है। जिनका बच्चा था उनको उनका बच्चा वापस मिल गया है। जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी गई है।

### सीजन में 900 से 1100 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा भूसा, पशुपालकों की चिंता बढ़ी

# भूसे के आसमान छूते दामों ने बढ़ाई मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भूसे के दाम आसमान छूने से पशुपालक परेशान हैं। सीजन के भीतर ही भूसे के दामों में बढ़ोतरी हुई है। किसानों का कहना है कि आने वाले समय में और ज्यादा दाम बढ़ने की संभावना है।

गेहूं की फसल की कटाई अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू हुई थी। पहले किसानों द्वारा लगभग 600 रुपये से 700 रुपये प्रति क्विंटल भूसा पशुपालकों को बेचा। अप्रैल के अंतिम दिनों में भूसे के दाम आसमान छूने लगे हैं। इस समय गेहूं कटाई का काम तेजी से हो रहा है। बहुत से किसानों ने गेहूं की कटाई पूरी कर ली है। कुछ किसान अभी भी कटाई में जुटे हैं। भूसे का साल भर का स्टॉक रखना पशुपालकों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। अधिकांश किसानों से भूसा ठेकेदार भूसा खरीदकर स्टॉक कर चुके हैं। ठेकेदारों की मिलीभगत से रोजाना भूसे के दाम 50 रुपये से 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ रहे हैं। इस समय भूसा के दाम 900 रुपये प्रति क्विंटल से 1100 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। जेबड़ी, जेबड़ा, कोकरपुर समेत अन्य गावों के पशुपालकों ने प्रशासन से बढ़ती महंगाई के दौर में बेलगाम होते भूसा ठेकेदारों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

**मशीनों से गहाई बनी भूसे की चुनौती**

फार्मिंग करने वाले बड़े किसान कंबाइन हार्वेस्टर तथा अन्य उच्च क्षमता की मशीनों से गेहूं की कटाई और गहाई करा रहे हैं। मशीनों से गेहूं की गहाई में भूसा नाममात्र को निकलता है। अधिकांश किसान गेहूं कटाई से निकलने वाले भूसे को अपने पशुओं के लिए रखते हैं। शेष भूसे को ठेकेदार व छोटे पशुपालक खरीद लेते हैं। ठेकेदारों की मनमानी से पशुपालकों को महंगा भूसा खरीदने पर विवश होना पड़ता है।




हमारे क्षेत्र में गेंहू की बुआई थोड़ी कम होती है। जिसका फायदा भूसे के ठेकेदार खूब उठाते हैं। यह लोग बाहर से भूसा लाकर मनमाने दामों पर बेचते हैं।

–सुनील कुमार



इस बार गन्ना का सीजन बहुत जल्दी खत्म हो गया। जिसका सीधा असर भूसे के दामों पर बढ़ेगा। क्योंकि लोगों के पास जितना भी स्टॉक था। वह सब खत्म हो गया है।

–सचिन कुमार



किसान के लिए खेती के साथ पशुपालन अहम हिस्सा है। इससे वह अपने परिवार के पालन पोषण करता है। लेकिन, बढ़ती महंगाई में पशुपालन घाटे का सौदा बनता जा रहा है।

–समरपाल सिंह



छुट्टा पशु भी किसानों के लिए बहुत बड़ी आफत हैं। इनकी वजह से आधी फसल बर्बाद हो जाती है। यह बाजरा, बरसीम चट कर जाते है। जिस वजह से भूसा के दामों में बढ़ोतरी हो जाती है।

–बाबू ठेकेदार

# मंडी से निकलते ही दोगुने हो रहे सब्जियों के दाम, लोग परेशान

### फुटकर विक्रेता काट रहे आम आदमी की जेब, अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बाजार गंज घास मंडी में दुकान पर सब्जी बेचता दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** फुटकर विक्रेता मंडी से दोगुने दामों पर सब्जी बेचकर ग्राहकों को चूना लगा रहे हैं। नवीन फल सब्जी मंडी में पिछले 15 दिनों में अधिकांश हरी सब्जियों के दामों में गिरावट आई है। लेकिन, महानगर के गली-मोहल्लों व ठेला पटरी पर सब्जी बेचने वाले थोक के दामों से दो से डेढ़ गुना दाम वसूल रहे हैं। ऐसे में गरीब आदमी की थाली से हरी सब्जी गायब होती जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मंगलवार को लाइन पार स्थित सरकारी फल सब्जी मंडी में मौसमी सब्जी के दाम पता करने पर सब्जी के दामों का खुलासा हुआ। बाजारों गली मोहल्लों में सब्जी बेचने वाले मंडी में हरी सब्जी के दामों के सापेक्ष मोटा मुनाफा लोगों से वसूल रहे हैं। मंडी में थोक के भाव में दस रुपये किलो बिकने वाला करेला नगर घास मंडी में 40 रुपये किलो बिक रहा है। वहीं गोभी मंडी में 8 रुपये किलो बिक रही है तो फुटकर विक्रेता 40 रुपये किलो बेच रहे हैं। मंडी में 110 रुपये किलो बिकने वाला नींबू बाजार में 180 किलो के भाव बेचा जा रहा है। मंडी में धनिया के रेट भी 40 रुपये किलो है लेकिन, फुटकर विक्रेता 10 रुपये का 100 ग्राम बेच रहे हैं। भिंडी मंडी में 25 रुपये किलो है तो गली मुहल्लों में 55 से 60 रुपये किलो बिक रही है। अरबी की बात करें तो मंडी में 15 रुपये किलो है बाजार में 40 रुपये किलो बिक रही है। मंडी में 40 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर बाजार 60 रुपये किलो बिक रहा है। मंडी में थोक सब्जी विक्रेता हो राम सिंह के अनुसार नींबू शादियों के कारण महंगा है। टमाटर की फसल अभी शुरू हो गई है। इस लिए मंडी की खपत के हिसाब से बाजार में टमाटर नहीं आ पा रहा है कम तादाद में होने के कारण दाम बढ़े हुए है। उन्होंने बताया कि फुटकर विक्रेताओं के दाम मंडी से डेढ़ से दो गुना अधिक है। गली मोहल्लों में बिकने वाली हरी सब्जी के दाम बाजारों में लगी छोटी छोटी मंडियों से भी कहीं ज्यादा हैं। बाजारों में हरी सब्जी की काला बाजारी से प्रशासनिक अधिकारी भी अनजान बने हुए हैं।

**अनदेखी**

- **60 रुपये किलो बिक रही गोभी और टमाटर, तोरई का रेट भी 40 रुपये प्रति किलो पहुंचा**



बाजार में फुटकर सब्जी लेने वाले सुबह मंडी से ले जाकर बाजारों में दोगुना दाम में बचे रहे। गर्मी के मौसम में नींबू और टमाटर को छोड़ कर सभी सब्जियों के दाम गिरे हैं।

–अंकित सैनी, थोक सब्जी विक्रेता



ठेले वाले रोज सब्जी बेचने आते हैं। लेकिन, मंडी और उनके दामों में काफी अंतर होता है। कई कहने पर सब्जी देने से मना कर देते हैं। बाजार न जाने से बचने के लिए मजबूरी में महंगे रेट पर सब्जी खरीदनी पड़ती है।

–कुन्ती सक्सेना, चंद्रनगर



सब्जी से लाकर बेचने में भाड़ा भी खर्च होता है। इसके साथ ही सुबह उठकर सब्जी लेने मंडी जाने की मेहनत और कुछ सब्जी न बिकने से खराब होने के बाद फेंकनी पड़ती है।

–मोहम्मद अय्यूब, फुटकर सब्जी विक्रेता, घास मंडी

**मंडी और बाजार में सब्जियों के रेट (रुपये प्रति किलो)**

| | मंडी के रेट | फुटकर के दाम |
|---|---|---|
| लौकी | 6 | 30 |
| खीरा | 12 | 25 |
| तोरई | 25 | 40 |
| गोभी | 15 | 60 |
| शिमला मिर्च | 10 | 40 |
| हरी मिर्च | 25 | 40 |
| चुकंदर | 20 | 35 |
| काशीफल | 10 | 15 |
| टमाटर | 40 | 60 |
| नीबू | 110 | 160 |

## पबजी गेम खेलकर मुंबई की युवती से की शादी, अब कर रहा उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **युवती की मां ने आरोपी दामाद व उसके पिता पर कराई रिपोर्ट**
- **आरोपी युवक व उसके पिता के खिलाफ गलशहीद थाने में रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** मुंबई की रहने वाले एक युवती को गलशहीद थाना क्षेत्र के युवक ने पबजी गेम खेलने के दौरान अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जिसके बाद युवक ने उससे शादी कर ली और उसे अपने साथ मुरादाबाद ले आया। अब आरोपी युवक पत्नी का उत्पीड़न कर रहा है। इससे तंग आकर महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक व उसके पिता के खिलाफ गलशहीद थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

मुंबई के थाना शिवाजी नगर क्षेत्र के संजय नगर निवासी माधुरी मित्रा ने थाना गलशहीद पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी हर्षदा विवाह व अन्य पार्टियों में इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। वह पबजी गेम भी खेलती थी। इस दौरान हर्षदा की मुलाकात असालतपुरा निवासी फुजैल से हुई। फुजैल मुंबई के ख्वाजा पैलेस सम्राट नगर में कामिल कुरैशी के मकान में किराये पर रहता था। दो मार्च 2022 को आरोपी फुजैल हर्षदा को अपने साथ मुरादाबाद लेकर आ गया था। यहां उसने हर्षदा से निकाह कर लिया था। उनकी डेढ़ साल की एक बेटी भी है। माधुरी मित्रा के अनुसार 15 अप्रैल 2024 को उनकी बेटी ने मोबाइल पर बातचीत के दौरान बताया कि फुजैल उसके साथ मारपीट करता है। इसके बाद 17 अप्रैल को आरोपी फुजैल ने फोन करके बताया कि हर्षदा ने फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया है। उसे विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माधुरी यहां आई तो उसे पता चला कि हर्षदा की हालत गंभीर है। थाना गलशहीद एसओ सौरभ त्यागी ने बताया कि तहरीर पर आरोपी फुजैल और उसके पिता के खिलाफ मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम विवाह के बाद पति कर रहा उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **मझोला थाने में पीड़िता ने पति समेत समेत छह लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** महिला प्रॉपर्टी डीलर ने पति समेत छह लोगों पर उसके अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने बताया कि वह इंश्योरेंस और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। जनपद संभल के चंदौसी क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाला युवक एक दिन पीड़िता के कार्यालय में प्लॉट खरीदने के लिए आया था। इस दौरान आरोपी ने उससे मोबाइल नंबर ले लिया था। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी थी। इसी बीच आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और 21 अगस्त 2022 को आरोपी ने युवती को चंदौसी मिलने के लिए बुलाया। जिसके बाद महिला रात लगभग दो बजे ट्रेन से चंदौसी उससे मिलने पहुंची। पीड़िता का कहना है कि चंदौसी रेलवे स्टेशन पर आरोपी युवती को मिला। तब उसके साथ देहरादून में रहने वाला उसका बहनोई भी मौजूद था। आरोपी उसे अलीगढ़ ले जाने लगे। पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसे जबरन कार में बैठा लिया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी उसे धक्का देकर भाग गए। पीड़िता ने इस मामले में चंदौसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद छह सितंबर 2022 को दोनों ने सहमति से कचहरी में विवाहनामा तैयार कर प्रेम विवाह कर लिया था। आरोपी ने दो माह तक पीड़िता को चंदौसी में अपने साथ रखा। इसके बाद आरोपी पति, उसकी मां, बहन, भाई- भाभी और फुफेरे भाई के साथ मिलकर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया । दहेज में कार की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। गर्भवती होने पर पति ने गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। पति ने पीड़िता को धमकी दी है कि उसके पास अश्लील फोटो और वीडियो है। जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## नई पीढ़ी का पुस्तकों से जुड़ना जरूरीः अरशद

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** नेशनल सोशल ऑर्गनाइजेशन द्वारा मंगलवार को विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। इस दौरान संगठन के प्रधान कार्यालय व्हाइट हाउस गुजराती स्ट्रीट में कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी एकत्र हुए। जिन्हें अध्यक्ष मिर्जा अरशद बेग ने बतौर उपहार पुस्तकें भेंट कीं।

कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने पुस्तकों की अहमियत व जरूरत पर विचार व्यक्त किए। मिर्जा अरशद बेग ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र होती हैं। हमें रचनात्मक सोच प्रदान करती हैं। आज के दौर में भी पुस्तकों की लोकप्रियता अपनी जगह है, परंतु मोबाइल ने इसे कम जरूर किया है। इस मौके पर मुसर्रत हफीज, चौधरी अब्दुस समद, काजी शहाब, सफदर नियाजी, शकील अहमद, वसीम मंसूरी, फरहान अली मौजूद रहे।

# प्लॉट में खड़ी दो कारों में लगी आग

**हादसा**

- **समय रहते आग पर काबू पाने से टला हादसा**
- **आग की सूचना से कॉलोनी में हड़कंप मच गया**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आशियाना में आग लगने से जली कारें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी में प्लॉट में खड़ी को कारों में अचानक आ गई। लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने किस तरह आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझाने से बड़ा हादसा टल गया।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी में एक प्लॉट में खड़ी दो कारों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। आग की सूचना से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने आग पर समय रहते काबू पा लिया। बताया गया कि किसी ने मंगलवार सुबह प्लॉट में पड़े कूड़े में आग लगा दी थी। इस आग ने दोनों कारों को अपनी चपेट में ले लिया। माना जा रहा है कि समय रहते हम पर काबू नहीं पाया जाता तो पेट्रोल टैंक में आग लगने से बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में दोनों कारे पूरी तरह जल गई है।

## किशोर से कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** फर्नीचर की दुकान पर काम करने वाले किशोर से कुकर्म करने वाले आरोपी को कटघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उस पर पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि पीतलबस्ती चौकी क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोर की मां ने आरोपी संजीव के खिलाफ तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा संजीव के फर्नीचर की दुकान पर काम सीखने के लिए जाता था। वहां आरोपी संजीव किशोर के साथ कुकर्म करता था। किसी से शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर शांत करा देता था। 18 अप्रैल को भी आरोपी ने किशोर के साथ शराब पीकर कुकर्म किया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**तैयारी** बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेंडर, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में होगी ट्रेनिंग

# एक साल में एक शिक्षक को 10 दिन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



संवेदना किड्स कॉटेज स्कूल में उपस्थित बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षकों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस सत्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेंडर जारी हो चुका है। एक वर्ष में एक शिक्षक को अधिकतम 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शैक्षिक सत्र में होने वाली विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो सके। इसके लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण जरूरी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से बीएसए को पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में होगा। सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण जरूरत के अनुसार प्रत्येक बीआरसी या यूआरसी पर अलग-अलग बैच में होंगे। एक बैच की अधिकतम संख्या 50 होगी। शिक्षकों की शत-प्रतिशत प्रतिभागिता के लिए सूची बनाकर फॉलोअप होगा। शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर खंड शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होंगे। एक वर्ष में एक शिक्षक को अधिकतम 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

निर्देश दिया कि बार- बार एक ही शिक्षक को प्रशिक्षण में नहीं बुलाया जाए। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में प्रशिक्षण के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

ताकि इससे पठन- पाठन बाधित नहीं हो और प्रशिक्षण भी दिया जा सके। प्रशिक्षित शिक्षकों का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड होगा। अकादमिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त रैली, प्रतियोगिताएं, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगी परीक्षाएं शनिवार को कराई जाएंगी। प्रशिक्षण सत्र का वीडियो यू-ट्यूब पर भी अपलोड किया जाएगा।

**यूपी बोर्ड की मेधावी छात्राओं को मिला सम्मान**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज में सोमवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में कालेज टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उप्र राज्य बाल अधिकार आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. विशेष गुप्ता, कालेज प्रबंधक सुशील कुमार, प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने सभी प्रतिभावान छात्राओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में इंटर की परी शर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम टॉपर रहीं, इंटर की छात्रा विदुषी भटनागर 93 .06 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कालेज में द्वितीय टॉपर रहीं। हाईस्कूल की छात्रा खुशी सैनी ने 91 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कालेज टॉपर रहीं। इसके अलावा हाईस्कूल की कनक सक्सेना 90 .66 प्रतिशत, स्नेहा रूहेला 90 .05 प्रतिशत, सोनाक्षी माथुर 90 .03 प्रतिशत, अंशी राघव व मीनल गुप्ता 90 .16 प्रतिशत को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. विशेष गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभावान छात्र-छात्रा की सफलता के पीछे उसके माता-पिता व परिवारजनों के अलावा उसके प्रधानाचार्य, शिक्षक का भी बड़ा योगदान होता है। इस मौके पर कालेज प्रबंध समिति के सदस्य गौरांग साहू, शैलजा रस्तोगी, राजीव सक्सेना, निमित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## किसान आंदोलन के चलते 20 से अधिक ट्रेनों का बदला मार्ग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **ऊना-हरिद्वार, हरिद्वार-अमृतसर जन शताब्दी, ऋषिकेश इंटरसिटी निरस्त**

**अमृत विचारः** पिछले कई दिनों से अंबाला मंडल के शंभू स्टेशन पर चल रहा किसान आंदोलन अभी जारी है। जिसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित हो रही है। इस बीच 20 से अधिक गाड़ियां बदले मार्ग से संचालित की जा रही हैं और तीन ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि किसान आंदोलन के कारण विभिन्न ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। उन्होंने बताया ऊना हरिद्वार, हरिद्वार अमृतसर जन शताब्दी, ऋषिकेश इंटर सिटी निरस्त कर दी है। जबकि बेगमपुरा एक्सप्रेस, उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, पूर्णिया एक्सप्रेस, सरयु यमुना, भावनगर वीकली एक्सप्रेस, अर्चना एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, जम्मूतवी गरीब रथ, कर्मभूमि एक्सप्रेस, श्री माता वैष्णो देवी फेयर स्पेशल एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस, पंजाब मेल, किसान एक्सप्रेस, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस, लाल कुआं एक्सप्रेस, कोलकाता फेयर स्पेशल एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी क्लोन फेयर स्पेशल एक्सप्रपेस, सहरसा जन साधारण एक्सप्रेस, सूबेदारगंज सुपरफास्ट एक्सप्रेस अंबाला कैंट के रास्ते चंडीगढ़ होते हुए संचालित होंगी। सहरसा गरीब रथ जाखल व लुधियाना मार्ग और सियालदह एक्सप्रेस लुधियाना-चंडीगढ़-अंबाला के रास्ते संचालित होगी। बाड़मेर एक्सप्रेस भटिंडा जंक्शन तक और जन नायक एक्सप्रेस को अंबाला कैंट तक शार्ट टर्मिनेट किया गया है।

## एक नजर

### घर में घुसकर दंपती पर हमला करने में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** घर में घुसकर एक परिवार के चार लोगों ने पति-पत्नी से मारपीट की और पथराव किया। क्षेत्र के ग्राम गढ़ी में नीलोफर व उनके पति सुहैल घर में थे। तभी गांव के आमिर, अयूब व नसीमा पुत्र असलूम तथा शमीमा निवासी गढ़ी नीलोफर के घर में घुस आए और पति पत्नी से मारपीट शुरू कर दी। कुछ ग्रामीण आवाज सुनकर वहां पहुंच गए तो चारों लोग घर के बाहर से पथराव करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बच्चे का गला रेतने का आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर, अमृत विचार :** चैती मेले में जूस का स्टॉल लगाने वाले व्यक्ति के 13 महीने के बेटे का गला रेतकर हत्या के प्रयास के आरोपी आशु को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नदीम की पत्नी द्वारा शराब के लिए डांटना आरोपी को नागवार गुजरा। पत्नी को सबक सिखाने के आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी आशु को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया।

### सफाईकर्मी से मारपीट में प्रधान के भाई पर रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** सामुदायिक शौचालय में तैनात महिला सफाईकर्मी द्वारा नल व सबमर्सिबल ठीक न कराने की शिकायत पर ग्राम प्रधान के भाई ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की।

ग्राम साहपुर अब्दुलवारी में सामुदायिक शौचालय पर तैनात अतरेश पत्नी बीरबल ने खराब नल व सब मर्सिबल को ठीक कराने के लिए ग्राम सचिव से कहा था। ग्राम सचिव ने कहा कि ग्राम प्रधान से शिकायत करो। इसके बाद ग्राम प्रधान ने नल व सबमर्सिबल ठीक कराने का आश्वासन देते हुए 13 अप्रैल को अपने भाई मुशर्रफ पुत्र जाफर निवासी ऊधमपुर को भेज दिया। मुशर्रफ ने सफाई कर्मचारी से कहा कि इसका खर्चा हम नहीं उठाएंगे। बाद में किसी बात पर प्रधान का भाई आपे से बाहर हो गया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए महिला से मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर प्रधान के भाई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



बिलारी में बालाजी शोभायात्रा का आरंभ करते चेयरमैन रघुराज यादव व साथ में अन्य। ● अमृत विचार



ठाकुरद्वारा में हनुमान जन्मोत्सव पर हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# हनुमान जन्मोत्सव पर हवन कर निकाली शोभायात्राएं

## श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, शोभायात्राओं का पुष्पवर्षा से स्वागत कर लगाए जयकारे

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर अनुष्ठान हुए एवं भंडारे किए गए।

हनुमान जन्मोत्सव पर शिव मोहिनी मंदिर में हनुमान जी के विग्रह का पूजन एवं अभिषेक श्री सनातन धर्म सभा कांठ ने कराया। इसके बाद हनुमान जी को चोला अर्पित किया। इस अवसर पर महेश विश्नोई एवं उनके साथियों ने सुंदरकांड का पाठ किया। पूजन पंडित सतीश कौशिक ने कराया। उसके उपरांत मुकेश माहेश्वरी द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुकेश माहेश्वरी, अरविंद गुरु जी, मोहित माहेश्वरी, कृष्ण अवतार, दीपक विश्नोई, अभय विश्नोई, राकेश माहेश्वरी, राम प्रकाश अग्रवाल, सुभाष चंद्र माहेश्वरी, दीपक मित्तल, महेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजय महेश्वरी, टीकाराम सैनी, राजन विश्नोई, प्रदीप माहेश्वरी उपस्थित रहे। श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षक हरिश्चंद्र अग्रवाल ने धन्यवाद दिया।

मुख्य बाजार स्थित स्थित वैश्य विश्नोई शिव मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ किया और प्रसाद बांटा। इस दौरान अनिल विश्नोई, विजय वर्मा, प्रमोद विश्नोई, विजेंद्र विश्नोई, अभय विश्नोई, मनोज विश्नोई, अंकुर विश्नोई, सत्यम वर्मा, आलोक विश्नोई, सरदार कुलवंत सिंह, गौरव विश्नोई, हिमांशु, कुलदीप रहे। ग्राम गुल्हडिया बहादरपुर में स्थित श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमल नाथ द्वारा सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सुरेंद्रनाथ, बलराम सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे। छजलैट क्षेत्र में भी हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का पाठ कर पांच कुंडीय यज्ञ किया गया। सुंदरकांड का पाठ वीरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शशिवाला, चौधरी ऋषिपाल सिंह, शांतिकुंज से जबर सिंह, कल्लू सिंह यादव, सुखबीर सिंह, राहुल विश्नोई, मदनपाल सिंह, विनेश देवी, आदेश देवी, ओमवती देवी, प्रियंका चौधरी, पंकज चौधरी, मास्टर अशोक सिंह, हरिओम शर्मा आदि उपस्थित रहे।



कांठ में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार



कुंदरकी में बजरंग बली की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने निकाली बालाजी की शोभायात्रा

**बिलारी, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में बालाजी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने किया। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर गमादेवत से शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा में बालाजी, भगवान शंकर, राधा-कृष्ण, राम दरबार की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर के झंडा चौक, रैली चौक, गांधी आश्रम, सराफा बाजार, नई सड़क, पुरानी तहसील, मंदिर पोड़ाखेड़ा, महाराणा प्रताप चौक से होती हुई पुराना डाकखाना रोड से नई सड़क, गांधी मूर्ति से बालाजी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में सालासर बालाजी, पगड़ी वाले बाबा का दरबार, बालाजी दरबार, हनुमान मुख दर्शन आदि झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में दीपक श्रोत्रिय, निखिल पांडे, अभिषेक पांडे, चिराग अग्रवाल, अंशुल शर्मा, विशाल गुप्ता, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, एकांत गुप्ता आदि ने सहयोग दिया।

### शोभायात्रा की झांकियों ने लोगों का मन मोहा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ, श्रीरामचरित्रमानस पाठ, सुन्दर काण्ड का पाठ किया। जगह-जगह शोभायात्राएं भी निकालीं। नगलिया रोड स्थित वीआईपी कॉलोनी में स्थित श्रीबालाजी धमार्थ ट्रस्ट ने हनुमान जी की विशेष पूजा की। बालाजी धमर्थ ट्रस्ट के महंत मनोज शर्मा व अर्चना शर्मा ने रामचरित्रमानस पाठ का प्रारंभ किया। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह समर्थकों के साथ बालाजी दरबार में पहुंचे और पूजा की। कार्यक्रम में महंत मनोज शर्मा, अर्चना शर्मा, अर्चित शर्मा, शकुंतला शर्मा, पुष्कर शर्मा, मृदुल शर्मा, अनिल शर्मा, गौरव शर्मा, माधवी शर्मा रहे। पीपल टोला स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई और 56 भोग के साथ आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान प्रबंधक रूद्रदत्त शर्मा व हनुमान भक्तों मौजूद रहे। बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। अनुज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रितेश शर्मा, दीपक शर्मा, अशोक गहलोत, अनुज सक्सेना रहे। तहसील स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। गांव सबलपुर व सुरजननगर में हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर शोभायात्रा निकाली गई।

### श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मंगलवार को ग्राम कुतुबपुर अज्जू में शिव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। इसके बाद आरती कर प्रसाद भी वितरण किया। जिसमें अरविंद पुंडीर, मनोज पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, सतीश सिंह, राजू सिंह, टिंकू सिंह, सुनील कुमार, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार, पप्पू सिंह, आकाश ठाकुर, जगराज सिंह, किरन पाल सिंह, राजेश सिंह, पप्पू सिंह, रवि कुमार, अरून कुमार, अंकित कुमार, लटूरी सिंह, अनुज कुमार, संजय पुंडीर, राहुल कुमार, उमंग कुमार, रनवीर सिंह, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, खेमपाल सिंह, भगवानदास पाल, महिपाल सिंह, सुभाष सिंह, सोहित कुमार पुंडीर आदि रहे।



बैठक में निर्देश देते एसडीएम विनय कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

# ग्राम समाज की भूमि में कराएं हरे चारे की बोआई

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में एसडीएम ने ग्राम प्रधानों, लेखपालों एवं ग्राम पंचायत सचिवों की संयुक्त रूप से बैठक की। उन्होंने गोशालाओं में गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था, बाजरे की बोआई ग्राम समाज की भूमि में कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में ग्राम प्रधानों, लेखपालों एवं ग्राम पंचायत सचिव को संबोधित करते हुए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि तहसील क्षेत्र में जितनी भी गोशालाएं हैं और उनमें जो गोवंश हैं, उनके लिए हरे चारे की ग्राम समाज की भूमि में बोआई कराकर व्यवस्था करें। गांव में किसानों से संपर्क करें जिन किसानों ने गेहूं की फसल बोई है और वह भूसा दान करने लायक हैं, उनसे भूसा लेकर गांव में रखरखाव की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की भूमि पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है, उनसे खाली करा कर उनमें बाजरे, चारे की बोआई कराएं। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार योगेश कुमार सहित विभिन्न लेखपाल एवं ग्राम प्रधान रहे।

# कई पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए चल रही चुनावी प्रक्रिया के क्रम में मंगलवार को कई पदों पर दावेदारों ने नामांकन पत्र दिए गए। इसके बाद बार चुनाव की सरगर्मियां और तेज हो गईं। जबकि कई सदस्य निर्विरोध चुने लिए गए।

बार के सभागार में मंगलवार को 11 बजे से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया एल्डर कमेटी ने शुरू कराई। अध्यक्ष पद के लिए हिमांशु विश्नोई एवं मोहम्मद अय्यूब, महासचिव पद के लिए कमल कुमार, शीशराम सिंह, नन्हे खां और कोषाध्यक्ष के लिए वैभव विश्नोई, भू प्रकाश सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दूसरे दिन एल्डर कमेटी द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के दावेदार चरन सिंह ढाका, कनिष्क उपाध्यक्ष के मोहम्मद अफसर, वाजिद अली, महेंद्र सिंह, सह सचिव प्रशासनिक के शुभम विश्नोई, सह सचिव पुस्तकालय अतुल कुमार, सह सचिव प्रशासन पारितोष भारती, सदस्य कार्यकारिणी सुहैल खान, जाहिद हुसैन को निर्विरोध घोषित किया। चुनाव में अब केवल अध्यक्ष, महासचिव, और कोषाध्यक्ष का चुनाव होना है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो महासचिव पद के लिए तीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस अवसर पर शहजाद रफी, डॉ. विनीत नैन, दीपक विश्नोई, दीप विश्नोई, मोहम्मद अय्यूब, कमल कुमार, शुभम विश्नोई, चरन सिंह ढाका, प्रदीप कुमार, हिमांशु विश्नोई, चौधरी गजेंद्र सिंह, महावीर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



नामांकन पत्र जमा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

● **अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष पद के लिए होगा चुनाव**

आयोजन | उप जिलाधिकारी ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी दी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें समस्त विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

मंगलवार को समीक्षा बैठक में विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समस्त विभागों को उनके माइक्रो प्लान के अनुसार एसडीएम द्वारा कार्य के दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि नगर पालिका गली-मोहल्लों की नाले-नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई इत्यादि कराएगी। पशुपालन विभाग एवं आईसीडीएस विभाग आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान से बचाव के विषय में जानकारी दी जाएगी एवं शिक्षा विभाग द्वारा सभी बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के विषय में जानकारी दी जाएगी। ग्राम विकास विभाग द्वारा समस्त गांव में जलभराव की निकासी, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई आदि कार्य समय से कराने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक कुंदरकी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, शिक्षा विभाग आईसीडीएस विभाग सुरेंद्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



बिलारी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक में मौजूद उप जिलाधिकारी व विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार



आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

# मौसम की बेरुखी से किसान चिंतित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** मंगलवार को बूंदाबांदी और तेज हवा चलने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गईं। किसानों का कहना है कि इस समय ज्यादा बारिश हुई तो गेहूं की फसल को नुकसान होगा।

मंगलवार दोपहर को बूंदाबांदी और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। हालांकि दोपहर के बाद मौसम साफ हो गया। कांठ क्षेत्र में कुछ स्थानों पर हुई बूंदाबांदी और तेज हवा से किसान परेशान हैं। किसान वीरेंद्र सिंह, ओमकार सिंह, राजपाल सिंह, राजेंद्र विश्नोई, भूपेंद्र चौहान टिल्लू, अमर सिंह चौहान, सचिन कुमार का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल की कटाई चल रही है और कुछ किसानों के खेत में गेहूं कटे पड़े हैं। यदि और बारिश होती है तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं, दूसरी ओर किसान गन्ने की बोआई भी कर रहा है। तेज बारिश से गन्ने की बोआई भी प्रभावित होगी। बारिश के कारण गन्ना बोआई समय से नहीं हो पाएगी। साथ ही आम की फसल को भी नुकसान होगा।

## सार संक्षेप

### आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है परिधि



**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ की छात्रा परिधि विश्नोई ने हाईस्कूल की परीक्षा 94 .16 अंकों के साथ पास की है। छात्रा ने कहा कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उसकी कामयाबी के पीछे पिता पवन कुमार और मां प्रीति विश्नोई के साथ ही विद्यालय के शिक्षकों का हाथ है। परिधि ने हाईस्कूल की परीक्षा में 600 में से 565 अंक प्राप्त किए हैं। परिधि विश्नोई ने कामयाबी का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है।

### 95.83 प्रतिशत अंक मिलने पर छात्र का सम्मान

**कांठ, अमृत विचार :** एसवी चिल्ड्रेन अकादमी कांठ में विद्यालय के पूर्व छात्र सत्यम कुमार को 95 .83 अंक के साथ सातवां स्थान तथा इसी स्कूल की छात्रा अलीशा को हाईस्कूल में 94 .66 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजपाल सिंह एवं विद्यालय के संस्थापक वीरेंद्र कुमार विश्नोई ने छात्र सत्यम कुमार और अलीशा को शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रबंधक गौरव विश्नोई ने दोनों मेधावियों को बधाई दी है। विद्यालय के प्रबंधक गौरव विश्नोई, प्रधानाचार्य अंबरीश शर्मा एवं स्टाफ उपस्थित रहा।



छात्र को सम्मानित करते अतिथि।

### चिकित्सक बनना चाहती है शीजा दीन

**छजलैट, अमृत विचार :** ऊमरी कलां निवासी महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की छात्रा शीजा दीन पुत्री डॉ. मोहम्मद दीन ने इंटर की परीक्षा में 95 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला मुरादाबाद में चौथा स्थान एवं उत्तर प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त कर कॉलेज व ऊमरी कलां का नाम रोशन किया है। शीजा दीन के पिता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य हैं और माता गृहणी हैं। शीजा दीन ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता डॉ. मोहम्मद दीन व कॉलेज स्टाफ को दिया। शीजा दीन भविष्य में चिकित्सक बनना चाहती है।



शीजा दीन को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार



बिलारी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सरथल के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों ने राशन डीलर पर लगाए आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सरथल के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व राशन डीलर पर घोटाला का आरोप लगाते हुए एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। मंगलवार को कई ग्रामीण तहसील पहुंचे और ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया कि गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा। गांव की निधि को निजी कार्य में खर्च किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ब्लॉक के अधिकारियों को शिकायत की। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा राशन डीलर भी ग्राम प्रधान से मिलकर राशन वितरण में घटतौली कर रहा है। डीलर द्वारा एक यूनिट पर चार किलो राशन दिया जा रहा है। शिकायत पर भी सुनवाई नहीं हो रही। एसडीएम ने कहा कि जांच कराई जाएगी।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूटी रैली में मौजूद शिक्षिकाएं।

### स्कूटी रैली निकाल मतदान को प्रेरित किया

**बिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार को एसडीएम के नेतृत्व में नगर व क्षेत्र के माध्यमिक व शासकीय एवं सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के अध्यापकों ने स्कूटी रैली निकाली। स्कूटी रैली का उद्घाटन एसडीएम मणि अरोड़ा ने किया। स्कूटी रैली राष्ट्रीय राजमार्ग इब्राहिम टोल प्लाजा तक पहुंच कर रामरतन इंटर कॉलेज में आकर संपन्न हो गई। रैली के माध्यम से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई। इस दौरान रैली में खंड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम, फरहत अली, शाहीन परवीन, राजीव कुमार शर्मा, रीमा मौर्य, मनमोहन कौशिक, पुष्पेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, रणविजय सिंह, राहुल आर्य, अब्दुल अहद, बलवंत सिंह, तनु शर्मा, अंजू, नायला खान, हेमंत शर्मा रहे।

### इंटर कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शिव सेंट जोजफ इंटर कॉलेज में हाईस्कूल और इंटर के बच्चों का परिक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। मंगलवार को 20 बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह ने सभी बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कॉलेज के रजनीश प्रताप सिंह, दीपक कुमार चौहान, रेखा रानी, नवीन सिंह अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का रजनीश प्रताप सिंह और दीपक कुमार ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन सिंह ने किया।



छात्रा को सम्मानित करते भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह।



ठाकुरद्वारा में शेरपुर पट्टी में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन आहुति देते श्रद्धालु।

### यज्ञ में आहुति देकर श्रद्धालुओं ने खुशहाली की प्रार्थना की

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव शेरपुर पट्टी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन यज्ञ किया। यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर खुशहाली की प्रार्थना की। मंगलवार को कथावाचक कृष्णकान्त महाराज व आचार्य रामअवतार शास्त्री ने वेद मंत्रों के साथ यज्ञ शुरू कराया। इसमें श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति देकर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कथावाचक ने कहा कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से व्यक्ति के कष्ट दूर हो जाते हैं। आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया। इन अवसर पर पंडित महन्त महेन्द्र कुमार शर्मा, गौरव, सौरभ, शिखा चौहान, सावित्री, पायल, कलश, आयुषी, सुनीता, सुदेश, नन्हे आदि रहे।

## एक नजर

### चार दिन में निर्माणाधीन मकान में दो बार चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित एक कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान में चोरों ने चार दिन के अंदर दो बार चोरी कर ली। दोनों बार चोरी में 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। चोरी की घटना पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। नगर के गजरौला मार्ग स्थित वृंदावन कॉलोनी में अंशु त्यागी का मकान बनवाया जा रहा है। अंशु ने बताया कि निर्माणाधीन मकान में 19 अप्रैल को चोरों ने बिजली की फिटिंग का तार चोरी कर लिया था। बाद में मकान में दरवाजा लगवा दिया था। अब सोमवार देर रात्रि चोरों ने मकान से बिजली के तार चोरी कर लिए। पुलिस घटना की जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### दंपती के झगड़े के दौरान ईंट लगने से छात्रा घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दंपती के झगड़े के दौरान ईंट लगने से सड़क पर खेल रही कक्षा एक की छात्रा घायल हो गई। घायल को परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने छात्रा को हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव मछरा भगवानपुर निवासी इश्तियाक व उसकी पत्नी हुस्नबानो में किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इश्तियाक ने ईंट उठाकर अपनी पत्नी को मारी तो ईंट सड़क पर खेल रही पड़ोसी शाहिद अली की बेटी निंदा के सिर पर लग गई। जिससे वह घायल हो गई। पिता घायल बेटी को लेकर कोतवाली पहुंचा और वहां से उसे उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया। उपचार के दौरान घायल छात्र की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल छात्र निंदा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा है।

### शादी समारोह में युवक को पीटा, वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार :** शादी समारोह में कुछ लोगों ने युवक को पीट दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। बाद में दोनों गुटों के बीच समझौता हो गया। सोमवार रात शहर के एक बैंक्वेट हाल में शादी समारोह चल रहा था। वहां शहर के एक मोहल्ला निवासी युवक का बरात में आए दूसरे युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि युवक मोहल्ले के ही कुछ युवकों को अपने साथ बैंक्वेट हाल में ले गया और वहां दूसरे युवक के साथ मारपीट कर दी। इससे वहां हंगामा हो गया।



मंच पर गदा दिखाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य।



प्रकाश वीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री के जनसभा के दौरान मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

# भारत माता की जय नहीं कहने वाले को न चुनें : मुख्यमंत्री

## प्रकाश वीर शास्त्री इंटर कॉलेज की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-आतंकी घटनाओं पर आंख और कान बंद कर लेते थे कांग्रेस के नेता

संवाददाता, हसनपुर/रहरा

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रहरा में मंगलवार को जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने बसपा, कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय आतंकी घटनाएं आए दिन होती थीं। आतंकवादी घटनाओं को नजरंदाज करने के लिए कांग्रेस के नेता आंख और कान बंद कर लेते थे।

कांग्रेस सरकार में देश में गरीबी बढ़ी थी और आज विकास के साथ देश व प्रदेश आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस, सपा और बसपा के शासनकाल में हर तरफ दंगे, मारपीट व लूट की घटनाएं होती थीं। उनकी सरकारों में देश व प्रदेश के अंदर असुरक्षा और भय का माहौल था। लेकिन जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से देश का माहौल बदल गया है। आज बहन-बेटियां रात में भी सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं।

मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ रहरा के प्रकाश वीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान पर चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। 12:30 बजे वह हेलीकॉप्टर से यहां आए। सबसे पहले भाजपाइयों ने गदा देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत लोगों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देकर कीं। अपना संबोधन वीर बजरंगी का नारा लगवाते हुए शुरू किया।



जनसभा के दौरान जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होते ही जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाना संभव हुआ है और उन्हीं के प्रयास से आज भव्य श्री राम मंदिर अयोध्या में बना है। कांग्रेस के शासनकाल में रेलवे एवं हाईवे का विकास नहीं हुआ था, लेकिन मोदी सरकार में रेलवे, हाईवे का विकास हुआ है। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली जाने के लिए आप सबकों पांच घंटे लगते थे। लेकिन, अब केंद्र सरकार ने हाईवे बनवाकर यह दूरी मात्र दो घंटे में तय करने की सुविधा दी है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना की उपलब्धि गिनाई। उन्होंने कहा कि अब महाशिवरात्रि व सावन में कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है। मुख्यमंत्री ने जनसभा में उपस्थित जन समूह से कहा कि आज देश में व्यापारी, किसान एवं महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश डॉ. भीमराव आंबेडकर के बने हुए संविधान के आधार पर चलेगा, जिस संविधान में सभी को समान अधिकार मिले हैं।

कल्याण सिंह का नाम लेकर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से बाबूजी का सपना साकार हुआ है। हसनपुर विधानसभा सीट एक तरीके से खड़गवंशी बाहुल्य सीट है और खड़गवंशी समाज बाबू कल्याण सिंह का बहुत सम्मान एवं आदर करता है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। उस चरण में भाजपा को बढ़त हासिल हो रही है। मुख्यमंत्री ने सांसद दानिश अली पर निशाना साधा। कहा कि आप सब भारत माता की जय नहीं कहने वाले को न चुनें। यहां के सांसद ने स्थानीय लोगों के साथ विश्वासघात किया। पहले हाथी के चिह्न पर चुनाव लड़ा, अब दूसरा दल पकड़ लिया। अब वह हाथ के सहारे संसद भवन पहुंचाना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता भारत माता की जय न बोलने वाले का साथ नहीं देगी।

इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, एमएलसी सतपाल सैनी, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक राजीव तरारा, पूर्व विधायक संगीता चौहान, पूर्व विधायक तोताराम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, हसनपुर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, मंडी धनौरा नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सैदनगली की पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति, गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी, हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, गजरौला ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, मंडी धनौरा ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा, चंद्रपाल खड़गवंशी, बृजेश चौधरी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक आदि मौजूद रहे।

### जनसभा के बाद छोले चावल के लिए लूटपाट

**हसनपुर/रहरा, अमृत विचार :** जनसभा के बाद जब लोगों को भोजन में छोले चावल वितरित होने की जानकारी हुई तो भीड़ चावलों पर टूट पड़ी। बताया गया कि जनसभा के बाद पेट्रोल पंप पर दो वाहनों से जनता के लिए छोले चावल वितरण किए जा रहे थे। महिला, पुरुष, बच्चे, युवा एक दूसरे के ऊपर चढ़े हुए छोले चावल ले रहे थे। आलम यह था कि थैली एवं झंडे में ही चावल कर रहे थे। जिसके हाथ में चावल छोले आए, वह चावल-छोले लेकर भाग रहा था। उधर, जनसभा के दौरान पुलिस ने मार्ग परिवर्तित करके वाहनों को गुजारा। इससे वाहन जाम में फंस गए। पुलिस टीम ने जाम खुलवा कर वाहनों का संचालन सुचारू कराया।

### विभिन्न योजनाओं का लोगों को मिल रहा लाभ

**हसनपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भाजपा सरकार ने पहुंचाया है। केंद्र सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत 7 करोड़ लोगों को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ लोगों के मकान बनवाए गए है। केंद्र सरकार ने 12 करोड़ लोगों के लिए शौचालय निर्माण कराया है। 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत सिलेंडर निशुल्क देने का भी काम किया है। उधर, मुख्यमंत्री 49 मिनट जनसभा स्थल पर रुके। मैदान पर 12 :30 बजे मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा और मुख्यमंत्री 12 :35 बजे मंच पर पहुंचे और जनता का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने 12 :45 बजे जनता को संबोधित करना शुरू किया। उन्होंने 1 :13 बजे अपना संबोधन समाप्त किया। उनका हेलीकॉप्टर दोपहर 1 :19 बजे जनपद मुरादाबाद के गांव रतुपुरा के लिए उड़ गया।



रैली का आरंभ करतीं राजेंद्री उर्फ उमा देवी व ईओ शालिनी गुप्ता। ● अमृत विचार

# मतदाता जागरूकता रैली से दिया लोकतंत्र की मजबूती का संदेश

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद कर्मचारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मतदाता जागरूक रैली निकाली। अवंतिका पार्क से प्रारंभ होकर रैली नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए नगर पालिका कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई।

रैली में चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व ईओ शालिनी गुप्ता ने लोगों से आह्वान किया कि वे 26 अप्रैल को चुनाव में भागीदारी करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करें। रैली शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमकर पालिका कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, अरविंद सिंह,चंद्रपाल सिंह, अरकान अली, अरविंद सिंह, अनिल अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# आज शाम छह बजे थम जाएगा चुनाव प्रचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए बुधवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार प्रसार थम जाएगा। गुरुवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। शुक्रवार को मतदान होगा।

जिले में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। सामूहिक रूप से प्रचार प्रचार करने वाले प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति जो लोकसभा क्षेत्र अमरोहा का सामान्य निवासी नहीं है, वह निर्वाचन की तिथि से 48 घंटे पूर्व लोकसभा क्षेत्र की सीमा में निवासरत नहीं रह सकता। क्षेत्र में आने वाले सभी होटल, धर्मशाला में जांच कराई जाएगी। गुरुवार को मंडी समिति से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि 25 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों दोपहर तक मतदान केंद्रां पर पहुंच जाएगी। जीपीएस युक्त वाहनों से पोलिंग पार्टियों मतदान केंद्रों तक पहुंचेंगे। क्षेत्र के सभी 1856 मतदेय स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रत्याशियों की भी हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।



अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

### मतदान करने के लिए प्रेरित किया

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गांधी मूर्ति से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली जनपद के 21 इंटर कॉलेज में अलग-अलग अपने क्षेत्रों में निकाली गई। इसमें शामिल छात्र-छात्राएं राजकीय इंटर कॉलेज में एकत्रित हुई थीं। जिलाधिकारी ने यहां से छात्र-छात्राओं, अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करें।

### मतदान कार्मिक अपने पास रखें दवा व समान

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम राजेश त्यागी ने चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को मतदान संकलन प्रतिशत एप डाउनलोड करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने पास दवा, पावर बैंक, पानी, खाने-पीने का समान अवश्य रखें। सीडीओ ने कहा कि कि प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट मॉक पाल 5 :30 कर लें। कहा कि बूथ पर समय से मॉक पाल करें और चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि रिजर्व या खराब हुई एवं को विधानसभा बार निर्वाचन कार्यालय में जमा करें।

## सार संक्षेप



मां ललिता देवी के दर्शन करने के लिए उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने किए मां ललिता देवी के दर्शन

**गजरौला, अमृत विचार :** चैत्र माह के अंतिम मंगलवार को मंदिर में मां ललिता देवी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने दरबार में फूल-प्रसाद चढ़ाया। माथा टेककर परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। शहर स्थित सिद्धपीठ मां ललिता मां देवी मंदिर में भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह सूर्योदय के समय मंदिर में गर्भगृह के कपाट जैसे ही खोले गए तो माता के दर्शन को श्रद्धालु उमड़ गए। दोपहर बाद तक माता के दरबार में भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर फूल प्रसाद आदि अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने बच्चों के मुंडन संस्कार कराकर दरबार में उनका माथा टिकवाया। दंपतियों ने भी शादी के जोड़े में माता रानी के दरबार में हाजरी लगाकर जीवन की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर एवं मेला परिसर में पुलिस बल मौजूद रहा।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर व अवर अभियंता संगीता कश्यप ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नोडल प्रभारी धर्म प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि 18 वर्ष या इससे अधिक की आयु वर्ग के लोगों को मतदान का अधिकार है। हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।म तदान करना हमारा कर्तव्य है, हमारे एक मत से देश की सरकार बन सकती है। रैली में रामसरन सुशील आनंद हाई स्कूल, टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, परसोत्तमसरन राम मूर्ति कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बेबी फ्यूचर जूनियर हाईस्कूल, मणिकर्णिका सरस्वती जूनियर हाईस्कूल समेत अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली नगर पालिका प्रांगण से प्रारंभ होकर आंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार, जनकपुरी, दरबार, जामा मस्जिद, पुराना डाकघर होते हुए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पहुंच कर संपन्न हुई।

### गांव में विकास नहीं होने पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कुमराला के ग्रामीणों ने बैठक में समस्याओं का समाधान न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की बात कही। बाद में उन्होंने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र भी सौंपा। गांव कुमराला के पंचायत घर में मंगलवार को मान सिंह प्रजापति की अध्यक्षता एवं पूर्व प्रधान बदन सिंह के संचालन में बैठक हुई। इसमें ग्रामीणों ने कहा कि गांव में विकास नहीं हो रहा है। कहा कि ग्राम प्रधान ने विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने प्रधान पर प्राचीन कुएं के परिक्रमा मार्ग को अपने मकान में मिलाने का आरोप भी लगाया। क्षतिग्रस्त सड़कों, ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे का मामला उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समस्या का समाधान न हुआ तो मतदान का बहिष्कार करेंगे। बैठक के बाद ग्रामीणों ने धनौरा उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान नेपाल सिंह, मूलचंद, योगेश, धर्मवीर सिंह, नरेश सिंह, रामकुंवर सिंह, मदान सिंह, आशीष कुमार, सोहन सिंह, निक्कू, छोटे सिंह, बरन सिंह, समरपाल, रमेश, नरेन्द्र, ऋषिपाल सिंह, सलीम आदि सहित अन्य लोगों ने शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

**पूर्णिमा** — बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में स्नान के बाद परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, गजरौला/मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** चैत्र मास की पूर्णिमा पर बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। सुबह से ही गंगाघाटों पर भीड़ लगी रही। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे अनुष्ठान कराकर घर में सुख-शांति की कामना की।

मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने बृजघाट गंगा में स्नान शुरू कर दिया। कुछ श्रद्धालु तो सोमवार की मध्यरात्रि ही बृजघाट पहुंच गए थे। उन्होंने मंगलवार को सूर्य की पहली किरण के साथ स्नान किया और मां गंगा की आरती की। श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरित भी किया। मुरादाबाद, संभल, बुलंदशहर समेत कई जिलों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। जरूरतमंदों को दान देकर पुण्यलाभ कमाया।



बृजघाट गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

ब्लक गंगेश्वरी क्षेत्र के मुबारिजपुर के गंगा घाट पर तड़के से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए। भोर में सूरज की पहली किरण के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

घर परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना भी की। गंगा स्नान का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। उधर, पौरारा विरामपुर के सामने भी श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया।



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद जिला पंचायत सदस्य आकिब चौधरी व अन्य।

# मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** कस्बा ढक्का के चौधरी इकबाल मैमोरियल इंटर कॉलेज में मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को जिला पंचायत सदस्य आकिब चौधरी ने मिठाई खिलाकर व हार पहनाकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य मुजम्मिल रिजवी ने बताया कि हाईस्कूल मे सदफ फात्मा ने 90 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान, 86 प्रतिशत अंक के साथ इकरा द्वितीय, 79 प्रतिशत अंकों के साथ मोहम्मद मोनिस तृतीय स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में सूबी ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सानिया परवीन ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रहनुमा ने 73 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इस अवसर पर अम्मार हैदर रिजवी, सिराजुद्दीन, अब्दुल रऊफ, शाइस्ता, सीमा, दरख्शा, अतूफा रिजवान, रोशन आरा, समर जहां, रूबी, शबीना, अंजुम, इफरा आदि रहीं।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से मोपेड सवार सब्जी विक्रेता की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बबराला-अनूपशहर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार सब्जी विक्रेता को टक्कर मार दी। हादसे में सब्जी विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव चाऊपुर डांडा निवासी नेतराम (40 वर्ष) पुत्र बाबूराम सब्जी बेचता था। मंगलवार को नेतराम अनूपशहर से सब्जी खरीद कर मोपेड से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह टी प्वाइंट पुलिस चौकी के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नेतराम की मौके पर ही मौत हो गई।

### जमीन के विवाद में मारपीट नौ लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मियां सराय में जमीन के विवाद को लेकर सत्तार व हाजी शरीफ के बीच सोमवार की रात विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोगों में जमकर हुई मारपीट हुई। जिसमें चार लोग घायल हुए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों से फुरकान, अरमान, अतीक, एहसान, उवैस, इरफान, इमरान, बिलाल और रिहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को शांतिभंग में सभी लोगों का चालान कर दिया।

### आपस में विवाद पर पांच गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना पुलिस ने मंगलवार को गाली गलौज व आपस में मारपीट पर आमदा हो रहे गांव ईसापुर सुनवारी निवासी सोनू, कल्लू, इमरत सिंह, भीमचंद्र और मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी शाने आलम को गिरफ्तार कर लिया।

### आंधी से गिरे पेड़, बिजली आपूर्ति भी बाधित

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** आंधी व बरसात से कई जगह पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गये। इस वजह से काफी देर तक यातायात बाधित रहा। वहीं बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। आंधी के दौरान संभल-गवां मार्ग पर चाचू नागल तिराहे के निकट पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान बिजली लाइन का एक खंभा भी टूटा गया। गोंहत, चाचू नागल चौराहा पर बिजली का खंभा टूट कर बीच सड़क पर गिर गया जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई। इसके अलावा गवां मार्ग पर एक अन्य जगह पर एक पेड़ गिरा है।

# कुत्ते से टकराई बाइक, महिला सफाई कर्मी की मौत

## पति व बेटे के साथ समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से संभल आ रही थी महिला

संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार:** पति व बेटे के साथ ननद की शादी की सालगिरह में शामिल होने के लिए बाइक से संभल आ रही महिला सफाई कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर बाइक के कुत्ते से टकराने पर हुआ। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही महिला सफाई कर्मचारी का शव लेकर घर चले गए।



मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी निवासी संविदा कर्मी रोहित सोमवार की देर रात बहन की शादी की सालगिरह में शामिल होने के लिए पत्नी अनीता व पांच वर्षीय बेटे चिराग के साथ बाइक से संभल आ रहा था। संभल मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क पर अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया। जिससे बचाने के प्रयास में बाइक सड़क पर गिर गई और अनीता गंभीर रुप से घायल हो गई। जबकि रोहित व चिराग बाल-बाल बच गए।

राहगीरों की मदद से रोहित अनीता को उपचार के लिए पास ही निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर ने अनीता को मृत घोषित कर दिया। रोहित ने बताया कि वह नगर पालिका बिलारी में संविदा कर्मी है, जबकि पत्नी अनीता नगर पालिका में ठेकेदारी पर सफाई कर्मचारी थी।

### कुत्ते को बचाने में पोल से टकराई कार, बाल-बाल बचे सवार

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लौहरपुरा निवासी चोखे लाल और उसका भतीजा मंगलवार को कार से जुनावई से वापस गांव लौट रहा था। गांव सिकरौरा खादर के पास पहुंचा तो कार के आगे अचानक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार सवारों को चोट नहीं लगी। हालांकि पोल टूटकर तारों पर झूल गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई।

### संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। एक गांव निवासी व्यक्ति की परिजनों से कहा सुनी हो गई। इसके बाद व्यक्ति ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे चन्दौसी के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजनों ने घर लाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दंपती सहित चार घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर स्थित ईट भट्ठे के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दंपती सहित चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरी बाइक कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुरादाबाद निवासी प्रदीप शर्मा सोमवार की शाम पत्नी रुचि, बेटी अम्बिका 2 वर्ष और मोहनी 3 वर्ष को साथ लेकर हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव बबैना स्थित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मंगलवार की सुबह नौ बजे प्रदीप शर्मा बाइक पर सवार होकर वापस मुरादाबाद जा रहे थे। बबैना से निकलते ही संभल बहजोई मार्ग पर स्थित ईट भट्टे के पास पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे प्रदीप शर्मा, रुचि, अम्बिका व मोहनी घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक दूसरी बाइक छोड़कर मौके से भाग गया।

### खंदक में पलटी ट्रैक्टर ट्राली, मजदूर की मौत

**संभल, अमृत विचार :** भट्टे से ईट लेने जा रही ट्रैक्टर ट्राली खंदक में पलट गई। जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदूर की मौत हो गई जबकि चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। गांव धुरेटा निवासी चालक राकेश मंगलवार को गांव के ही मजदूर रिंकू (25 वर्ष), धर्मेश और प्रमोद को साथ



लेकर ट्रैक्टर ट्राली से गांव बबैना के पास स्थित भट्टे से ईट लेने जा रहा था। ईट भट्टे के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गई। जिससे रिंकू नीचे दब गया जबकि चालक प्रमोद, राकेश, धर्मेश दूर गिरकर घायल हो गए। ट्रैक्टर के पलटते ही ट्राली में शोर मचा दिया। ईट भट्टे पर काम कर रहे मजदूर मौके पर पहुंचे और जेसीबी से ट्रैक्टर उठाकर नीचे दबे रिंकू को बाहर निकाला। रिंकू को जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### कुरान के संदेश पर अमल कर बितायें जिंदगी

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के इमाम बारगाह मोहल्ला गर्वी में लंदन से आए मौलाना अकीलुल गर्वी ने संबोधित करते कुरान की बातों पर जिंदगी में अमल करने का संदेश दिया सोमवार की रात को मौलाना मरहूम तनवीर हुसैन की बरसी की याद में मजलिस अजा में मर्सिया ख्वानर अजमल और उनके हमनवा ने पढ़ी। मजलिस को खिताब करते हुए लंदन से आए मौलाना अकीलुल गर्वी ने कहा कि हम कुरान की आयत पर अमल करें तो जिंदगी में कोई परेशानी नहीं होगी। मजलिस में फजाइल के बाद जब कर्बला में हुए इमाम हुसैन के मसायब पढ़े तो आजादार रोने लगे। इस मौके पर मौलाना मंजर अब्बास, कैसर अब्बास, कमर अब्बास, मुहम्मद जुहेर व अन्य उलेमा मौजूद रहे।



सिरसी में मजलिस को खिताब करते उलमा।



रजपुरा सीएचसी में आग से जलीं दो एंबुलेंस। ● अमृत विचार

### सीएचसी परिसर में खड़ी कंडम दो एंबुलेंस में लगी आग

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़ी कंडम दो एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। अस्पताल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। कस्बा रजपुरा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कई वर्षों से कंडम सरकारी एंबुलेंस खड़ी थीं। मंगलवार को अचानक किसी तरह एंबुलेंस में आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलने पर अस्पताल कर्मियों में अफरातफरी मच गई। अस्पताल कर्मियों ने अग्निशमन उपकरण का इस्तेमाल करके और पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दोनों एंबुलेंस की सीट और टायर जल गए। बताते दें कि करीब एक महीने पहले भी यहां कंडम एंबुलेंस के जलने की घटना सामने आई थी। लगातार कंडम एंबुलेंस में आग लगने की घटनाएं चर्चा का विषय बनी हैं।

# निजी अस्पताल में बुजुर्ग महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो परिजन बिना कार्रवाई किए ही महिला का शव लेकर घर चले गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव देहली निवासी राजेश की पत्नी कुसुमवती 65 वर्ष कई दिनों से बीमार थी। सोमवार की रात अचानक से तबियत बिगड़ी तो परिजनों ने संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में कुसुमवती को भर्ती कराया। मंगलवार की सुबह उपचार के दौरान कुसुमवती की मौत हो गई।



महिला की मौत के बाद दरोगा को घटना की जानकारी देते परिजन। ● अमृत विचार

- **परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया, पुलिस ने मामला शांत कराया**

। कुसुमवती की मौत होने से परिजन भड़क गए और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल में हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर महिला के परिजनों को शांत कराया। जिसके बाद परिजन महिला का शव लेकर घर चले गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजन बिना कानूनी कार्रवाई किए ही महिला का शव लेकर घर चले गए।

# चार किसानों के घरों से एक लाख से अधिक का सामान ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

- **थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के रीठ गांव में बीती रात हुई घटना, पुलिस पहुंची, मुआयना किया**

**अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में बीती रात चोरों ने चार किसारों के घरों को निशाना बनाया और नगदी व जेवर समेत एक लाख से अधिक का माल लेकर चंपत हो गए।

गांव रीठ में हंसराज पुत्र पन्नू राम मौर्य, रामबहादुर पुत्र बांकेलाल मौर्य, राजू पुत्र मेघराज मौर्या तथा शंकरलाल मौर्य के घर प्रथमा बैंक के सामने सड़क के किनारे बने हैं। सोमवार की रात घर के सभी लोग गर्मी होने के कारण बाहर आंगन में सो रहे थे। देर रात किसी समय चोर घरों में पीछे जंगल की ओर से घुसे और कमरों की कुंडी खोल कर सामान खंगाला। चोरों ने हंसराज के घर से अलमारी में रखे कपड़े तथा 50 हजार रुपये एवं संदूक में रखे सोने चांदी के जेवर आदि सामान साफ कर दिया। वहीं राम बहादुर मौर्य के घर से कमरे में रखी कनस्तरी से दस हजार रुपये चोरी कर लिए। राजू मौर्य के घर से 6500 रुपये, शंकर लाल मौर्य के घर से बच्चों के स्कूली बैग में रखे तीन सौ रुपये चोरी कर लिए। हंसराज ने बताया कि सोमवार को बिलारी स्थित सहकारी बैंक से पचास हजार रुपये निकाले थे। वहीं रामबहादुर ने बताया कि वृद्ध मां हरप्यारी की आंखों के आपरेशन के लिए दस हजार रुपये रखे थे वो भी चोर ले गए। देर रात तीन बजे हंसराज ने उठकर खेतों में पडे भूसा को लाने के लिए बच्चों को उठाया तो कमरे में बिखरा पड़ा सामान देखकर होश फाख्ता हो गए। जंगल में चोरी किया छोटा संदूक, कपड़ों के खाली डिब्बे खेत में पड़े मिले।



सरायतरीन में शोभायात्रा का शुभारंभ करते नीलांशु वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

### सरायतरीन में निकली बालाजी की शोभायात्रा

**संभल, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सरायतरीन में बालाजी की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। सरायतरीन में तीर्थ मंदिर पर उद्योगपति एवं समाजसेवी नीलांशु वार्ष्णेय ने बालाजी शोभायात्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया जबकि गौरव वार्ष्णेय चांदी वालों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। शोभायात्रा में हनुमान झांकी, बालाजी दरबार की झांकी शामिल रही तो शिव पार्वती एवं राधा कृष्ण रूपी कलाकारों ने नृत्य किया। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर स्वागत किया। इस दौरान पुनीत वार्ष्णेय, अर्पित वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, राजा वार्ष्णेय, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### रंजिश में गोली मारकर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर भाई के साढ़ू ने मुर्सलीन को गोली मारकर घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तमंचा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी मुर्सलीन ने मंगलवार को बताया कि छह माह पहले भाई मुंतजिर के बेटे को सड़क हादसे में घायल होने की वजह से निजी अस्पताल में भर्ती था। मुंतजिर का साढ़ू उवैस निवासी नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती की पत्नी अपने भांजे को देखने अस्पताल आई थी। यहां उवैस ने बिना पूछे भांजे को देखने आने की बात को लेकर पत्नी के साथ मारपीट की थी। मारपीट होती देखकर गार्डों ने उवैस को अस्पताल से बाहर निकाल दिया था। मारपीट का विरोध करने की वजह से उवैस मुर्सलीन से रंजिश रखने लगा था। सोमवार की शाम मुर्सलीन मुहल्ला रायसत्ती में स्थित रिश्तेदारी में शादी की दावत खाने गया था। यहां देखने के बाद उवैस तमंचा लेकर मुर्सलीन के पास पहुंचा। आरोप है कि उवैस ने मुर्सलीन के हाथ में गोली मारी और भाग गया।

### अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई कार, तीन छात्र घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर कार खंभे से टकराकर सड़क किनारे पलटने से कक्षा नौ के तीन छात्र घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने छात्रों को कार से निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी तीन किशोर शहर में स्थित निजी स्कूल में कक्षा के नौ के छात्र हैं। मंगलवार को तीनों छात्र घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे। किसी व्यक्ति की कार लेकर गजरौला पहुंचे और सुबह दस बजे तीनों छात्र वापस आ रहे थे। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव खग्गूपुरा के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे में टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे पलट गई।

# शत प्रतिशत मतदान को बढ़चढ़ दें वोट

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने लोगों से लोकसभा चुनाव को महापर्व के रूप में मनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सबका प्रयास हो कि सात मई को मतदान केंद्रों पर हम मेले जैसे उत्सव मनाएं।

मंगलवार को नगर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित जनसंवाद में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि चुनाव के दौरान उपद्रव करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर सभी से अपेक्षित सहयोग की अपील की। कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि शत प्रतिशत मतदान हो। हमें शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चुनाव कराना है। मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन पानी, शेड, दिव्यांगों व बुजुर्गों को सुविधा



गुन्नौर में नागरिकों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- **डीएम और एसपी ने किया जनसंवाद, कहा-चुनाव में उपद्रव करने वालों पर होगी कार्रवाई**
- **मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर सभी से सहयोग की अपील की**

प्रदान करने की योजना तैयार की गई है। चुनाव में बिना किसी प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें। कोई धमकी या प्रलोभन देता है तो उसकी तत्काल सूचना दें ताकि खिलाफ कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि चुनाव में किसी तरह की बाधा उत्पन्न करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया और चुनाव आयोग की गाइडलाइन की जानकारी दी। बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारी और तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# ईवीएम कमिशनिंग की तैयारियां समय से करें पूरी

संवाददाता, बहजोई

- **कमिशनिंग के समय इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और मोबाइल रखने पर रहेगा प्रतिबंध**
- **ईवीएम मशीन को लाने ले जाने के वाहनों में रहेगा जीपीएस सिस्टम**

**अमृत विचार:** चुनाव में मतदान को लेकर डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट की कमिशनिंग को लेकर स्ट्रांग रूम में होने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कमिशनिंग के समय इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व मोबाइल के प्रवेश पर प्रतिबंध रखने के डीएम ने निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने लोकसभा चुनाव को लेकर होने वाली कमिशनिंग प्रत्याशियों व चुनाव चिन्ह की फीडिंग किए जाने को लेकर स्ट्रांग रूम में की गई व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए जानकारी की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में कमिशनिंग किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस समय स्ट्रांग रूम पर कमिशनिंग हो रही होगी उसे समय कोई व्यक्ति अंदर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करेगा। ईवीएम मशीनों पर लगने वाली सील के रिकॉर्ड को रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। जितने भी सिंबल लोड होंगे उनको भी सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक दशा में निरीक्षण करेंगे। रिजर्व मशीनों पर सफेद रंग का स्टीकर भी लगाया जाए।

### वाहनों में लगेगा जीपीएस सिस्टम

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी वाहन ईवीएम को ले जाने के लिए लगाए गए हैं। वहीं पोलिंग पार्टियों के साथ जो ईवीएम जाएगी उन सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। कोई भी ऐसा वाहन नहीं होना चाहिए जिसमें जीपीएस सिस्टम न लगा हो।

### सीसीटीवी की निगरानी में होगी ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश स्टेट वेयरहाउस में जो भी कमिशनिंग का कार्य किया जाएगा। उसमें लाइट की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। कर्मचारियों के लिए पंखों की व्यवस्था भी हो। प्रत्येक हाल में टीवी स्क्रीन भी लगाई जाए। कमिशनिंग हाल में आने जाने के रास्ते पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की जाए। कोई भी बाहरी व्यक्ति इस हाल में प्रवेश न करें।

# लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर संघ ने किया मंथन

संवाददाता, बबराला

- **देश और समाज का चिंतन करने वाले लोगों का राजनीति में आना आवश्यक : प्रांत प्रचारक**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विमर्श हुआ। मंगलवार को बगीचा वैंक्वेट हाल में आयोजित समन्वय बैठक के एकदिवसीय सत्र में संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में लोकसभा चुनावों की रणनीति पर विशेष तौर पर चर्चा हुई। आरएसएस मेरठ प्रांत के प्रांत प्रचारक अनिल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ देश और हिंदू समाज का हित जुड़ा है। इसलिए देश और समाज का चिंतन करने वाले लोगों का राजनीति में आना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जैसे सतयुग में ज्ञान, द्वापर में युद्ध और त्रेता युग में मंत्र शक्ति प्रभावी थी, वैसे ही कलिकाल में संगठन शक्ति प्रभावी है। इसलिए संगठित होकर देश, समाज का भला करने वाले लोगों का समर्थन करें। प्रांत प्रचारक ने उन कार्यों और गतिविधियों के बारे में बताया जो वैचारिक तौर पर भाजपा के लिए उपयोगी हो सकती हैं। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से इस समन्वय बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, मणिकांत वार्ष्णेय, गुलफाम सिंह, राजपाल यादव, अरूणकांत, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, ब्रजेश शर्मा, जगदीप, सुधा गौतम, रेखा शर्मा, दयाशंकर आर्य, रामवीर शास्त्री, ठाकुर गंभीर सिंह, अखिलेश अग्रवाल, सुधीर मल्होत्रा, विष्णु गौतम, आदि मौजूद रहे।

**चुनाव** | **लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की तिथि नजदीक आने पर लोग उठा रहे मुद्दे**

# भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व विकास कराने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **क्षेत्र का विकास होगा तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी**
- **ऐसे प्रत्याशी को चुनकर सांसद बनाना चाहिए जिससे उम्मीदें पूरी करने की आस हो**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरे चरण में सात मई को मतदाता वोट की आहुति देकर सांसद को चुनेंगे। मतदाताओं को इस तिथि का जहां बेसब्री से इंतजार है तो अपने-अपने मुद्दे भी उठा रहे हैं। इस बार मतदाता विकास कराने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और जन समस्याओं का समाधान कराने वाले को सांसद चुनना चाहते हैं।

अमृत विचार ने जब विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों से बातचीत की तो बेबाक तरीके से अपनी बात रखी। बोले, सांसद का पढ़ा लिखा होने के साथ ही ईमानदार और संभल के हित की बात करना बेहद जरूरी है। क्षेत्र का विकास होगा तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। कहा कि जिले में उम्मीद के मुताबिक विकास नहीं हो सका है। जनसमस्याओं का अंबार है। इसलिए अबकी बार मतदाताओं को ऐसे प्रत्याशी को चुनकर सांसद बनाना चाहिए जिससे उम्मीदें पूरी करने की आस हो।



हमें अपना जनप्रतिनिधि ऐसा चुनना चाहिए जो ईमानदार, चरित्रवान, देश के प्रति निष्ठावान और मानवीय मूल्यों को समझने वाला हो। सांसद हमारी समस्याओं को समझकर समाधान कराए। क्षेत्र के विकास के बारे में अपना योगदान दे सके। ऐसे प्रत्याशी को चुनकर जनता को सांसद बनाना चाहिए।

**-कमल कौशल वार्ष्णेय,** निर्यातक



संभल ऐतिहासिक नगर होने के साथ ही लोकसभा सीट भी इसी के नाम से है। इसलिए सांसद ऐसा होना चाहिए जो संभल के विकास पर ध्यान दे। अधिवक्ता लंबे समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग कर रहे हैं। इसके लिए भी मजबूत पैरवी होनी चाहिए। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाला सांसद होना चाहिए।

**-प्रदीप कुमार गुप्ता एडवोकेट,** पूर्व अध्यक्ष संभल बार एसोसिएशन



सांसद ऐसा होना चाहिए जो बेहद ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ हो। सांसद को जन समस्याओं का समाधाना कराना चाहिए। विकास पर ध्यान दिया जाएगा तो संभल भी तरक्की करेगा। काम होने से ही संभल की तस्वीर बदल सकेगी। पढ़े लिखे सांसद का होना जरूरी है। इस बार इन्हीं बातों को ध्यान में रखा जाएगा।

**-विनोद कुमार खन्ना,** प्रधानाचार्य हिंद इंटर कॉलेज



संभल का विकास होना बेहद जरूरी है लेकिन आज तक किसी ने भी विकास की तरफ ध्यान नहीं दिया। जिस कारण संभल विकास में पिछड़ा हुआ है। इस बार ऐसे सांसद को चुना जाएगा जिससे विकास कराने की पूरी उम्मीद होगी। ईमानदारी से क्षेत्र का विकास होने से ही लोगों को सुविधाएं मिल पाएंगी।

**-दीपक आर्य,** अध्यक्ष आर्य युवा संगठन

# तय समय पर चुनाव प्रचार खर्च का ब्योरा न देने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** चुनाव व्यय प्रेक्षक कल्लोल मिस्त्री ने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के व्यय लेखा की समीक्षा करने के लिए तारीखों की घोषणा की है। वह कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न तिथियां पर प्रत्याशियों के खर्च की समीक्षा करेंगे। प्रत्याशी द्वारा लेख प्रस्तुत न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

चुनाव व्यय प्रेक्षक कल्लोल मिस्त्री ने 25 अप्रैल, 29 अप्रैल, व 04 मई को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक समीक्षा करेंगे। लोकसभा चुनाव प्रत्याशी है, जो घोषित तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियां तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके जनसभा व जुलूस तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बंधी कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग व दिव्यांगों के घर पहुंचेंगी पोलिंग पार्टी

**बहजोई, अमृत विचार :** 26 अप्रैल से 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर पोलिंग पार्टी मतदान कराने पहुंचेगी। जिसको लेकर पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि ऐसे बुजुर्ग मतदाता जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है और जो मतदाता दिव्यांग हैं, घर से मतदान करने की सहमति दी है।

## एक नजर

### आंधी में सड़क पर गिरा पेड़, हादसा टला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर बाद तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी से कई जगह पेड़ गिरे। बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित गांव देवरखेड़ा के निकट चन्दौसी ग्रीन्स सोसायटी के पास एक पेड़ सड़क पर गिर गया। गनीमत रही तेज हवा चलने के दौरान वहां से कोई गुजर नहीं रहा था। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### सड़क पर पेड़ से टकराई बाइक, एक घायल

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बिलारी–आसफपुर मार्ग पर टूटे पड़े पेड़ से बाइक टकराने में पीछे बैठा बाइक सवार घायल हो गया। मंगलवार की शाम सात बजे कृष्णपाल व महावीर निवासी गुरगांव थाना कुढ़फतेहगढ़ बोंडा फिरोजपुर से अपने गांव जा रहे थे कि आंधी में सड़क किनारे खड़ा पेड टूट कर गिर गया। जिससे बाइक सवार कृष्ण पाल की बाइक पेड़ से जा टकराई। बाइक पर पीछे बैठा महावीर घायल हो गया।

# धूमधाम से निकाली हनुमान जयंती शोभायात्रा

## श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, रामलला की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** श्री हनुमान जयंती पर नगर में हनुमान जी की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जहां एक ओर हनुमान जी की मनमोहक झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी तो वहीं रामलला की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। स्वागत नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया। भंडारों का भी आयोजन किया गया।

अनाज मंडी समिति से हनुमान जी की शोभायात्रा का आरंभ हनुमान जी की पूजा अर्चना कर किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे हनुमान जी की विशाल झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। वहीं उसके बाद रामलला की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। माता महाकाली का अखाड़ा सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। भगवान श्री राम, सीता व लक्ष्मण के स्वरूप में कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति दी तो नगरवासी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। बालाजी महाराज की झांकी के आगे सभी नतमस्तक होते हुए चल रहे थे। इन सहित तीन दर्जन से अधिक झांकियां शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा मंडी समिति से प्रारंभ होकर वापस मंडी समिति में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का स्वागत नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया। वहीं जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान चेयरमैन राजेश शंकर राजू, लव मोहन वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, विवेक बादशाह, हरी बाबू, योगेश कुमार, सचिन कुमार सहित आदि व्यवस्था बनाए हुए थे।



शोभायात्रा में हनुमान जी की झांकी व विभिन्न स्वरूपों में सजे कलाकार। ● अमृत विचार

### हिंदू राष्ट्र सेना ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**असमोली, अमृत विचार :** विकासखंड असमोली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनौटा में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हिंदू राष्ट्र सेना के जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश माथुर और सुनील कुमार माथुर ने कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान जी का जन्मदिन मनाया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुंदरकांड का पाठ करने के बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को प्रसाद वितरण किया। हनुमान जयंती के मौके पर सुनील कुमार माथुर, वेद प्रकाश माथुर, अंकित कुमार, अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने बजरंगबली को चोला चढ़ाया

**बबराला, अमृत विचार :** नगर स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पवनसुत के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए नगर सहित आसपास गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।सुबह महाआरती के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। इस अवसर पर मंदिर के महंत धनराज गिरि महाराज और दयाल गिरि ने संकटमोचन की महाआरती की। महाआरती से पहले श्रद्धालुओं ने बजरंगबली को चोला चढ़ाया। हनुमान जी का पंचामृत से महाअभिषेक किया गया। छप्पनभोग का विशेष भोग लगाया। शाम को जन्मोत्सव महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयकारे के लगाए। इसके बाद संगीतमय सुंदर कांड हुआ। योगेश गुप्ता, लोमेश राजपूत, सुधीर सहारा, मनीष वार्ष्णेय, हिमांशु गोयल, आदि का सहयोग रहा।

## श्री बालाजी की शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालु, हवन में दी गईं आहुतियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

- धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव
- सुंदरकांड पाठ और कथा का आयोजन भी हुआ

**अमृत विचार :** मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित श्री बालाजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हवन में आहुति देकर विपदाओं से बचाने की कामना की गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सुंदरकांड पाठ और कथा का आयोजन भी हुआ।

श्री बालाजी मंदिर पर मंगलवार को सुबह सात बजे हवन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर संकट मोचन श्री बालाजी से संकट को काटने के साथ ही भारत को विपदाओं से बचाने की कामना की। मुख्य यजमान के महंत हरिओम सिंह रहे। जिसके बाद श्री बालाजी की शोभायात्रा निकली जो विभिन्न मार्गों से होकर मां चामुंडा मंदिर मार्ग, महाराणा प्रताप पार्क, बरेली सराय, शिवाजी चौक से वापस मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। दोपहर में हनुमान कथा में मुंबई से आए कथा वाचक सुभाष बलूनी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुन्दर कांड को सुनाते हुए बताया कि कभी किसी के साथ छल नहीं किया जाए। प्रेम किया जाए तो संसार में सब कुछ मिल सकता है। जिसके बाद महाआरती हुई तो भक्तों का तांता लग गया। भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव पर केक काटा। छप्पन भोग और केक के प्रसाद का वितरित किया गया। सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान मुकुल रस्तोगी, धर्मेंद्र कुमार, गौतम सिंह, अमन सिंह, डब्लू सिंह, संजय कुमार, नितेश चंद्र सैलवाल, वीरपाल सिंह, अशोक कुमार, अनिल गर्ग, अंकुर गोयल, अनिल श्रीमाली, आकाश सैनी आदि रहे।

# बालाजी महाराज को छप्पन भोग किया समर्पित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मंगलवार की सुबह बालाजी महाराज का शाही अभिषेक महंत राकेश अग्रवाल ने दूध, दही, घी, शहद, बूरा से किया। इसके बाद प्राण संकट मोचन हवन संपन्न कराया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद भक्तों ने बालाजी महाराज का तिलक किया । साथ ही बालाजी महाराज को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया । दोपहर एक बजे ब्राह्मण व कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर शाम तक जारी रहा। शाम को एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भक्त भजनों पर झूमते नजर आए। इस दौरान सेवादार संतोष कुमार, हेमंत कुमार, किशन वीर, सोनू, मोहित कुमार, संतोष वार्ष्णेय, इलू, विशाल, अंकित, लब्बू, अभिषेक, विनीत, सुमित, अनीता, ऋतु, पिंकी, सृष्टि, प्रियांशी, शिवानी, पाखी, महक, राधा, कुमकुम आदि मौजूद रहे।



लड्डू वाले बालाजी महाराज दरबार में जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- ब्राह्मण व कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया



हनुमान की आराधना करते एबीसी मांटेसरी के बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने हनुमान मंदिर में चोला चढ़ाया और भोग लगाया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार को एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल के विद्यालय के नजदीक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां हनुमान जी को चोला चढ़ाकर आरती की गई। इसके बाद बच्चों ने भोग अर्पित किए। विद्यालय के दो बच्चों ने हनुमान की वेशभूषा धारण की। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। हनुमान भगवान श्रीराम के भक्त थे। इस दौरान अनुराग भार्गव, दिव्या, नेहा, प्रिया, काजल, इशिता, शालू, निशा, अनुषा, दीक्षा, दीपाली, सरिता, सोनल, मुस्कान, रुपाली, मंतशा, लक्षिता, अर्शी, कोमल, श्वेता आदि मौजूद रहे।

## नरौली में भी मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार:** नगर पंचायत नरौली में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मौहल्ला पीपल वाला मंदिर पर रामायण का पाठ किया गया। मैन मार्केट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

सर्वप्रथम बजरंग बली को चोला चढाया गया व पूर्ण विधि विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई। उसके बाद दोनों मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

बजरंग दल के पदाधिकारी नितिन शर्मा ने अपने आवास पर हवन में आहुतियां देकर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर राजेश गुप्ता, नितिन शर्मा, आदेश शर्मा, राजेश शर्मा, दीपक कश्यप, महेश राघव, उमेन्द्र राघव, अंकुर राघव, लल्ला ठाकुर, कमल सैनी, टीटू सैनी आदि रहे।

## सार-संक्षेप



बालाजी दरबार में हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मंदिर में सुंदर कांड व भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री बारह सैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट की ओर से रामबाग धाम स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर में बालाजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार की सुबह पांच बजे बालाजी महाराज का शाही स्नान व चोला चढ़ाया गया। नौ बजे हवन संपन्न कराया गया। दोपहर एक बजे कन्या व ब्राह्मण भोज हुआ। हवन के बाद दोपहर दो बजे भंडारे का आयोजन किया गया। शाम चार बजे मंदिर परिसर में सुंदर कांड व भजन संध्या आयोजित कराई गई। जिसमें बालाजी महाराज का गुणगान किया गया। रात आठ बजे महाआरती की गई ।इस दौरान समिति के प्रबंधक रूपम वार्ष्णेय, उपप्रबंधक अंकित वार्ष्णेय, राजीव गुप्ता, सौरभ वार्ष्णेय, कन्हैया वार्ष्णेय, ऋषभ वार्ष्णेय आदि रहे।

### ब्राह्मण महिला सभा ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा की ओर से जिला न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया। सभा के समस्त सदस्यो की ओर से हनुमान बाबा को सिंदूरी चोला चढ़ाया गया और बूंदी के लड्डू, फलों का भोग लगाया गया। महामंत्री रंजना शर्मा ने हनुमान जी के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर उर्मिला शर्मा, रेनू शर्मा, रेखा शर्मा, सुनीता शर्मा, स्वर्ण लता आदि उपस्थित रहीं।

### हनुमान जयंती पर चढ़ाया गया चोला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पंजाबी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें मंगलवार की सुबह प्रतिमा का श्रंगार कर चोला चढ़ाया गया। भक्तों की ओर से हनुमान जी के समक्ष छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया। इसके पश्चात आरती कराई गई। दोपहर एक बजे कन्या व ब्राह्मण भोज के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भी आरती हुई। इस दौरान विपिन चंद्र मिश्रा, बृजेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, नीलेश शर्मा, विनय राज, मनोज कठेरिया, गिरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली डॉ. आंबेडकर की शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली में सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोआर्डीनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में डॉ. आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले, भगवान तथागत बुद्ध सहित अन्य काफी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा ने गांव के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। मुख्य अतिथि सतीश प्रेमी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने दलित व पिछड़ों का राजनीतिक सामाजिक आर्थिक मार्ग प्रशस्त कर दुनिया को समता का संदेश दिया। इस दौरान छत्रपाल सिंह, कपिल देव, अंकित कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, अभय कुमार, जय पाल सिंह, रामवीर सिंह, संत राम, पीयूष कुमार, छोटे अली आदि मौजूद रहे।

## आंधी के साथ बूंदाबांदी से गेहूं की फसल पर संकट

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मंगलवार की दोपहर बाद आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिच गईं। खेतों में किसानों की गेहूं की फसल कटाई को तैयार खड़ी है तो कहीं कटी फसल निकासी को पड़ी है। ऐसे में तेज बारिश हुई तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

कई दिन से धूप में लगातार तेजी आ रही थी। जिससे मौसम में गर्मी का एहसास होने लगा। सोमवार की रात से ही गर्मी बढ़ गई थी। मंगलवार की सुबह से ही तेज धूप खिलने से मौसम काफी गरम हो गया। अपराह्न करीब तीन बजे आसमान में अचानक काले बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी। देखते ही देखते हवा आंधी में बदल गई और बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि करीब आधा घंटा की तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। जिससे मौसम खुशगवार हो गया। वहीं इन दिनों गेहूं की कटाई चल रही है।

# ऑनलाइन जॉब के नाम पर युवती से 11 हजार रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**फर्जीवाड़ा**

- पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर युवती से 11 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़िता ने पुलिस को मामल की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

आवास विकास कालोनी निवासी अम्बिका पुत्री भूप नरायण सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई ।

कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह ऑनलाइन जॉब से बात कर रहा है। आपकी जॉब लगी है हमारे टीम लीडर आपसे बात करेंगे और उस अज्ञात व्यक्ति ने आवश्यक कागजात भेजने के लिए वाट्सएप पर लिंक भेजा। पीड़िता ने बताया कि उक्त लिंक पर उसने अपनी सारी डिटेल अपलोड कर दी। उक्त लिंक पर डिटेल अपलोड करने के बाद ही उसके बैंक खाते से तीन बार में 3000, 1000 व 7000 रुपये कट गए। कुल 11 हजार रुपये खाते से कट गए। जिससे उसने तत्काल उक्त व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर कॉल की तो उस व्यक्ति ने 10 हजार रुपये और जमा करने की बात कही। कहा कि पैसे वापस हो जाएंगे। जिससे उसे खुद को ठगे जाने का एहसास हुआ। तत्काल साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। 14 अप्रैल को उसके पास साइबर सेल से 11000 रुपये का होल्ड का मैसेज आया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## दो टेंपो की भिड़ंत में मजदूर गंभीर रूप से घायल, रेफर किया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर से सटे जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के औरछी चौराहा पर दो टेंपो की भिड़ंत में हो गई। जिसमें एक मजदूर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया।

जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर से छह मजदूर लिंटर डालकर टेंपो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। जब टेंपो थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे पर पहुंचा तो सामने से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी।

हादसे में एक मजदूर राहुल पुत्र रामकिशन निवासी हनुमानगढ़ी चन्दौसी घायल हो गया। घायल मजदूर को उसके साथी टेंपो से सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां मजदूर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# मुर्गों की लड़ाई में हार-जीत को लेकर जुआ खेलते चार पकड़े

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

- पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत रिपोर्ट
- थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ का मामला

**अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ की पैठ बाजार में मुर्गों की लड़ाई में हारजीत को लेकर जुआ खेलने के कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

उप निरीक्षक साधु सिंह 22 अप्रैल, सोमवार की दोपहर करीब सवा दो बजे टीम के साथ गश्त पर थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव रीठ में साप्ताहिक बाजार(पशु बाजार) में कुछ व्यक्ति मुर्गों को लड़वा कर हार-जीत की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते पकड़ लिया। तलाशी में चारों के पास से 1830 रुपये बरामद हुए। साथ ही मौके पर लड़ रहे घायल मुर्गे तड़प रहे थे। पुलिस चारों लोगों को पकड़ कर थाने ले आयी।

थाना पुलिस ने उप निरीक्षक साधु सिंह की ओर से सलामत खां निवासी बड़ागांव, सैफनी जिला रामपुर, जतिन निवासी केशवपुरम नई दिल्ली, मोनू तेलीवाड़ा नई दिल्ली, गुलविन्द्र निवासी विक्रम एन्क्लेव गाजियाबाद के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम व पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# तेज हवा और बारिश से किसान हुए चिंतित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवा चलने के साथ ही कई क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। हालांकि मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत महसूस की लेकिन खेतों में कटी पड़ी और खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका को लेकर किसान चिंतित हुए। कई क्षेत्रों में फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई।

पिछले कई दिनों से चिलचिलाती धूप के कारण गर्मी तेवर दिखा रही थी , लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप के चलते लोग परेशान दिखाई दिए। दोपहर में अचानक मौसम बदलने लगा। संभल के अलावा अन्य शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र में हल्की बारिश होने लगी। जिससे लोग भी राहत महसूस करने लगे। इस बीच संभल में फाल्ट होने से कुछ क्षेत्रों की बिजली बाधित हो गई तो कुछ घंटों में ही इनवर्टर भी जवाब देने लगे। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुंसिफी फीडर की अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट होने पर शंकर कॉलेज चौराहा और आसपास क्षेत्र की बिजली बाधित हुई। बिजली विभाग भी समस्या का समाधान कराने में जुटा लेकिन रात तक दिक्कत बनी रही। दुर्गा कॉलोनी और अन्य क्षेत्रों में भी बिजली बाधित हुई। वहीं देहात क्षेत्र में भी बिजली संकट गहरा गया।



संभल में चंदौसी चौराहा पर बूंदाबांदी का दृश्य। ● अमृत विचार

- बारिश होने पर गेहूं फसल को नुकसान की आशंका
- संभल शहर और देहात क्षेत्र में बिजली हुई बाधित

### गेहूं फसल को लेकर किसान परेशान

**संभल अमृत विचार :** मंगलवार को शाम के वक्त हुई हल्की बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गईं। किसानों का कहना रहा कि अगर ज्यादा बारिश हुई तो गेहूं की कटी पड़ी और खड़ी फसल को नुकसान होगा।

**लापरवाही** संभल में कई सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर बने शोपीस

# खराब पड़े हैं वाटर कूलर, गर्मी में कैसे बुझे प्यास

**अमृत विचार पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गर्मी तेवर दिखाने लगी है लेकिन शहर में कई सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी से प्यास बुझाने के इंतजाम नहीं हैं। वाटर कूलर शोपीस बनकर रह गए हैं तो लोग ठंडे पानी से गला तर करने के लिए भटक रहे हैं। फिर भी नगर पालिका प्रशासन की ओर से समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

गर्मी के मौसम में ठंडे पानी से प्यास बुझा ली जाए, इसके लिए ही संभल शहर में नगर पालिका परिषद, सांसद एवं विधायक निधि की ओर से वाटर कूलर लगवाए गए हैं लेकिन देखरेख के अभाव में यह ठंडा पानी नहीं दे रहे हैं। अमृत विचार ने मंगलवार को शहर में कई स्थानों पर पड़ताल की तो यही सच्चाई सामने आई। चंदौसी चौराहा पर यातायात पुलिस बूथ के पास लगा वाटर कूलर बंद मिला। जबकि यहां पुलिस कर्मियों के ठहराव के साथ ही यात्रियों का रहना भी होता है। इस स्थान पर लोगों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। चौराहे के दूसरी तरफ वाटर कूलर चलता मिला लेकिन ठंडा पानी नहीं आ रहा है। जिला अस्पताल में इमरजेंसी गेट के पास लगे वाटर कूलर की एक ही टोटी बूंद-बूंद ठंडा पानी दे रही है। यहां देखरेख के अभाव में ऐसे हालात बने हैं जबकि यहां दिनभर सैकड़ों मरीज और तीमारदार पहुंचते हैं।



सीएचसी के पास वाटर कूलर से फ्रीजर गायब और खराब इंडिया मार्का हैंडपंप।



चंदौसी चौराहा पर यातायात पुलिस बूथ के पास बंद पड़ा वाटर कूलर।

- कई स्थानों पर वाटर कूलरों से लोगों को नहीं मिल रहा ठंडा पानी

### सीएचसी के पास वाटर कूलर से फ्रीजर गायब

**संभल अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट के पास वाटर कूलर में फ्रीजर ही नहीं है तो इंडिया मार्का हैंडपंप भी खराब पड़ा है। आसपास के लोग बताते हैं कि कई महीनों से वाटर कूलर शोपीस बना हुआ है। हसनपुर मार्ग पर स्थित मुसाफिरखाने पर लगा वाटर कूलर से तेज धूप के कारण गर्म पानी निकल रहा है। वहीं मुहल्ला नाला में कन्या विद्यालय पर लगे वाटर कूलर की एक टोंटी से सादा पानी आ रहा है। बहरहाल, इन सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी के समुचित इंतजाम नहीं होने के कारण लोग परेशान हैं, फिर भी जिम्मेदार कदम उठाते नहीं दिख रहे हैं।

**नाम-परिवर्तन**

मेरा नाम RESHMA PARVEEN है मैं अपना नाम बदलकर RESHMA PERVEEN रखना चाह रही हूं। भविष्य मे मुझे सही नाम से जाना जाए। RESHMA PERVEEN R/o BEGUM WALI MASJID, ASALATPURA, MORADABAD.

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम SUJAUDADEEN से बदलकर SHUJAUDDIN रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। SHUJAUDDIN S/O KHEROODADEEN R/O ASALATPURA मुरादाबाद l

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD IMRAN KHAN से बदलकर MOHD EMRAN KHAN रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। MOHD EMRAN KHAN S/O MOHAMMAD MUMTAZ KHAN R/O AZAD NAGAR मुरादाबाद।

**एक नजर**



आग से जली गेहूं की फसल।

## किसान की नौ बीघा गेहूं की फसल जली

**बिजनौर, अमृत विचार :** गांव फरीदपुर मान उर्फ पंडावली में किसान सुरेन्द्र सिंह उर्फ जबर के खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में तेज हवा फाल्ट हो गाय। तारों की चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। इससे नौ बीघा गेहूं की फसल जल गई। पीड़ित किसान ने बताया कि एक-दो दिन बाद ही गेहूं की फसल की कटाई करने वाले थे। फसल में आग लगने से एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना तहसील में दी गई है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो भाइयों की मौत, दंपती और बच्चे घायल

### गांव भनेड़ा में टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर)

- गांव अब्दुल्लापुर के रहने वाले थे मोहम्मद फारुक और वसीम

**अमृत विचार :** गांव भनेड़ा स्थित टोल प्लाजा पर मंगलवार दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत दो भाइयों की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक सवार घायल दंपती और दो बच्चो को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं।

बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर में मोहम्मद फारुक और उसके भाई वसीम का परिवार रहा है। मंगलवार को दोनों भाई बिजनौर से नजीबाबाद की ओर जा रहे थे। जब ये दोनों किरतपुर-नजीबाबाद मार्ग पर गांव भनेड़ा स्थित टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो गांव बुंदकी निवासी गौतम अपनी पत्नी प्रीति, पुत्री तनीषा (5) पीहू (3) और पुत्र विहान (6 माह) के साथ बाइक से बिजनौर शादी में जा रहा था। तभी दोनों की बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें फारुक और उसके भाई वसीम की मौत हो गई, जबकि गौतम, उसकी पत्नी और दो पुत्रियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पुलिस ने गौतम को बिजनौर, उसकी पत्नी और दोनो बच्चों को किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सभी की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिए। फिलहाल घायलों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार किया जा रहा है।

## स्कूल की वैन में धुआं निकलता देख बच्चों में मची चीख पुकार

**धामपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गुजरातियान में मंगलवार दोपहर स्कूल वैन में धुआं निकलने लगा। यह देख बच्चों में चीख पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने वैन के दरवाजे खोलकर बच्चों को बाहर निकाला। वैन चालक जोगेंद्र सिंह ने बताया कि वह स्कूल की छुट्टी हो जाने के बाद एक निजी स्कूल के नौ बच्चों को वैन से उनके घरों पहुंचाने के लिए चला था। एक बच्चे को उसने मोहल्ला खतियान में चवन्नी वालों के चौराहे पर उतार दिया था और 8 बच्चे वैन में सवार थे। जब उसकी वैन मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर के निकट बाल विकास केंद्र स्कूल के पास पहुंची तो वैन में तेजी से धुआं उठने लगा। फिलहाल सभी बच्चे सुरक्षित हैं। वैन को ठीक कराया गया है।



मंदिर मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में हवन पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



हवन में आहुति देते मुख्य यजमान, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# सुंदरकांड पाठ के बाद मंदिर में किया हवन पूजन

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर मंदिर मुक्तेश्वर नाथ में हवन पूजन किया गया।

श्री बालाजी धाम प्रांगण स्थित बालाजी दरबार में मंदिर के पुजारी पंडित विपिन चन्द्र त्रिपाठी ने बालाजी महाराज का हवन यज्ञ किया। बालाजी महाराज के सेवा मंडल के सेवादारों ने सुंदरकांड पाठ किया। बाद में बालाजी महाराज का भोग प्रसाद वितरण कर भंडारा शुरू किया। सेवादारों ने सचिन अग्रवाल, सीतांशु अग्रवाल, तुलाराम के पौत्र रोहित गुप्ता, उत्पल चौहान, मोहित गुप्ता, गौरव कल्लू, अमित गुप्त, अतुल भारद्वाज, घनश्याम सैनी, रितेश जैन, प्रभात सैनी, शीला, प्रियंका शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पूजन कर भक्तों ने भगवान हनुमान को चढ़ाया चोला

**शेरकोट, अमृत विचार :** गांव पालकी एमन में श्री हनुमान मंदिर में लोगों ने श्री हनुमान जयंती पर चोला चढ़ाकर यज्ञ व भंडारा किया। आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने विधिवत पूजन कर यज्ञ संपन्न कराया। इस दौरान मेघराज सिंह, हरकेश सिंह, पवन कुमार, पुनीत कुमार, महाराज लाल भारती, आदित्य कुमार, पंडित भास्कर कौशिक मौजूद रहे। ग्राम प्रधान भनोटी हेमराज सिंह ने बताया कि उनके गांव में भी श्री हनुमान जयंती पर भंडारा किया गया।

## हनुमान जयंती पर हवन में दी आहुति

**किरतपुर, अमृत विचार :** श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष में सुंदरकांड व हवन पूजन के बाद भंडारा हुआ। नगर के मुख्य बाजार स्थित श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जयंती पर्व पर सोमवार रात्रि आठ बजे सुंदरकांड हुआ। इसमें मुख्य यजमान सौरव रस्तोगी सपरिवार रहे। मंगलवार सुबह पूजन के बाद बाबा का श्रृंगार व हनुमान चालीसा का पाठ किया। पंडित गणेश ध्यानी ने मुख्य यजमान से हवन में आहुति अर्पित करने के बाद बाबा को छप्पन व्यंजनों का प्रसाद भोग लगाया गया। इस दौरान अतुल रस्तोगी, नवनीत मित्तल, कपिल रस्तोगी, विजय कालरा, राकेश माहेश्वरी, राहुल कुमार, ऋषभ सिंगल, दिव्यम अरोड़ा, कार्तिक अग्रवाल, विभोर गोयल, विकास ध्यानी, सागर माहेश्वरी, उत्तम माहेश्वरी, प्रियांशु पाल आदि मौजूद रहे।

# सुंदरकांड व बजरंग बाण का पाठ हुआ

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** औद्योगिक नगरी में मंगलवार को हनुमान जयंती पर कई स्थानों पर भंडारे लगे। श्री राम मंदिर में सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ किया गया। सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितिरित हुआ।

मंगलवार को हनुमान जयंती पर नगर के हनुमान मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। सुबह से ही हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं बाबा को चोला चढ़ना शुरू हो गया था। कई स्थानों पर भंडारा भी हुआ। श्री राम मंदिर में हनुमान की पूजा की गई। पंडित मोहन मिश्रा व गोविंद पांडेय ने बाबा की पूजा कराई।

जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा, रंजना झा, सीएसआर हेड विवेक प्रकाश, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, प्रशासनिक प्रबंधक अशोक राय, सतेंद्र चौधरी प्रबंधक सुरक्षा व प्रशासन सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार, मनोज शर्मा एचआर हेड ने बाबा की पूजा की। मंडली ने भजन कीर्तन एवं हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, बजरंग बाण आदि का पाठ किया। इस मौके पर पीके उपाध्याय, एके सिंह, देवेंद्र पंवार,आरए शर्मा, एएन राय, प्रमोद शर्मा, राजेश शर्मा, वंदना सिन्हा, अनुज चौधरी आदि मौजूद रहे।



हनुमान जयंती पर पूजा करते भरतिया ग्रुप के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**हनुमान जयंती**

- हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ बाबा को चोला चढ़ाया

# अपहरण के बाद दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अपहरण के बाद किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 48 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना 25 सितंबर 2021 की आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां रहने वाले एक किसान की 17 वर्षीय बेटी को गांव का ही विपिन बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया गया था। गांव निवासी विशाल, धीरज और सोनू ने भी उसकी मदद की थी। काफी तलाश करने के बाद भी किशोरी का कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। बेटी की तलाश में नाकाम किसान ने मामले में विपिन, विशाल, धीरज और सोनू के खिलाफ अपहरण व पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी विपिन को गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी के बयान के आधार पर विवेचना में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी की गई थी। पुलिस ने विपिन का चालान कर दिया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने विशाल, धीरज और सोनू का नाम निकालकर सिर्फ विपिन के खिलाफ ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

फिलहाल, विपिन जमानत पर था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डॉ. कपिला राघव की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी ने मजबूत पैरवी की। मंगलवार को कोर्ट ने मामले में अंतिम सुनवाई की। इसमें पीड़िता के बयान व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने विपिन को दोषी करार किया। उसे 20 साल की जेल की सजा सुनाई और 48 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# बरात में डिलारी गए नौगांवा के कार चालक की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, नौगांवा सादात/डिलारी

**दुखद**

- बैंक्वेट हाल में फंदे से लटका मिला शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की हुई पुष्टि

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव आलमपुर कैच से बरात में ठाकुरद्वारा-डिलारी गए कार चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बैंक्वेट हाल में गेहूं की बोरियों के ऊपर अंगोछे के फंदे से उसका शव लटका मिला। परिजनों ने मारपीट और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई है। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर करवाई की मांग की है।

गांव आलमपुर कैच में सोमपाल यादव का परिवार रहा है। सोमवार देर शाम उनका बड़ा पुत्र कुलदीप यादव (28) अपनी कार किराये पर लेकर गांव के ही आदेश के बेटे अलख यादव की बरात में ठाकुरद्वारा स्थित करनपुर चौराहा पर एक बैकट हाल गया था। परिजनों ने बताया कि दोस्तों के साथ उसने शराब का सेवन किया और खाना खाया।

रात एक बजे उसने अपने पिता को फोन कॉल की। लेकिन बात नहीं हो पाई। परिजनों के अनुसार, वह घबराया हुआ था इसलिए वह कुछ नहीं बता पाया। कॉल कटते ही उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद परिजन दूसरी कार से बैंक्वेट हाल पहुंचे और उसकी तलाश की तो बैंक्वेट हाल में ही गेहूं की आढ़त में बोरियों पर अंगोछे के फंदे से वह लटका मिला। परिजन उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजनों उसका शव लेकर ठाकुरद्वारा थाने पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक ने जहर से मौत होने की पुष्टि की। मंगलवार सुबह परिजन उसका शव घर ले आए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। उधर, परिजनों ने बताया कि घटना के दौरान तीन युवकों की तस्वीर वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद है। इसमें वे तीनों कुलदीप को पीटते नजर आ रहे हैं।



प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# हनुमान जयंती पर शहर में निकाली प्रभातफेरी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ की ओर से मंगलवार को भगवान हनुमान जयंती पर शहर में प्रभात फेरी निकाली।

प्रभात फेरी के बाद श्री हनुमान बाबा का श्रृंगार एवं चोला चढ़ाया गया। वहीं संगीतमय सुंदरकांड का भव्य आयोजन भी किया गया। विधायक राजीव तरारा, श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ के अध्यक्ष अमन अग्रवाल, महंत वैभव गोयल, महामंत्री केशव कौशिक, प्रबंधक विट्ठल गोयल, उपप्रबंधक गौरव सिंघल, कोषाध्यक्ष वंशिक शेखर चौहान, सह कोषाध्यक्ष शुभम सिंघल, प्रशांक सिंहल, सुमित गर्ग, संचित अग्रवाल, प्रियांशु शर्मा, पुष्पेंद्र सैनी, विभोर जिंदल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोरी की चार बाइकों के साथ तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**बिजनौर, अमृत विचार :** धामपुर पुलिस ने चोरी की चार बाइकों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गांव आमखेड़ा निवासी नूरी शर्मा उर्फ अनुज, गांव मोहम्मदपुर परमावाला का प्रियांशु व गांव जैतरा के रहने वाले को दीपक उर्फ बबलू चोरी की बाइकों के साथ पकड़ा गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि धामपुर में एक हॉस्पिटल के पास से बाइक चोरी की थी। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह बाइक रिपेयरिंग करता है। वह बाइक को खोलने, बांधने व बेचने में उनकी मदद करता था। विभिन्न स्थानों से ही बाइकें चोरी करते थे। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, कोतवाली देहात

**अमृत विचार :** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में मंगलवार को बैग अरेंजमेंट कंपटीशन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बैग चेक किए गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

बताया दया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपनी वस्तुओं को व्यवस्थित करने की प्रेरणा देना था। इसमें कक्षा-1 से आठवीं तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा-1 (अ) की फयाजी प्रथम, कक्षा-1 (ब) की आरीहा प्रथम रहीं। कक्षा-2 (अ) की मनाहिल प्रथम, कक्षा-2 (ब) की वजीहा प्रथम, कक्षा-3 (अ) की इमा बतूल प्रथम, कक्षा-3 (ब) की इनाया प्रथम रही। कक्षा-4 (अ) की जायना प्रथम, कक्षा-4 (ब) की अनुशबाश प्रथम, कक्षा-5 (अ) की उर्मिश प्रथम, कक्षा-5 (ब) के प्रिंस प्रथम, कक्षा-6 (अ) की गरिमा, यशवी प्रथम, कक्षा-6 (ब) के शशांक, कक्षा-7 (अ) के अभी प्रथम, कक्षा-7 (ब) के कृष्ण शर्मा प्रथम, कक्षा-8 से अक्षित प्रजापति प्रथम स्थान पर रहे।

## किसान के घर में घुसकर की फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** हथियार लेकर आने युवकों ने किसान के घर में घुसकर तीन राउंड फायरिंग की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में जांच की। इस मामले में छह नामजद समेत 15-20 अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह घटना अमरोहा थाना देहात क्षेत्र के कैलसा कस्बे की है। दरअसल, यहां किसान पदम सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा अजय दिल्ली में नौकरी करता है। घर में पदम सिंह अपनी पत्नी और पुत्रवधू के साथ रहते हैं। आरोपी है कि सोमवार रात करीब 8:30 बजे कार और बाइक से आए 20 से ज्यादा युवकों ने पदम सिंह के घर को चारों ओर से घेर लिया और धमकी देने लगे। इससे घर में मौजूद लोग घबरा गए। आरोपी अजय को बाहर भेजने के लिए आवाज लगाते रहे। दरवाजा नहीं खोलने पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दी। बाद में धमकी देकर भाग गए।

# अब्दुल्ला के दो पैनकार्ड मामले में नहीं हुई सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में मंगलवार को गवाह कोर्ट पहुंचा, लेकिन आजम खां के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दे दिया। इसके कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैनकार्ड होने के आरोप में भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोनों जेल में बंद हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। मंगलवार को अब्दुल्ला आजम खान के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे थे।

## पासपोर्ट मामले में हुई बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में अभियोजन पक्ष ने मंगलवार को बहस की। इस दौरान अब्दुल्ला आजम वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। हालांकि बहस पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में बुधवार को फिर से सुनवाई होगी। दो पासपोर्ट मामला अब्दुल्ला आजम के खिलाफ भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने दर्ज कराया था। इस मामले में मंगलवार से बहस हुई। बहस के दौरान अब्दुल्ला आजम वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए।

## महिला को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज की मांग की पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले में पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव अलावलपुर निवासी अतरवीर सिंह की बेटी की शादी बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव गंदूपाल निवासी अंकुश के साथ मार्च 2023 में की थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वालों ने दहेज में भूखंड व नकद रुपये की मांग भी कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने उसे पीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस मामले में महिला के पति अंकुश, ससुर निरंकार, सास मुनेश देवी, प्राची, सुदेश, हितेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**मौसम** गेहूं की फसल भीगी, गन्ना और मक्का की फसल को हुआ लाभ

# झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

संवाददाता, अमरोहा, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार दोपहर मौसम का मिजाज बदल आया। हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। बादल छाए रहने और तेज हवा चलने से तापमान में कमी आई। इससे लोगों को गर्मी और उसम से राहत मिली। हालांकि गेहूं की फसल भीगने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। गन्ना, मक्का व अन्य फसलों को बारिश से लाभ हुआ है।

अप्रैल में सूर्य की तेज किरणें आग बरसा रही हैं। दोपहर को झुलसा देने वाली धूप के साथ उमस व गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। लंबे समय तक धूप की तपिश के बाद मौसम ने करवट ली। सुबह मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर को तेज धूप और गर्मी से लोगों का बुरा हाल था। दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद बूंदाबांदी भी हुई। शाम को तेज हवा चलने लगी। बादल छाए रहने और तेज ठंडी हवा के चलने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

बीते दिनों की तुलना में अधिकतम तापमान में पांच डिग्री तक की कमी आई और दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहा।



बारिश में लहलहाती मक्का की फसल।

## बारिश से गेहूं की फसल भीगी, किसान चिंतित

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र में सोमवार रात से ही मौसम का मिजाज बदल गया। रात में हल्की बूंदाबांदी हुई। मंगलवार सुबह तेज धूप खिली और दोपहर बाद अचानक मौसम फिर बदल गया। तीन बजे बूंदाबांदी व तेज बारिश हुई। गेहूं की फसल भीगने से किसानों की चिंता बढ़ गई। मंगलवार को फिर मौसम ने करवट ली। आसमान में काले घने बादल छा गए। तीन बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। किसानों का कहना है कि इस समय अधिकतर किसानों की गेहूं की फसल खेतों में पकी खड़ी है। गेहूं फसल की कटाई चल रही है। बारिश में गेहूं की फसल बर्बाद हो जाएगी। खेतों में कटी गेहूं की फसल गल जाएगी जिससे किसानों को चिंता सता रही है।

## मणिपुर फोर्स व पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**सैदनगली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मणिपुर फोर्स व स्थानीय पुलिस ने नगर में पैदल मार्च निकाला। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। मंगलवार को पुलिस ने मणिपुर फोर्स के जवानों के साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों में पैदल मार्च को निकाला। मणिपुर फोर्स के जवानों को देखने के लिए लोग सड़कों पर रुक गए।



पैदल मार्च करते पुलिसकर्मी व अन्य।

# शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बालाजी जन्मोत्सव पर श्री राम बालाजी सेवा समिति की ओर से बालाजी महाराज की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बाबा की आरती के बाद आरंभ किया। शोभायात्रा में शानिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

नगर में मंगलवार श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री राम बालाजी सेवा समिति की ओर से रहरा बस स्टैंड से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राम दरबार, राधा कृष्ण, हनुमान, नरसिंह, दुर्गा माता की झांकियां शामिल रहीं। शोभा यात्रा में राधा कृष्ण रास मंडल, अघोरी नृत्य, शंकर तांडव, शिव बारात, काली एवं महिषासुर संवाद आदि रास मंडल के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन हरि सिंह सैनी, नरेश सागर, रवि, हनी, वीर सिंह, अभिमन्यु सिंह, जयप्रकाश, सरदार सिंह, वंश, हरीश आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में कला का प्रदर्शन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- राधा-कृष्ण, हनुमान और दुर्गा माता की झांकी रही शामिल



शोभायात्रा में शामिल झांकी।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

# पहले चरण के चुनाव के सबक



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।



इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?

## प्रसंगवश


# किस्से कंगना के



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।

# न जलाएं सूखी पत्तियां



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

## सोशल फोरम

# आराध्य की सेवा के गुण



हफीज किदवई
लेखक

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था ।

हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गूंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।

–फेसबुक वॉल से

# नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुईं थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

# शब्द की अपार शक्ति



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,(!) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।


हाथरस सुरक्षित सीट है, लेकिन भाजपा के इस गढ़ में सपा और बसपा कभी चुनाव नहीं जीत पाई हैं। दोनों दल पहली जीत के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि सपा जो यहां पिछले कुछ चुनावों से भाजपा का मुकाबला कर रही है, क्या इस बार नए, अनजान और बाहरी प्रत्याशी की बदौलत भाजपा को पूरे दमखम से चुनौती दे पाएगी। यह सवाल इसलिए है कि क्योंकि इस बार उसके वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने दो बार से जीत रहे अपने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर राजस्व राज्यमंत्री को मैदान में उतारा है। बसपा ने भी इस सीट पर नया प्रत्याशी दिया है। ऐसे में मुकाबला रोचक भी हो सकता है।

# हाथरस के भगवा गढ़ में सपा-बसपा बेबस !

मनोज त्रिपाठी

हाथरस में 1962 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे, जिसमें कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1967 और 1971 के चुनाव में भी कांग्रेस जीतती रही। लेकिन जनता पार्टी की लहर में 1977 में भारतीय लोक दल के प्रत्याशी ने जीत हासिल की। 1980 में भी जनता पार्टी ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन 1984 में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 में जनता दल क जीत मिली। 1991 के बाद से ही ये सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन गई। 1991, 1996, 1998, 1999 और 200 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने लगातार अपनी जीत का परचम फहराया। 1996 से 2004 तक भाजपा के के कृष्ण लाल दिलेर यहां के सांसद रहे। 2009 में इस सीट से राष्ट्रीय लोकदल का उम्मीदवार जीता। हालांकि तब रालोद-भाजपा का गठबंधन था।

2009 में रालोद की उम्मीदवार सारिका सिंह ने 2,47,927 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर बसपा के राजेंद्र कुमार रहे थे, जिन्हें 2,11,075 वोट मिले थे। सारिका सिंह ने 36 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। लेकिन इसके बाद पिछले दो चुनावों से यहां पर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व है। पूर्व सांसद कृष्ण लाल दिलेर के बेटे राजवीर सिंह दिलेर ने भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में यहां कमल खिलाया। दोनों चुनाव में राजवीर सिंह दिलेर का समाजवादी पार्टी के रामजी लाल सुमन से मुकाबला हुआ और भाजपा ने यह सीट जीत ली। हाल ही में समाजवादी पार्टी ने रामजीलाल सुमन को राज्यसभा में भेज दिया है।



- सपा और बसपा दोनों आज तक इस सुरक्षित सीट पर कभी चुनाव नहीं जीत सकीं और पहली जीत दर्ज करने के लिए तरस रही हैं
- भाजपा से मौजूदा सांसद की जगह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और राजस्व राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि मैदान में

## हींग, मुरब्बा और हैंडलूम उद्योग है शहर की पहचान

- हाथरस का नाम आते ही हींग की सुगंध के साथ याद आते हैं हास्य-व्यंग के कवि काका हाथरसी। चुनावों को लेकर काका हाथरसी की एक कविता हाथरस की हालत पर बिल्कुल सही नजर आती है। काका ने कहा था, ।।अगर चुनावी वादे पूरे करे सरकार, इंतजार के सब मजे हो जाएं बेकार ।। हाथरस को उद्योग नगरी के साथ हींग की नगरी भी कहा जाता है। हींग के अलावा यहां रंग, अचार, मुरब्बा, हैंडलूम का घर-घर काम होता है। शुद्ध देशी घी और मिठाइयां भी इस शहर की पहचान हैं। हींग को इस जिले में उत्तर प्रदेश सरकार की एक जिला उत्पाद योजना में भी शामिल किया गया है। हाथरस लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के कुछ हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में इस जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया नगर रखा गया था। लेकिन साल 2012 में सपा की सरकार आने पर जिले का नाम फिर से हाथरस कर दिया गया था।

### समस्याएं और मुद्दे

- जिले में हींग की 60 से अधिक फैक्ट्रियां हैं, लेकिन हींग की टेस्टिंग लैब नहीं है। टेस्टिंग के लिए व्यापारियों को सैंपल आगरा और दिल्ली भेजना पड़ता है।
- ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के मुद्दे का समाधान नहीं होने से ट्रांसपोर्टर अपने लोडर, मेटाडोर, ट्रक आदि सड़क किनारे खड़े करने को मजबूर हैं।
- यातायात जाम की समस्या से मुख्य बाजार में रोज लोगों को जूझना पड़ता है। पार्किंग नहीं होने और अतिक्रमण के कारण जाम लगता है।
- तमाम मोहल्लों में पानी, गंदगी और जलभराव से लोग परेशान हैं, दो माह पहले महिलाओं ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया था।

### जातीय गणित (अनुमानित)

| | |
|---|---|
| जाटव | 2.75 लाख |
| जाट | 2.0 लाख |
| क्षत्रिय | 2.0 लाख |
| धनगर | 01 लाख, |
| मुस्लिम | 1.5 लाख |
| ब्राह्मण | 1.60 लाख |
| यादव | 01 लाख |
| कोरी, धोबी, वाल्मीकि, कुशवाहा, अहेरिया | 3.0 लाख |

### इस बार भाजपा, सपा और बसपा तीनों के नए प्रत्याशी

- हाथरस सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र वास्तव में मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। इस बार के चुनाव में यहां नए प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मीकि चुनाव लड़ रहे हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। जसवीर वाल्मीकि को सपा ने 2017 के विधान सभा चुनाव में सहारनपुर की सुरक्षित सीट रामपुर मनिहारान से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन में यह कांग्रेस के खाते में जाने से वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे। मूलरुप से मुजफ्फरनगर के कस्बा पुरकाजी के रहने वाले जसवीर वाल्मीकि काफी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के स्थान पर अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश के राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं। वह पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। तीनों दलों के उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और देर रात तक प्रचार कर रहे हैं।

## जाटव-जाट और क्षत्रिय-ब्राह्मण हार-जीत का समीकरण तय करने में रहते आगे

- हाथरस लोकसभा सीट के मतदादाताओं की संख्या 18 लाख 64 हजार 320 है । इनमें 8,54,512 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 10,09,746 तथा थर्ड जेंडर के मतदाता 62 हैं। जातीय समीकरण के लिहाज से यहां जाटव समाज के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। जाटव मतदाता दो लाख 75 हजार, धनगर बिरादरी के मतदाता करीब एक लाख, 85 हजार कोरी, 80 हजार धोबी, 40 हजार वाल्मीकि, एक लाख के आसपास यादव, 60 हजार कुशवाहा और 30 हजार अहेरिया बिरादरी के मतदाता होने का अनुमान लगाया जाता है। लेकिन डेढ़ लाख मुस्लिम और दो लाख के करीब जाट मतदाता हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में दो लाख क्षत्रिय और एक लाख 60 हजार ब्राह्मण तथा सवा लाख वैश्य बिरादरी के मतदाता भी हैं। इन्हें भाजपा का परंपरागता वोटर माना जाता है।



### विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा काबिज, एक सीट रालोद के पास

हाथरस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदराराऊ आती हैं। इनमें से चार विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है, जबकि सादाबाद सीट रालोद के पास है।

### 2019 का परिणाम

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर दिलेर | 6,84,299 |
| सपा | रामजी लाल सुमन | 4,24,091 |
| कांग्रेस | त्रिलोकी राम | 23,926 |

### 2014 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर दिलेर | 5,44,252 |
| सपा | रामंजीलाल सुमन | 1,80,889 |
| बसपा | मनोज सोनी | 2,17,887 |
| रालोद | निरंजन धनगर | 86,108 |

## बसपा के कदम पर सपा और भाजपा की निगाह

नईमुर्रहमान, महोबा

### हमीरपुर- महोबा सीट

- भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल हैट्रिक लगाने के लिए कर रहे हैं कड़ी मेहनत
- सपा से अजेंद्र सिंह राजपूत मैदान में हैं, बसपा ने चेहरा अभी घोषित नहीं किया

**अमृत विचार।** हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर सपा और भाजपा ने उम्मीदवार तो उतार दिए पर बसपा ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं। जीत की हैट्रिक लगाने को आतुर भाजपा के सांसद एवं उम्मीदवार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को जहां बसपा के चेहरे का बेसब्री से इंतजार है तो सपा की निगाह भी बसपा के कदम पर टिकी हुई है। देखना यह है कि बसपा इस सीट से किसे अपना महावत चुनती है।

भाजपा ने मोदी लहर में 2014 व 2019 में बुंदेलखंड की सभी सीटों पर जीत दर्ज किया था। इस बार भी पार्टी की कोशिश है कि पिछले इतिहास को दोहराया जाए। इसीलिए पार्टी लगातार बूथ स्तर पर काम कर रही है। अगर बात करें हमीरपुर- महोबा की तो इस संसदीय सीट पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इससे भी पार्टी का पलड़ा इस चुनाव में भारी नजर आ रहा है लेकिन सपा ने इस चुनाव में बड़ा दांव चला है। पार्टी ने लोध जाति के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतार कर भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है। यहां की चरखारी और राठ विधानसभा क्षेत्र में लोधों का वर्चस्व है। हालांकि राजपूत मतदाताओं की संख्या भी कम नहीं है। पहले यहां लोध जाति के ही ज्यादातर सांसद हुआ करते थे लेकिन तिंदवारी के जुड़ जाने के बाद स्थिति बदल गई। बसपा किसी ब्राह्मण चेहरे पर यहां दांव लगा सकती है। हालांकि वह कौन होगा अभी तय नहीं है।

### सिर्फ एक बार लगी हैट्रिक

- 1952 से 1962 तक हुए तीन चुनावों कांग्रेस के मनुलाल द्विवेदी ही लगातार तीन बार जीते, जबकि कांग्रेस 1952 से 1971 तक लगातार पांच बार जीती थी। मनुलाल के बाद किसी भी उम्मीदवार ने यहां से जीत की हैट्रिक नहीं लगाई। भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को यह मौका मिल सकता है। सपा और बसपा ने जब 2019 में गठबंधन किया तो यह लगा था कि भाजपा इस सीट को गंवा देगी, लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी बसपा के दिलीप कुमार सिंह यहां से जीत नहीं पाए थे। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। जल्द ही यहां राहुल गांधी का रोड शो, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की जनसभा भी होनी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ने के लिए जनसभा करेंगे।

### 2007 में विधानसभा चुनाव हार गए थे चंदेल



- 2007 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बसपा प्रत्याशी राकेश गोस्वामी से हार गए थे। 2012 के विधानसभा चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह को पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। तब आशंका जताई गई थी कि वह भाजपा छोड़ देंगे पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। परिणाम स्वरूप 2014 में उन्हें लोकसभा का टिकट टिकट मिला और वे जीते भी।

## परिवारवाद : अगली पीढ़ी ने संभाली सियासत की कमान






- लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश की पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में

**लखनऊ।** भाजपा के 400 पार चुनावी अभियान की अगुवाई कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद पर प्रहार करके कांग्रेस, सपा, राजद, शिवसेना, एनसीपी, द्रुमुक और टीएमसी जैसे दलों को कठघरे में खड़ा किया था। विपक्ष के जवाब देने पर भाजपा ने 'मोदी का परिवार' से पलटवार करके इस मुद्दे पर बढ़त बना ली थी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण बन गई है। इटावा के सैफई गांव से निकलकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे मुलायम सिंह यादव के परिवार की अगली पीढ़ी राजनीति की कमान संभाल चुकी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव ने जहां समाजवादी पार्टी की कमान संभाल रखी है और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, वहीं लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में हैं। अखिलेश यादव ने इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। लेकिन उनके परिवार के दो सदस्य राजनीतिक पारी शुरू कर रहे हैं। अखिलेशके चाचा शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव का राजनीतिक करियर बदायूं सीट से शुरू हो रहा है। पहले बदायूं लोकसभा क्षेत्र से धर्मेंद्र, फिर शिवपाल यादव और अंत में उनका नाम फाइनल हुआ था। शिवपाल जसवंतनगर सीट से विधायक हैं। उन्होंने बदायूं में खुद चुनाव नहीं लड़कर अपने पुत्र आदित्य को आगे बढ़ाया है। यहां आदित्य का मुकाबला बाजरा के दुर्विजय सिंह शाक्य से हो रहा है।

अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। मुलायम के निधन के बाद उपचुनाव में मैनपुरी सीट डिंपल यादव ने जीती थी। यहां उनका मुकाबला भाजपा के ठाकुर जयवीर सिंह से है। डिंपल यादव के सामने 28 साल से सपा का गढ़ बनी मैनपुरी सीट बचाने की चुनौती है।

मुलायम सिंह यादव के भतीजे धर्मेंद्र यादव एक बार फिर से आजमगढ़ लोकसभा सीट पर दांव आजमा रहे हैं। 2019 में यहां से अखिलेश यादव जीते थे। बाद में विधानसभा चुनाव जीतकर उन्होंने सीट छोड़ी तो उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ सांसद बन गए। धर्मेंद्र यादव को हार मिली थी। वह उस हार का बदला लेने को आतुर हैं।

अखिलेश ने अपने चाचा प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिरोजाबाद सीट से इतारा है। अक्षय के खिलाफ भाजपा से ठाकुर विश्वदीप सिंह मैदान में हैं।

कन्नौज सीट से अखिलेश ने भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। तेज प्रताप का मुकाबला भाजपा सांसद सुब्रत पाठक से है।



उपलब्धि गिनाईं

मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। उन्हें देख कार्यकर्ता अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते रहे।

## सपा को आरक्षण का विरोधी बताकर साधा दलित वोट बैंक

चुनाव डेस्क

**मेरठ।** बसपा अध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सपा नहीं चाहती है कि एससी- एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मेरठ से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने दावा किया कि उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी का आरक्षण वर्षों से पूरा नहीं हुआ। प्रदेश में जब सपा सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था। बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि क्या एससी-एसटी वर्ग के कर्मचारी ऐसी पार्टी को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने में लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने इस बिल को फाड़ दिया था।



मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में बसपा प्रमुख मायावती को मुकुट भेंट करते नेता।

सियासत

मोदी लहर में भाजपा ने इस सीट पर किया था कब्जा, इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में पार्टी

## मछली शहर में भाजपा की मजबूत किलेबंदी तोड़ने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

मछली शहर संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने को मजबूत किलेबंदी की है। वर्तमान सांसद बीपी सरोज पर पार्टी ने फिर विश्वास जताया है। लगातार दो चुनावों से दूसरे नंबर पर रह रही बसपा इस बार हर हाल में जीत दर्ज करने की कोशिश कर रही है तो सपा- कांग्रेस गठबंधन ने भी चक्रव्यूह रच दिया है। पिछले चुनाव में मात्र 181 वोटों से बसपा यह सीट हार गई थी।

इस बार इस सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने की उम्मीद है। सपा ने इस सीट पर कब्जा करने के लिए पूर्व सांसद एवं केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी प्रिया सरोज को चुनाव है तो बसपा ने पंजाब कैडर से रिटायर्ड आईएएस अफसर कृपा शंकर सरोज को। बेटी की जीत के लिए तूफानी सरोज लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आएगी तो संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। वे लगातार बसपा को भाजपा की बी टीम साबित करने में जुटे हुए हैं। बसपा उम्मीदवार भी सपा उम्मीदवार को कमजोर बता रहे हैं। यह मतदाताओं को समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि बसपा की जीत रोकने के लिए ही सपा ने यहां से कमजोर प्रत्याशी दिया है। सपा को जहां पिछड़े , दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर भरोसा है तो बसपा के कृपा शंकर यह मानकर चल रहे हैं कि उनकी पार्टी की सर्वजन सुखाय की जो नीति है उसका लाभ उन्हें मिलेगा। परंपरागत वोटों के साथ ही अन्य जातियों के मतदाता भी उनका समर्थन करेंगे।



बीपी सरोज।



कृपाशंकर सरोज।



प्रिया सरोज।

**दलित और ओवीसी मतदाता निर्णायक:** इस संसदीय सीट पर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही निर्णायक भूमिका में होते हैं। पिछड़ी जातियों में सर्वाधिक संख्या यादवों की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुभासपा ने भाजपा के साथ गठबंधन नहीं किया था। तब इसका नुकसान भाजपा को हुआ था। पार्टी यह सीट भले ही जीत गई थी लेकिन जीत का अंतर मामूली था। सुभासपा प्रत्याशी ने इस सीट पर 11 हजार से अधिक वोट पाकर सपा- बसपा गठबंधन का खेल बिगाड़ा था। अबकी सुभासपा ने भाजपा का साथ मजबूती के साथ पकड़ा है।

### 181 वोटों से भाजपा को मिली थी जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी मुश्किल से जीत मिली थी। पार्टी उम्मीदवार बीपी सरोज बसपा उम्मीदवार से मात्र 181 वोटों से ही जीत पाए थे। तब बसपा- सपा का गठबंधन था। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। केराकत और मछलीशहर विधानसभा सीट पर सपा के विधायक हैं तो सुभासपा, मड़ियाहू में अपना दल और पिंडरा से भाजपा का विधायक है। 2019 में पिंडरा में मिली बढ़त की वजह से ही भाजपा को 181 मतों से जीत मिली थी। भाजपा न सिर्फ जीत के अंतर को बड़ा करना चाहती है बल्कि यह भी बताना चाहती है कि कि उसके विरुद्ध होने वाला कोई भी गठजोड़ कामयाब नहीं होगा।

## विशेष राज्य का दर्जा और वाईएसआरसीपी के मुख्यमंत्री का कामकाज बना आंध्र प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

# त्रिकोणीय रण में फंसे जगन मोहन


चुनाव डेस्क

दो जून 2014 को आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके इसके कुछ हिस्से को निकालकर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था। अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी और विशाखापत्तनम सबसे बड़ा शहर है। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। विधानसभा सीटों की संख्या 175 है। यहां से राज्यसभा के लिए 11 सांसद चुने जाते हैं। 2019 की तरह ही आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ कराए जा रहे हैं। राज्य में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। साल 2019 के विधान सभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के आगे सारे विरोधी ढेर हो गए थे। विधानसभा की 151 सीटों पर वाइएसआर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था, तो लोकसभा चुनाव में भी पार्टी शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 सीटें जीतने में सफल रही थी। पिछली बार की तरह इस बार भी राज्य में वाइएसआर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, जबकि उसका मुकाबला करने के लिए एनडीए के बैनर तले भाजपा के साथ तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दलों का खाता तक नहीं खुला था, वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी दल एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को भी बड़ा झटका लगा। पार्टी महज तीन सीटों पर सिमट गई। टीडीपी को 2014 के चुनाव में राज्य में 15 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन वाइएसआर कांग्रेस की लहर के आगे एक दर्जन सीटें उसके हाथ से जाती रहीं। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी किस्मत आजमाई थी लेकिन उसे कोई जीत नसीब नहीं हुई। फिल्म एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट उसके खाते में नहीं आई।

- आंध्र प्रदेश में 13 मई को होगा लोकसभा और विधान सभा के लिए एक साथ मतदान
- इस बार टीडीपी-भाजपा-जनसेना ने गठबंधन करके बढ़ाई चुनौती, तो इंडी गठबंधन में कांग्रेस भी अगुवा
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का नहीं खुला था खाता, टीडीपी को लगा था बड़ा झटका

### आंध्र प्रदेश लोकसभा




### 2019 दलीय परिणाम


| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| वाईएसआरसीपी | 22 | 1,55,37,006 |
| टीडीपी | 03 | 1,25,15,345 |
| भाजपा | 00 | 3,03,985 |
| कांग्रेस | 00 | 4,06,977 |
| अन्य | 00 | 2,84,9221 |

**1998**

तेलगू देशम के लक्ष्मी पार्वती गुट से हाथ मिलाकर संयुक्त आंध्र प्रदेश में भाजपा ने चार सीटों के साथ 18 प्रतिशत वोट लेकर देश भर में सबको चौंका दिया था।


**2014**

में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी के साथमिलकर चुनाव लड़ा और दो सांसदों के साथ नौ विधायकों को जीत दिलाकर आधार बनाया



### जगन की बहन का साथ पाकर कांग्रेस राज्य की सत्ता पाने को आतुर

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जहां अकेले चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन भी लोकसभा और विधान सभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करके मैदान में उतरा है। कांग्रेस के साथ हुए समझौते के मुताबिक सीपीएम एक लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि सीपीआई 14 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अराकू (आरक्षित) सीट से सीपीएम ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। कांग्रेस राज्य में सवा सौ से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से यहां भी कांग्रेस का कैडर उत्साहित है। मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला इसी साल की शुरूआत में कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। अब वह आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हैं। शर्मिला अपने अभियान में भाजपा के विश्वासघात और विशेष राज्य के दर्जे को नकारने का मुद्दा उठा रही हैं।


चंद्रबाबू नायडू।


शर्मिला रेड्डी।

### आंध्र प्रदेश- 2014 लोकसभा का दलीय जनादेश

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| टीडीपी | 15 | 1,17,29,219 | 40 .5 |
| वाईएसआरसीपी | 08 | 1,31,31,029 | 45 .4 |
| भाजपा | 02 | 20,77,079 | 7 .2 |
| अन्य | 00 | 11,75,052 | 4 .1 |
| कांग्रेस | 00 | 8,22,614 | 2 .8 |

### आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव -2019 परिणाम

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| वाईएसआरसीपी | 152 | 15688569 | 49 .95 |
| टीडीपी | 22 | 12304668 | 39 .17 |
| अन्य | 01 | 3340394 | 10 .88 |

### टीडीपी व जन सेना के साथ समझौते के बाद भाजपा 6 लोस व 10 विस सीटों पर मैदान में

- इस बार जगन मोहन रेड्डी को टक्कर देने के लिए यहां छह साल बाद एक बार फिर भाजपा ने टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ हाथ मिलाया है। आंध्र प्रदेश के लिए भाजपा द्वारा विशेष श्रेणी का दर्जा मंजूर नहीं किए जाने पर नायडू वर्ष 2018 में एनडीए से बाहर चले गए थे और दोनों पार्टियों ने फिर कभी गठबंधन नहीं करने की कसम खाई थी। लेकिन सियासत में दोस्ती और दुश्मनी बदलती रहती है। गठबंधन के नए राजनीतिक समीकरणों के बाद अब भाजपा राज्य में 6 लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तेलगुदेशम पार्टी (टीडीपी) 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों तथा पवन कल्याण की जनसेना 2 लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को चिरंजीवी का समर्थन दे सकता ताकत :** 2019 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी को राज्य में करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 23 विधानसभा सीटें जीतने में सफल हो सकी थी। वाईएसआरसीपी ने 151 विधानसभा सीटें जीत ली थीं। जन सेना को एक विधानसभा क्षेत्र में सफलता मिली थी। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मेगास्टार चिरंजीवी ने टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। यूपीए-2 में मंत्री रहे चिरंजीवी आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राजनीति में निष्क्रिय हो गए थे। उनके भाई और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण और उनकी पार्टी जनसेना एनडीए गठबंधन का पहले ही हिस्सा है। चिरंजीवी कापू जाति से आते हैं जो आंध्र में पिछड़ी जाति है। इस जाति का करीब 15% वोट माना जाता है। अगर यह वोट एनडीए गठबंधन को मिलता है तो न सिर्फ विधानसभा चुनाव बल्कि लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर उलटफेर हो सकता है।
- **तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की जताई जा रही आशंका :** चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वाईएसआरसीपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बार के चुनावों में राजनीतिक समीकरणों, कामकाज और जनता की आकांक्षाओं के आधार पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के लिए अंधकारमय भविष्य की भविष्यवाणी की है। कुछ राजनीतिक जानकार भी आंध्र प्रदेश के चुनावों में जगन मोहन रेड्डी का इस बार तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की संभावना जता रहे हैं।

### टीडीपी के साथ छोड़ने से 2019 में धड़ाम हो गया था भाजपा का वोट प्रतिशत

- एनडीए के सीट बंटवारे से साफ है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में अपनी निरंतर अप्रासंगिकता को समाप्त करने के लिए टीडीपी और जनसेनी की लोकप्रियता पर निर्भर होने का फैसला किया है।
टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर धड़ाम हो गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 7 .20 प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट बमुश्किल 1 .0 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में सफल हो पाया था।

# भाजपा से टिकट कटने पर बिफरे लद्दाख के सांसद

चुनाव डेस्क

- मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग का टिकट काटकर ताशी ग्यालसन को दिया

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर में प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद हैं। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद अपने बयान में नामग्याल ने कहा, आज, भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को बदलकर नए उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इस दौरान कोई पारदर्शी कारण और पुख्ता तर्क नहीं दिया गया। नामग्याल ने कहा कि उन्होंने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के साथ हुए इस अन्याय को लेकर अपनी असहमति उचित माध्यम से पार्टी नेतृत्व को पहुंचा दी है। पूरे लद्दाख से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और मेरे समर्थकों ने इस फैसले को लेकर अपनी असहमति जताई है। नामग्याल ने कहा, ''हम बारीकी से स्थिति का आकलन करेंगे और लद्दाख के लोगों के हित को सबसे आगे रख कर अगले कदम पर फैसला करेंगे। मैं सभी समर्थकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए थे। नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि ग्यालसन इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जिसमें मुस्लिम बहुल कारगिल भी शामिल है। लद्दाख सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

# दूसरे चरण में नितीश के साथ कांग्रेस की परीक्षा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इस चरण में फंसी हुई है। 2019 में किशनगंज सीट पर कांग्रेस जीती थी जबकि बांका, पूर्णिया, भागलपुर व कटिहार सीट पर जदयू काबिज है। जदयू मुखिया एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भागलपुर से सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से सांसद दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से सांसद संतोष कुशवाहा और बांका से सांसद गिरिधारी यादव को पुनः मौका दिया है तो किशनगंज से उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से मुजाहिद आलम जदयू से चुनाव लड़ रहे हैं।

**पप्पू यादव की चुनौती ने पूर्णिया में बिगाड़ा राजद का खेलः** अपनी जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब इंडिया गठबंधन की ही मुसीबत बन गए हैं। महागठबंधन में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में है लेकिन राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर राजद उम्मीदवार के माथे पर भी बल ला दिया है। वह कांग्रेस जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे हैं लेकिन सहयोगी पार्टी राजद और उसके मुखिया को कोसने से भी नहीं हिचक रहे हैं। यहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा और राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है लेकिन पप्पू यादव इसे त्रिकोणीय बना रहे हैं। दो बार मधेपुरा और तीन बार पूर्णिया से सांसद रहे पप्पू यादव राजद के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

इसका सीधा लाभ जदयू को मिलता दिख रहा है, जबकि पूर्णिया सीट पर लगातार दो बार के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा को हराने के लिए राजद ने उनकी ही पार्टी की विधायक बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बीमा जदयू से बगावत कर राजद में शामिल हुईं थीं। उधर, पप्पू यादव को उम्मीद थी कि राजद- कांग्रेस में सीटों के बंटवारे में यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसी चाहत में उन्हेंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया था। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने यह सीट कांग्रेस को न देकर अपने पास रख ली थी।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ।

### समाजवादियों का गढ़ बांका का रणक्षेत्र

- बांका सीट समाजवादियों का गढ़ रही है। यहां से जदयू ने अपने सांसद गिरधारी यादव को मौका दिया है जबकि राजद ने पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव को समर में उतारा है। मोदी लहर को धता बताते हुए जयप्रकाश 2014 का चुनाव जीत गए थे लेकिन 2019 में जदयू के गिरधारी यादव ने कड़े मुकाबले में हराया था। गिरधारी चौथी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। यहां यादव मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है तो राजपूत मतदाता भी साढ़े तीन लाख के करीब हैं। कुर्मी और कुशवाहा वोटों पर जदयू की निगाह है। राजपूत मतदाता निर्णायक साबित होते हैं।

### कटिहार में हार का बदला लेने के लिए तारिक अनवर ने बिछाया जाल

- कटिहार सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। 2019 की मोदी लहर में यहां से जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के तारिक अनवर को हराया था। तारिक अनवर इस सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में भी वे इस सीट को जीतने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से दो पर भाजपा, दो पर कांग्रेस, एक पर जदयू और एक सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। तारिक अनवर लगातार मतदाताओं के बीच यह बताने में जुटे हैं कि क्षेत्र का विकास वे ही कर सकते हैं।

### किशनगंज में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी एआईएमआईएम की चुनौती

- किशनगंज लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। यहां एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का जबरदस्त प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को यहां तीन लाख वोट मिले थे। पार्टी ने यहां से फिर उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस ने 2019 में जीते मोहम्मद जावेद पर पुन: दांव लगाया है। 2009 और 2014 में यहां से कांग्रेस के असरारुल हक जीते थे। जदयू ने मुजाहिद आलम को कांग्रेस के मुकाबले उतारा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ है, लेकिन 1999 में यहां से भाजपा के शहनवाज हुसैन भी जीत चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार एआईएमआईएम का उम्मीदवार और अच्छे ढंग से लड़ा तो जदयू की जीत तय है।

## अकोला से प्रकाश आंबेडकर को तीसरी जीत की तलाश

**मुंबई।** महाराष्ट्र की अकोला लोकसभा सीट से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र और वंचित बहुजन विकास आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते हैं। यहां से आंबेडकर ने 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीतकर संसद में पहुंचे। 2004 से इस सीट पर भाजपा लगातार जीत हासिल कर रही है। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। यहां हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

**11**
बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले आंबेडकर दो बार जीतकर पहुंचे हैं संसद

अकोला सीट को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए जाना जाता है। इस चुनाव क्षेत्र में 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिकोने मुकाबले में ही जीती था। भाजपा ने 1989 में पहली बार विजय प्राप्त की थी। 1991 में भी यहां से भाजपा जीती। 1996 में भाजपा के पांडुरंग फुंडकर इस सीट से तीसरी बार विजयी हुए। तीनों चुनावों में उन्हें कांग्रेस के साथ प्रकाश आम्बेडकर की चुनौती का सामना करना पड़ा। 1998 के चुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश आम्बेडकर ने विजय प्राप्त की। 1999 के चुनाव में भी प्रकाश आम्बेडकर दोबारा चुने गए। इसके बाद 2004, 2009 और 2014 तथा 2019 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संजय धोत्रे ने लगातार विजय प्राप्त की। इन चारों चुनावों में हर बार भाजपा, कांग्रेस और भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। इस बार अकोला सीट से भाजपा ने संजय धोत्रे के पुत्र अनूप धोत्रे को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डा.अभय पाटिल तथा वंचित बहुजन अघाड़ी से एड.प्रकाश आम्बेडकर के साथ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और वंचित बहुजन के बीच माना जा रहा है।



**दीदी का हाथ** पशि्चम बंगाल के बीर भूमि निर्वाचन क्षेत्र में तृण मूल कांग्रेस की प्रत्यशी शताब्दी राय को सफल जनसभा के बाद आशीर्वाद प्रदान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

**कांग्रेस इस बार दे रही चुनौती** | इस बार भाजपा ने प्रदेश की मंत्री लता वानखेड़े को बनाया उम्मीदवार

# सागर में कमल खिलाने को चेहरा बदलती रही भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की सागर संसदीय सीट भाजपा का ऐसा मजबूत किला है, जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस पिछले कई चुनावों से कर रही है पर सफल नहीं हो पा रही है। भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। लगातार चार चुनाव पार्टी नेता वीरेंद्र खटीक यहां से जीते। इसके बाद पार्टी ने 2009 में भूपेंद्र सिंह को मैदान में उतारा। तब भी कांग्रेस ने इस सीट पर कब्जा करने की कोशिश की पर नाकाम रही। भाजपा चुनाव दर चुनाव अपना चेहरा बदलती है और जीत जाती है। इस बार भी पार्टी ने लता वानखेड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने भी इस किले को ढहाने के लिए ललितपुर- झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे गुड्डू राजा बुंदेला पर दांव लगाया है।

सागर कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। वीरेंद्र खटीक ने 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज की और इसके बाद वे लगातार चार बार जीते। 2009 में पार्टी ने उन्हें टीकमगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। तब से वे इस सीट पर जीत रहे हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। इस सीट पर वैसे तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही होता है, लेकिन बसपा इसे त्रिकोणीय बनाने की कोशिश लगातार करती है। हालांकि उसे जीत कभी नहीं मिली। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने नए चेहरे पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि बार- बार चेहरा बदलकर मैदान मार रही भाजपा का दांव इस बार सही बैठता है या गुड्डू राजा बुंदेला के सहारे कांग्रेस भाजपा से यह सीट छीन लेती है। बसपा ने भी वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला को समर में उतारा है। उनकी कोशिश इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की है।



### आठ में से सात विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में विदिशा की तीन और सागर जिले की पांच विधानसभा सीटें आती हैं। सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में है। विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के लिए उसके पांव को उखाड़ना आसान नहीं होगा। हालांकि पार्टी कार्यकर्ता और उम्मीदवार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

### बसपा से कांग्रेस में आए गुड्डू राजा बुंदेला

गुड्डू राजा बुंदेला की गिनती एमपी में बसपा के बड़े नेताओं के रूप में होती है। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का पद दिया था।

## सार-संक्षेप

### स्क्रैप माफिया रवि काना थाईलैंड में गिरफ्तार


रवि नागर उर्फ रवि काना।


गर्लफ्रेंड काजल झा।

**लखनऊ, अमृत विचार :** काफी समय से फरार चल रहा स्क्रैप माफिया गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना को मंगलवार को थाईलैंड में उसकी गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में महिला के साथ गैंगरेप की घटना में नाम आने के बाद पुलिस रवि काना के ठिकानों पर लगातार दबिश डाल रही थी। उसके दादूपुर स्थित घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया था। पुलिस ने रवि और उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा को लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी कर रखा था। बता दें कि काजल झा रवि की राइट हैंड है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व काजल की साउथ दिल्ली स्थित 70 करोड़ का बंगला भी सील कर दिया था।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र में आजम, परिवार को राहत नहीं

**विध संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 6 मई को सुनिश्चित कर दी है। आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। अगली सुनवाई पर सपा नेता की ओर से एक बार फिर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल अपना पक्ष रखेंगे। मालूम हो कि रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत सपा नेता आज़म खान, उनकी पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया गया था। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती देते हुए संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को रद करने की मांग की गई है।

### डीजीपी ने किया मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर द्वारा लिखित मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। अलीगढ़ के ग्राम गौरोला निवासी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर वर्ष 1966 में बतौर उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाओं की शुरुआत कर 39 वर्षों तक उप्र. पुलिस सेवा में रहते हुए वर्ष 2004 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। लौर द्वारा लिखित पुस्तक मेरी पुलिस यात्रा में अपने सेवाकाल के अनुभवों का उल्लेख किया गया है। लौर को राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं सहित कई पुलिस अफसर मौजूद रहे।

### अजय राय के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोक

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए लाठी चार्ज के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मुकदमे की अगली सुनवाई 30 जुलाई 2024 तक के लिए याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में सरकारी अधिवक्ता से हलफनामा मांगा गया था, जिस पर सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 82 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से 81 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा राज्य सरकार द्वारा उचित कार्रवाई के बाद वापस ले लिया गया है। यह नीतिगत मामला है और जहां तक याची अजय राय का सवाल है, उनके संबंध में निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। मालूम हो कि वाराणसी में वर्ष 2015 में गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य लोगों पर लाठी चार्ज किया गया। इसके विरोध में 5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन स्थित टाउन हॉल मैदान से अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली गई, जिसमें साधु-संतों ने बड़ी मात्रा में हिस्सा लिया था।

### सीवर लाइन के खुले मैनहोल ने ले ली बच्चे की जान

**लखनऊ, अमृत विचार :** जानकीपुरम थाना क्षेत्र के सेक्टर-सात में हनुमान जयंती का प्रसाद लेकर लौट रहा बच्चा मैनहोल का ढक्कन खुला होने से सीवर लाइन में गिर गया। पुलिस और दकमल टीम ने करीब तीन घंटे की तलाश के बाद बाहर निकाला, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। परिजन ने नगरनिगम व जलकल विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। एडीसीपी उत्तरी जयप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि मूलरूप से सीतापुर जनपद के लहरपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी सैफुद्दीन सेक्टर छह आश्रयहीन कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। सैफुद्दीन का छोटा बेटा शाहरूख खान (08) मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटने बाद बहन खूशबू और महक उर्फ जोया के साथ भंडारे का प्रसाद लेने गया था। लौटते समय वह खुले मैनहोल में गिर गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जलकल विभाग एकेटीयू के पास एसके कंस्ट्रक्शन नाम की फर्म की मदद से मेंटेनेंस करवाती है। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दे दिया गया है। नगर आयुक्त ने कहा कि बच्चे के परिवार को मुआवजा दिलवाया जाएगा।

### नियोक्ता से ब्याज वसूली नहीं कर सकता श्रम न्यायालय

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रम न्यायालय द्वारा नियोक्ता से ब्याज वसूली के आदेश पर आपत्ति जताते हुए कहा कि श्रम न्यायालय के पास नियोक्ता द्वारा देय राशि के विलंबित भुगतान पर कर्मचारियों को ब्याज देने की शक्ति नहीं है। औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 33 सी (1) में प्रावधान है कि अगर किसी कर्मचारी का कोई पैसा बकाया है तो अपने पैसे की रिकवरी के लिए उसे उपयुक्त अधिकारी के पास आवेदन करना होगा। अगर संबंधित अधिकारी को लगता है कि पैसा बकाया है तो ऐसी राशि की वसूली के लिए कलेक्टर के पास आवेदन करना चाहिए। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि धारा 33 सी (2) के तहत देय राशि पर विवाद होने पर श्रम न्यायालय कार्यवाही कर सकता है, लेकिन किसी कर्मचारी द्वारा पुनर्नियुक्ति के अधिकार पर फैसला नहीं ले सकता है, साथ ही ब्याज प्रदान करना उक्त धारा के दायरे से बाहर है। अंत में उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने कार्यकारी अभियंता विद्युत ट्रांसमिशन डिवीजन की याचिका को स्वीकार कर श्रम न्यायालय,आगरा के आदेश को रद्द करते हुए पारित किया।

# आरओ-एआरओ प्रश्नपत्र लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

## 2010 से दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल कर रहा नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने वाले 16वें आरोपी को मेरठ एसटीएफ ने मंगलवार को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुआ आरोपी दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल तैनात है। उसने दिल्ली पुलिस के प्रथम बटालियन, तृतीय बटालियन एवं सीएम बटालियन में भी सेवाएं दे रखी हैं।

एसटीएफ ने विक्रम पहल पुत्र कंवर सिंह निवासी बराह खुर्द, जींद हरियाणा को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे स्थित खेकड़ा फ्लाईओवर के पास से सुबह 9 बजे गिरफ्तार किया है। उसके पास से उत्तर कुंजी भी बरामद हुई है। विक्रम में पूछताछ के दौरान बताया कि वह 2010 में दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुआ था। दिल्ली पुलिस में उसकी पोस्टिंग तृतीय बटालियन, प्रथम बटालियान, यातायात, सीएम बटालियन में भी रही है। उसने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात सोनीपत के रहने वाले नितिन से हुई थी जो पहले उसके साथ पढ़ा-लिखा है। नितिन प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर व पेपर आउट कराने का कार्य करता था। नितिन ने ही उनकी मुलाकात रवि अत्री से कराई थी।

**मामले में अब तक पकड़े गए कई आरोपी**

पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ मेरठ ने बीती 5 मार्च को दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश, बिट्टू पुत्र दया राम, प्रवीण पुत्र ओम पाल, रोहित उर्फ ललित पुत्र बिनोद कुमार, नवीन कुमार पुत्र सलेख चन्द, साहिल पुत्र अमरनाथ को गिरफ्तार किया। 12 मार्च को महेन्द्र पुत्र रामफल को, 14 मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रम्हदेव शुक्ला, शिवम गिरि पुत्र राम अचल, रोहित कुमार पाण्डेय पुत्र विजयनाथ पांडेय, 21 मार्च को अभियुक्त सतीश धनकड, 3 अप्रैल 2024 को अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा, 10 अप्रैल रवि अत्री पुत्र गोरख सिंह, 18 अप्रैल 2024 को अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र राजदेव चौहान, अजय कुमार चौहान पुत्र त्रिवेणी को गिरफ्तार किया।

## आगरा में 96 साल के बुजुर्ग पर रेप की रिपोर्ट

**आगरा, एजेंसी :** जिले में एक महिला ने 96 साल के बुजुर्ग पर ही रेप की रिपोर्ट लिखाई है। जिस बुजुर्ग के मुंह में दांत नहीं और पैरों से चल नहीं सकते, उस पर और उसके बेटे पर रेप का आरोप लगा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस मामले में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने कहा है कि इसमें पुलिस की लापरवाही दिख रही है। इस आरोप से परेशान बुजुर्ग ने इंसाफ के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज उठाई है। बुजुर्ग ने बताया कि कैसे एक महिला ने उसपर रेप का झूठा इल्जाम लगाया। पीड़ित चौधरी प्रताप सिंह ने बताया कि जब उसने और उसके बेटे ने अपने खेत में एक महिला को बकरी चराने से रोका, तो उक्त महिला ने अपने कपड़े फाड़कर पिरता-पुत्र पर रेप का इल्जाम लगा दिया। चौधरी प्रताप सिंह ने अपने सोशल मीडिया के जरिये कानून से इंसाफ की गुहार लगाई है।

# अखिलेश के पास नहीं विकल्प, खुद नेता प्रतिपक्ष बने रहने को मजबूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोस चुनाव से किया किनारा, अब रणनीतिकार की भूमिका निभाएंगे



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लोकसभा चुनाव न लड़ने के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वह न केवल उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में बने रहना चाहते हैं बल्कि इस लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र रहकर प्रचार की कमान संभालते हुए चुनावी रणनीतिकार की भूमिका निभाना चाहते हैं। अखिलेश की पत्नी डिंपल समेत परिवार के कई सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अपनी पार्टी के प्रमुख स्टार प्रचारक होने के नाते उन्हें सपा और इंडी गठबंधन के लिए सभाएं भी करनी हैं।

दरअसल, अखिलेश यादव के पास सांसद बन कर नेता प्रतिपक्ष की सीट किसी और को सौंपने का या तो विकल्प नहीं या फिर विकल्प वह तलाशना नहीं चाहते? नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का महत्व और इससे जुड़े अधिकारों को वह समझते हैं। एक तो विधानसभा में सीधा मुख्यमंत्री के समक्ष सवाल-जवाब और दूसरा उनकी इस सीट से पार्टी की बागडोर हाथ में मजबूत रहती है। पीछे जाएं तो पाते हैं कि अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधायक बनने के बाद आजमगढ़ लोस सीट से इस्तीफा दिया और नेता प्रतिपक्ष का पद संभाला। चाचा शिवपाल के साथ आने के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कयासबाजी तो शुरू हुई, लेकिन उन्होंने समझौता नहीं किया। अखिलेश यह भी समझते हैं कि, खुद उम्मीदवार बनकर पार्टी की कार्यप्रणाली को छोड़ सीमित हो जाने का यह समय सही नहीं। संगठन और परिवार दोनों को साधते हुए मौजूदा लोस चुनाव संभालने और बाद 2027 के विस चुनाव की जमीन तैयार करने में ही समझदारी है।

# डिवाइडर फांदकर ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा



- कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के भीषण हादसा

**अमृत विचार :** ठठिया थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के एक स्लीपर बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड पर जाकर ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 36 यात्री घायल हो गए। 10 यात्रियों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे ठठिया थाना के बीरमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई थी जिससे दुर्घटना हुई। मृतकों में नवीन (22 निवासी मथुरा, कु. अदिति श्रीवास्तव (24) निवासी गोरखपुर, राम कंठ (33) निवासी बाराबंकी, मनीष (09) निवासी बाराबंकी शामिल हैं।

## मिर्जापुर में स्कूली छात्रायें गंगा में कूदी

**मिर्जापुर, एजेंसी :** जिले के चुनार क्षेत्र में मंगलवार को दो स्कूली छात्रायें गंगा नदी में कूद गयी जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार वाराणसी जिले के राजातालाब थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी सतीश की पुत्री गरिमा (15) एवं सुरेश की पुत्री जानकी (15) सहेली है। दोनों मालवीय इंटर कालेज शहंशाहपुर में एक ही कक्षा में पढ़ती थी। दोनों आज सुबह विद्यालय गई थी पर समय से नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू हुयी। घर से छह किलोमीटर दूर चुनार के गंगा नदी के पुल पर दोनो की साइकिल और बस्ता मिला। आशंका व्यक्त की गई कि दोनों गंगा में कूद गई है।

# प्रेमी को कमरे में बंद कर पीटा, मूछें और भौंह काट कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार :** दिबियापुर थाना के एक गांव में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के ससुरालियों ने जमकर पीटा। युवक की मूछें और भौंह भी साफ कर दीं। रात भर घर में बंद रखकर मंगलवार की सुबह युवक और महिला को पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाने में महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की बात कह रही थी।

दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा महिला जो की गर्भवती भी है। उससे मिलने मिलने गए युवक को महिला के ससुरालीजनों ने पकड़ लिया। सोमवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग दो माह की गर्भवती महिला का पति बाहर काम करने गया था। रात लगभग एक बजे गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान महिला से मिलने पहुंच गया। इस बीच महिला के भतीजे ने दोनों को कमरे में बात करते देख लिया। हड़बड़ाहट में महिला ने प्रेमी मेहरबान को कमरे से रखे बक्से में बंद कर दिया। इस बीच रात लगभग ढाई बजे महिला के ससुरालीजन और पास में रहने वाले रिश्तेदार पहुंच गए। महिला ने बताया कि उसके मायके और ससुराल के लोगों ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया है। अब वह अपने प्रेमी के साथ रहेगी।

**सोशल मीडिया साइट पर हुई दोस्ती**

पीड़ित महिला ने बताया कि लगभग सात माह से उसकी, फेसबुक पर पास के ही गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान से दोस्ती हो गई थी। दोनों के बीच फेसबुक मैसेंजर पर मेसेज के माध्यम से बात होने लगी। इसके बाद मोबाइल पर भी बात होनी शुरू हो गई थी। सोमवार की रात उसका प्रेमी उससे पहली बार मिलने आया था। दिबियापुर पुलिस दोनो को अपने हिरासत में लिए है। अभी तक तहरीर किसी ने नहीं नही दी है।

## रिश्वत लेते मत्स्य विकास अधिकारी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन सहारनपुर इकाई की टीम द्वारा मंगलवार को मत्स्य विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी आनंद कुमार के खिलाफ यह कार्रवाई एक शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई है। आरोप है कि शिकायतकर्ता से आनंद कुमार निजी भूमि पर तालाब निर्माण अनुदान राशि को लेकर रिश्वत की मांग कर रहा था। भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा आनंद कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की गई है।

# दूल्हा बनने से पहले युवक ने की आत्महत्या, चार पर रिपोर्ट

**बहराइच, एजेंसी :** पुलिस चौकी में समझौते के नाम पर कथित तौर पर की गई पिटाई से अपमानित एक युवक द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने के एक मामले में संबंधित चौकी प्रभारी व आरक्षी सहित चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बालापुर गांव के युवक अनूप कुमार (21) का विवाह एक गांव में तय हुआ था और 26 अप्रैल को बारात जानी थी। दोनों पक्षों के बीच दहेज की मोटरसाइकिल को लेकर कुछ विवाद हुआ और शादी टूटने लगी। मसला सुलझाने के लिए चौकी इंचार्ज ने दोनों पक्ष को शनिवार सुबह चौकी पर बुलाया। अनूप शनिवार रात को चौकी से वापस अपने घर पहुंचा और उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों का आरोप है कि चौकी प्रभारी अयोध्या सिंह व एक आरक्षी ने मृतक अनूप की चौकी में पिटाई कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। शिकायत में कहा गया है कि लड़की के पिता कुंजीलाल व एक अन्य ने अनूप को समझौते के लिए धमकाया था। युवक अपनी बेइज्जती बर्दाश्त न कर सका और उसने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी।

# बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य नोएडा से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिहार पुलिस ने रखा था एक लाख का इनाम

**अमृत विचार :** बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य और विगत दो वर्षों से हत्या के प्रयास, अपहरण और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देकर फरार अपराधी सुशील राय को मंगलवार को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया है।

बिहार पुलिस ने सुशील राय पर एक लाख का इनाम रखा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नोएडा के नोली थाने में रखा गया है। बिहार पुलिस द्वारा सहयोग मांगे जाने पर एसटीएफ मुख्यालय द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम सक्रिय की गई थी। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक नवेन्दु कुमार, केशव शांडिल्य द्वारा सूचनाएं संकलित की जा रही थीं। मंगलवार को पता चला कि सुशील राय नोएडा में मौजूद है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और सुशील राय को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के मुताबिक सुशील राय की उम्र लगभग 38 साल है और वह कक्षा 10 पास है। पूछताछ में सुशील ने बताया कि वर्ष 2001 में गांव की जमीन की रंजिश को लेकर उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय एवं रामाधार राय ने अपने परिजन के साथ मिलकर कर दी थी। बदला लेने के लिए उसने रामाधार राय के ऊपर गोली चलाकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके कारण थाना तेघड़ा, जनपद बेगूसराय पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था।


## वर्ग पहेली-49

**बाएं से दाएं**

3. 1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6. 1. शक्ति
7. 1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9. 1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10. 1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5. 1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8. 1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।




**वर्ग पहेली -48 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चि |
| 2 गु | लं | 3 च | | 4 फ़ि | ग | र |
| | | 5 ला | 6 म | | | प |
| 7 सु | र | वा | ह | न | | रि |
| ले | | | ता | | | चि |
| मा | | | | 8 सा | के | त |
| 9 न | हू | स | त | | | |

## सुडोकू -128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

**सुडोकू -127 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

**वृष:** आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

**कर्क:** आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

**सिंह:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**कन्या:** आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

**तुला:** आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**वृश्चिक:** आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**धनु:** आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर:** आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ:** आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**मीन:** आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्रेम दिवाने — सुबह : 11.40
धमाल — रात : 07.11

**Sony Pix**
सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स — सुबह : 09.26
इन द हार्ट ऑफ द सी — शाम : 06.33

**&pictures**
मेरा तेरा हीरो — सुबह : 11.09
गजनी — शाम : 04.18

**Zee Cinema**
दुल्हन — सुबह : 09.10
बदलापुर — रात : 09.20

**Colors Cineplex**
राफू चक्कर — सुबह : 10.31
वन टू का फोर — रात : 08.49

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर – आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड – मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर – और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड – नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू– सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय– बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 990 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 860
**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग– 1100 डीएमओ–880 बोल्ड–1160

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 54900–55100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,150 |
| सोना रवा | 74,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

## मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 76 रुपयेमसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145–160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### डेटा खपत में जियो नं. 1 ऑपरेटर

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में नया रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है। टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है।

# कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

## रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का



निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

### कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

**नई दिल्ली।** सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3–4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी सबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

# प्रतिकूल मौसम से महंगाई बढ़ने का जोखिम

**मुंबई, एजेंसी**

प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9% हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1% रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। आरबीआई ने कहा कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं



**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति–चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण–सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा। इसके साथ अन्य संकेतकों का तालमेल बिठाने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

# महिंद्रा फाइनेंस के वाहन ऋण कारोबार में 150 करोड़ की धोखाधड़ी का चला पता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्तीय विवरण, परिणाम और लाभांश पर विचार को निदेशक मंडल की 30 मई को होगी बैठक

महिंद्रा फाइनेंस ने मंगलवार को कहा कि उसकी एक शाखा में खुदरा वाहन कर्ज में लगभग 150 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला मार्च में पता लगा था और वित्तीय नतीजों को अंतिम रूप देने के लिए निदेशक मंडल की बैठक 30 मई तक के लिए टाल दी गई है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि मार्च 2024 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय विवरण, परिणाम और लाभांश पर विचार करने के लिए निदेशक मंडल की बैठक नए सिरे से निर्धारित की गई है और अब यह 30 मई, 2024 को आयोजित की जाएगी। इससे पहले महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक मंडल की दिन में हुई बैठक में उधारी सीमा को 1.10 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.30 लाख करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी गई। एम एम निसिम एंड कंपनी और एम पी चितले एंड कंपनी को तीन साल के लिए कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त करने का भी फैसला किया गया। महिंद्रा फाइनेंस ने कहा कि 31 मार्च, 2024 को चौथी तिमाही के अंत में एक शाखा में धोखाधड़ी का पता चला। खुदरा वाहन ऋण वितरण के संबंध में केवाईसी की जालसाजी की गई जिससे कंपनी के धन का गबन हुआ। मामले में जांच अग्रिम चरण में है। धोखाधड़ी से 150 करोड़ रुपये तक का वित्तीय प्रभाव पड़ने की आशंका है।

## सोना 1,450 रुपये टूटकर 72,200 रुपये पर, चांदी 2,300 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख और व्यापारियों की मुनाफावसूली से सोने में दूसरे दिन भी गिरावट देखी गई। मंगलवार को सोना 1,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 1,450 रुपये की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये लुढ़ककर 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। इसका पिछला बंद भाव 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। यह पिछले बंद भाव से 1,450 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,310 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 55 डॉलर नीचे है।

# सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

**मंदसौर (मप्र)।** मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

### कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट–भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

### पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विस्फोट में झुलसे तीसरे मजदूर की भी मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के पटाखा कारखाने में हफ्ते भर पहले हुए विस्फोट में झुलसे मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। चोइथराम हॉस्पिटल के उप निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में झुलसे अर्जुन राठौर (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पहले मरने वालों में रोहित परमानंद और उमेश चौहान भी हैं। इंदौर शहर से 25 किलोमीटर दूर जंगल में एक खेत में चलाए जा रहे कारखाने में 16 अप्रैल को रस्सी बम बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कारखाने में एक बार में केवल 15 किलोग्राम बारूद रखने की मंजूरी थी, लेकिन वहां काफी मात्रा में बारूद था। कारखाने का संचालक मोहम्मद शाकिर खान फरार था जिसे इंदौर से 17 अप्रैल को पकड़ा गया था।

# लोगों का धन अपने खास में बांटने की कांग्रेस ने रची साजिश: मोदी

## दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण खत्म नहीं होने दिया जाएगा

**जयपुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मुसलमानों को देना चाहती थी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस केंद्र में आई तो उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर मुसलमानों को देने का प्रयास था। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता से वो ऐसा नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

### कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है



**सक्ती (छत्तीसगढ़)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर–चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

## नीतेश, गीता के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे।

सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने कोर्ट से कहा कि प्रारंभिक पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर में रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है। जैन पर मीरा भायंदर में एक रैली में नफरत भरा भाषण देने का आरोप है।

# उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भ्रष्टाचार का मामला**

- विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस
- तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

### कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली/बेंगलुरु। ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन–देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

# ड्रेस कोड के खिलाफ हिजाब की अनुमति होनी चाहिए: कुलपति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा है कि भारत में धर्म, भाषा और ड्रेस कोड में एकरूपता कारगर नहीं है और अगर कोई छात्रा हिजाब पहनना चाहती है, तो यह उसकी पसंद है और उसे इसकी अनुमति मिलनी चाहिए।

पंडित ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करना चाहिए और जो छात्राएं हिजाब पहनना चाहती हैं, उन्हें इसकी अनुमति देनी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में ड्रेस कोड पर उनके विचार पूछे जाने पर कुलपति ने कहा कि यह एक व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए। मैं ड्रेस कोड के खिलाफ हूं। मुझे लगता है कि खुलापन होना चाहिए। अगर कोई हिजाब पहनना चाहता है, तो यह उसकी पसंद है और अगर कोई इसे नहीं पहनना चाहता है, तो उसे मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पंडित ने कहा कि जेएनयू में लोग शॉर्ट्स पहनते हैं तो कुछ लोग पारंपरिक परिधान। ये उनकी पसंद का मामला है। जब तक वे मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं करते, मुझे कोई




- जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा- मैं ड्रेस कोड के खिलाफ हूं

समस्या नहीं है।

कर्नाटक में 2022 में हिजाब विवाद सामने आया था जब उडुपी के एक सरकारी स्नातकोत्तर कॉलेज की छह छात्राओं ने निर्धारित परिधान से हटकर हिजाब पहनकर कक्षा में भाग लिया था और उन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया था। कर्नाटक की तत्कालीन भाजपा सरकार ने शिक्षण संस्थानों के तय वेशभूषा संबंधी नियमों का पुरजोर समर्थन किया था और हिजाब को धार्मिक प्रतीक करार दिया था, वहीं उस समय कांग्रेस ने मुस्लिम छात्राओं का समर्थन किया था। कुलपति ने कहा कि खानपान और पहनावा निजी पंसद के मुद्दे हैं। संस्थानों को इन पर कोई नियम बनाना चाहिए। मैं धर्म, जाति या भाषा में एकरूपता पर सहमत नहीं हूं। एक भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए।

## भोजशाला: एएसआई ने सर्वे पूरा करने के लिए मांगा समय

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वे करने का आदेश दिया था।

# श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी परोसेने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

# मेरी मां का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ : प्रियंका गांधी

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलसूत्र संबंधी प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर मंगलवार को पलटवार किया कि उनकी मां सोनिया गांधी का मंगलूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ है। प्रियंका ने बेंगलुरु की चुनावी सभा में कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते को ऐसी बातें नहीं करते। राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को रैली में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमायी और संपत्ति 'घुसपैठियों' तथा ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है। मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। प्रियंका ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी बातें नहीं करते, क्या कांग्रेस ने किसी का सोना या मंगलसूत्र छीना? जब देश युद्ध लड़ रहा था, इंदिरा जी ने गहने देश को दे दिए थे।

## कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

**यौन उत्पीड़न का मामला**

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

## नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

> 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
> **- नोवाक जोकोविच**



## भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

**दोहा, एजेंसी**



आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

## दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

**मुकाबला आज**

दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस

समय : शाम 7:30 बजे





वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकरार रखने पर टिकी होंगी।

## खेल डायरी

### चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

**दुबई।** पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

### भारतीय एथलीट एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता के लिए तैयार

**दुबई।** प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

### आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान

**नई दिल्ली।** आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

# अदब से भेदा चेन्नई का किला


## मार्कस स्टोइनिस ने खेली नाबाद 124 रनों की पारी, लखनऊ छह विकेट से जीता

**चेन्नई, एजेंसी**

मार्कस स्टोइनिस नाबाद (124) और निकोलस पूरन (34) रनों की शानदार पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद किला कहे जाने वाले चेपोक स्टेडियम को भेद कर चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।

211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (शून्य) को विकेट गवां दिया। उन्हें दीपक चाहर ने बोल्ड आउट किया। उसके बाद कप्तान के एल राहुल 14 गेंदों में (16) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। देवदत्त पड़िक्कल (13) रन बनाकर आउट हुये। मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच 70 रनों की साझेदारी हुई। निकोलस 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रन बनाए। मार्कस स्टॉयनिस ने 63 गेंदों में 13 चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद (124) रनों की पारी खेली। दीपक हुड्डा छह गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाकर कर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना को दो विकेट मिले। दीपक चाहर और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े। छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने 60 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। वह 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हुये। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुये (66) रन बनाए। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते मार्कस स्टोइनिस। ● एजेंसी




शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ट्रैविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

**चेन्नई 210/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी | 1 | 3 | 0/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 | 60 | 12/3 |
| डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर | 11 | 10 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन | 16 | 19 | 2/0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 66 | 27 | 3/7 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 4 | 1 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

**लखनऊ 213/4** — 19 .3 ओवर, अतिरिक्त : 09

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो चाहर | 0 | 3 | 0/0 |
| लोकेश राहुल का गायकवाड़ बो रहमान | 16 | 14 | 1/1 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 124 | 63 | 13/6 |
| देवदत्त पडिक्कल बो पथिराना | 13 | 19 | 0/0 |
| निकोल्स पूरन का शारदुल बो पथिराना | 34 | 15 | 3/2 |
| दीपक हुड्डा नाबाद | 17 | 6 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, रहमान 3 .3-0-51-1, शारदुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-35-2

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

## टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

**कोलकाता, एजेंसी**



वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

### धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

### दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

## टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।



### विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

## लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।



### स्पेनिश लीगः बढ़ी मालोर्का की मुश्किलें


**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेंगे अनिल कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ' 'दे दे प्यार दे' ' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# सैन्य खर्च करने वाला भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश

*भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ोतरी के साथ 83.6 अरब डॉलर सैन्य पर खर्च हुआ है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है।*

- पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।



### भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है। साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम है।

### अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है।

### ये देश हैं सबसे बड़े खरीदार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिपोर्ट के मुताबिक भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) हथियारों का आयात करता है। वहीं, कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0 %), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%) ने खरीदा है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध प्रमुख कारण

सैन्य खर्चों के बढ़ने के मुख्य कारकों में से एक तो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध है। यूक्रेन सैन्य खर्च के आठवां देश रहा है। उसका खर्च 51 फीसदी बढ़कर 64.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## हमलों से परेशान खैबर के सीएम, आतंकियों से बात करने को तैयार

**पेशावर।** पाकिस्तान में आतंकवादियों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। भारत का पड़ोसी मुल्क प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान के साथ सार्थक बातचीत नहीं करने की अपनी इस नीति पर डटा हुआ है। हालांकि, इस बीच खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर शांति बनाए रखने के लिए खूंखार आतंकवादी समूह के साथ बातचीत करने का आह्वान किया है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान में आए दिन आतंकवादी हमले देखने को मिलते हैं। सबसे ज्यादा जिन क्षेत्रों को निशाना बनाया जा रहा है उनमें खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और पंजाब शामिल है। आतंकी हमले इस्लामाबाद और कराची तक पहुंच गए हैं।

# अमेरिका में 2 भारतीय छात्रों की सड़क हादसे में मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास आमने-सामने की टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि, मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे।

पेरिया पुलिस के अनुसार, 'स्टेट रूट- 74' के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है



कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई। उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।


## इंग्लिश चैनल पार करते समय नाव पलटी, पांच प्रवासियों की मौत

**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस से खतरनाक इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश करते समय मंगलवार को पांच प्रवासी मृत पाए गए हैं, इनमें एक बच्चा भी शामिल है। फ्रांसीसी मीडिया रिपोट के अनुसार, शव उत्तरी फ्रांस के विमेरॉक्स समुद्र तट पर पाए गए।

बता दें, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा कुछ प्रवासियों को एकतरफा टिकट पर रवांडा भेजने के नवीनतम प्रयास के कुछ ही घंटों के बाद हादसा हुआ है। मानवाधिकार समूहों ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है।

उत्तरी फ्रांस में कैलाइस के आसपास का क्षेत्र ब्रिटेन के लिए सबसे छोटी सीमा पार करने का शुरुआती बिंदु है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में सीमा पार की।

### एक नजर



### सालासर बालाजी ने जन्मदिन पर पहना 21 तोला सोने का नया चोला

**सुजानगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में तीन दिवसीय लक्खी मेले का मुख्य मेला मंगलवार शुरू हुआ है। बालाजी साल में पांच बार वस्त्र पहनते हैं। मंगलवार को अपने जन्मदिन पर 21 तोले सोने का नया चोला पहना। सोने से बना बालाजी का चोला विशेष है। चोले पर राम नाम के शब्द उकेरे गए हैं। चोले में डायमंड, नग-नगीने, चांदी व मोतियों का भी उपयोग लिया गया है।

### ओडिशा में एक करोड़ रूपये की ड्रग्स जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की ब्राउन शुगर ड्रग्स जब्त की गई है। इस मामले में ओडिशा के अंगुल जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार एक खबरी से यह जानकारी मिली थी, जिसके बाद स्पेशल टास्क फोर्स और ओडिशा पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। मौके से 1.1 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए तस्करों का नाम रकीबुल इस्लाम और बिजय बिरबर्मा बताया गया है। रकीबुल पश्चिम बंगाल का रहने वाला है, जबकि बिजय बिरबर्मा अंगुल जिले का ही रहने वाला है।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों से संबंध होने के चलते मौत के घाट उतार दिया था। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। जिसके बाद कोर्ट युवक को 20 साल की सजा सुनाई।

### हिमाचल में बर्फबारी के कारण 98 सड़कें यातायात के लिए बंद

**शिमला।** पहाड़ों पर बर्फबारी और खराब मौसम का यह सिलसिला 27 अप्रैल तक बना हुआ है। इस दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछेगी, वही माध्यम से कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। अभी भी 98 सड़कें यातायात के लिए बंद है।

# मलेशिया: प्रशिक्षण के दौरान 2 सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 क्रू की मौत

## नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के लिए कर रहे थे अभ्यास, मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकराने से 10 लोगों की मौत हो गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह घटना मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना के अभ्यास के दौरान घटी है। कई हेलीकॉप्टरों ने एक साथ उड़ान भरी थी, जिसमें से दो अचानक बहुत करीब आकर आपस में टकरा गए, हादसे में सवार चालक दल के 10 सदस्यों मौत हो गई।

मीडिया के अनुसार, नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सभी सवार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि अवशेषों को पहचान के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कई हेलीकॉप्टरों को एक संरचना में नीचे उड़ते हुए दिखाया गया है। एक विमान किनारे की ओर मुड़ गया और दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया, जिससे दोनों नीचे गिर गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने खुद को मीडिया को बताया है कि, हेलीकॉप्टरों इतने क्षतिग्रस्त हो गए थे कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका। बचावकर्मियों ने शवों को ढूंढने के लिए मलबे की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में तीन महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं।



पेराक राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के मलबे से क्रू सदस्यों को निकालते सैनिक।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने देश के दिल और आत्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नौसेना तुरंत यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि दुर्घटना का कारण क्या था। नौसेना ने कहा कि एडब्ल्यू 139 समुद्री ऑपरेशन हेलीकॉप्टर में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। उस विमान का निर्माण अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा किया गया है, जो इटेलियन डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। चालक दल के तीन अन्य सदस्य यूरोपीय बहुराष्ट्रीय रक्षा समूह एयरबस द्वारा निर्मित फेनेक हल्के हेलीकॉप्टर पर थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एडब्ल्यू139 नौसैनिक अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जबकि फेनेक पास के स्विमिंग पूल से टकरा गया।

## झामुमो संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा। उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं।

# ब्रिटेन की संसद से रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

- अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों को भेजा जाएगा रवांडा

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है।

पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है।

ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था। आखिर उसने



विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद विमान में पत्रकारों से बात करते ऋषि सुनक।

मंगलवार तड़के निर्वाचित सदन कामंस सभा की प्रधानता स्वीकार कर ली। इससे पहले सोमवार सुबह पीएम सुनक ने आश्चर्यजनक रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर लार्ड सभा से रवांडा विधेयक को न रोकने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी रवांडा विधेयक को मानवाधिकारों के विरुद्ध मानते हुए रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब ब्रिटेन खुद अफ्रीकी देश रवांडा को असुरक्षित मानता रहा है तो ऐसे में वह शरणार्थियों को वहां कैसे भेज सकता है।


# 250 किमी तक मारक क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल का हुआ परीक्षण

**बालासोर।** भारत लगातार अपनी मिसाइली ताकत को बढ़ाते हुए नए-नए किस्म के मिसाइलों का परीक्षण करता चला आ रहा है। इसी के तहत आज मंगलवार को रात करीब 7:30 बजे मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। यह मिसाइल अपने सभी मानकों पर खरी उतरी। आज के इस प्रक्षेपण को स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड के तत्वाधान में किया गया। प्रक्षेपण के दौरान कमांड की परिचालन क्षमता एकदम सटीक रही, यह नई प्रौद्योगिकिए के सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तटवर्तीय प्रक्षेपण केंद्र अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

- जल्द ही और कई अत्याधुनिक और नए किस्म के बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण भारत का डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन करने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि सुबह और दोपहर के समय मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत मुख्यत: रात के समय बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण करने में लगा है।

### पहले भी किया गया कई अत्याधुनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण

इससे पहले भी भारत कई प्रकार के अत्याधुनिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, चाहे नए किस्म के मिसाइल हो तो उनको समय की मांग के अनुसार नई-नई किस्म की एवं अत्याधुनिक साजो समान से लैस किया जाता है। यदि पुरानी मिसाइल हो चाहे वह बैलिस्टिक सीरीज की हो या फिर क्रूज सीरीज की, इन सभी मिसाइल को भी अत्याधुनिक बनाया जा रहा है।



## 80 भूकंप के झटकों से कांपा ताइवान, कई इमारतें हिलीं

**ताइपे।** ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबित, सोमवार देर रात आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 आंकी गई है।

सोमवार रात से लेकर मंगलवार तड़के तक 80 से अधिक भूकंप आए, जिसमें 6.3 तीव्रता सबसे शक्तिशाली था। कुछ भूकंपों के कारण राजधानी ताइपे की कुछ इमारतें भी हिल गई हैं। भूकंप बड़े पैमाने पर ग्रामीण पूर्वी काउंटी हुलिएन पर केंद्रित थे। इससे पहले आई रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी ताइवान के हुलिएन काउंटी के शौफेंग टाउनशिप में 9 मिनट के भीतर भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार किसी के कोई हताहत होने की सूचना नही है।

### पहली बार 4 लाख पर्यटक पहुंचे



**श्रीनगर:** ट्यूलिप गार्डन में मार्च 23 से अब तक 3,99, 138 पर्यटक पहुंच चुके हैं। इनमें 2,738 विदेशी भी हैं। अकेले ईद के अगले दिन यहां 30,600 पर्यटक पहुंचे। अभी पर्यटन का एक हफ्ता अभी और बच्चा है। यह पहली बार है जब ट्यूलिप गार्डन में 4 लाख पर्यटक पहुंचे। ● एजेंसी

## पंजाब में आतंकी गिरफ्तार, घाटी में करना चाहता था हमला

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान में बैठे आका के निर्देश पर काम को अंजाम दे रहा था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय और अशांति पैदा करने के लिए लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा गया था।

डीजीपी ने कहा कि आरोपी को पाकिस्तान में बैठे उसके आका कथित रूप से निर्देश दे रहे थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि काउंटर इंटेलिजेंस (पंजाब पुलिस), जालंधर ने सीमा पार बैठे आतंकियों द्वारा लक्षित हत्याएं करने की साजिश को नाकाम कर दिया।


**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने नए शोध में किया खुलासा, सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ विशाल ग्रह का प्रवासन

# ग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित होने में लगे 60 से 100 मिलियन वर्ष

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल के पृथ्वी समेत अन्य ग्रहों को अपनी ऑर्बिट बनाने में 60-100 मिलियन वर्षों का समय लगा। इन्हें एक स्थान में स्थापित करने में बड़ी भूमिका विशाल ग्रहों की रही। नए शोध के बाद यह रोचक जानकारी सामने आई है।

वैज्ञानिकों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारे सौर मंडल में प्राकृतिक स्थिरता कैसे आई। यह हम जानते हैं कि ग्रहों के निर्माण के साथ सौर मंडल कैसे अस्तित्व में आया। मगर इनको अपनी ऑर्बिट में स्थापित होने के बारे में हमारी जानकारी आज भी अधूरी है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में शोधकर,



हमारे सौर मंडल के गठन की प्रतीकात्मक तस्वीर।

इस रहस्य से पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल में करोड़ों वर्ष पहले जो कुछ हुआ, उसे सुलझाना चुनौतीपूर्ण है। मगर इतना जरूर है कि ग्रहों को प्राकृतिक स्थिरता की तलाश में बेतहाशा अलग-अलग द्रव्यमान वाली लाखों वस्तुएं, अरबों वर्षों तक परस्पर क्रिया करती रहीं। विशाल ग्रहों का प्रवास भी इस प्रक्रिया में शामिल रहा है।

शोध से पता चलता है कि विशाल ग्रह का प्रवासन सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ।

ग्रहों का प्रवास एक सुस्थापित विचार है। ग्रैंड-टैक परिकल्पना के अनुसार बृहस्पति पहले 3.5 खगोलीय इकाई एयू की दूरी मे स्थापित हुआ। इसके बाद 1.5 एयू तक अंदर की ओर चला गया।

और फिर से 5.2 एयू पर वापस चला गया और यहीं पर प्राकृतिक अवस्था में स्थिर हो गया। शनि ग्रह भी इसी तरह से एक स्थान पर स्थापित होकर, अपनी कक्षा में चक्कर लगाने लगा। लीसेस्टर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध डॉ. क्रिसा एवडेलिडौ के नेतृत्व में किया गया। डॉ. एवडेलिडौ के अनुसार हमारे ग्रहों की कक्षाएँ गतिशील प्रक्रियाओं के कारण अस्थिर हो गईं और फिर उन्होंने अपनी अंतिम स्थिति ले ली। जैसा कि हम आज देखते हैं।

### जटिल सुंदर पहेली है सौर मंडल का अतीत

शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि सौर मंडल का इतिहास एक जटिल सुंदर पहेली है। जिसे समझ पाना आसान नही है। नए शोध से इस बारे में तथ्यात्मक जानकारी मिलती है। पृथ्वी पर जीवन का उद्भव कैसे हुआ, यह बेहद रोचक है। मगर इस ग्रह पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को हम सबको स्वीकार कर पृथ्वी के वातावरण को शुद्ध रखना होगा।

## समुद्री चुनौतियों से निपटने को सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ओमान

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल की अध्यक्षता में हुई।

# कर्नाटक सरकार का हुक्का बार प्रतिबंध का फैसला सही

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- हुक्का सिगरेट से कम खतरनाक नहीं इससे फैलती हैं कई बीमारियां

**बेंगलुरू, एजेंसी**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के हुक्का बार पर प्रतिबंध जारी रखने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि हुक्का भी सिगरेट जितना ही खतरनाक है। सिगरेट पर तो दुनिया भर में किसी न किसी तरह का प्रतिबंध है, लेकिन हुक्का पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

जहां सिगरेट-शराब पर चेतावनी लिखी होती है, वहीं हुक्के पर कोई चेतावनी तक नहीं होती। यह मान्यता है कि हुक्का ज्यादा नुकसान नहीं करता। कोर्ट ने कहा- यही वजह है कि हुक्का बार धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा- हुक्का में भी वहीं हानिकारक तत्व हैं, जो सिगरेट में हैं। दोनों में तंबाकू होता है। कई अध्ययनों में यह साफ है कि हुक्का से भी फेफड़ों का कैंसर



हो सकता है। यहां तक कि हुक्का सिगरेट से ज्यादा खतरनाक है क्योंकि हुक्के का एक सत्र करीब 1 घंटे का चलता है, जिसमें 200 पफ लेते हैं। यह 100 सिगरेट पीने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि हुक्का पीने से हेपेटा इटिस और अल्सर जैसी बीमारियां हो रही हैं, क्योंकि हुक्का समूह में पीते हैं और एक-दूसरे को देते जाते हैं। ऐसा करने से सफाई का ध्यान नहीं रखा जा पाता और बीमारियां एक से दूसरे में फैलती हैं।